राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 13 मई 2025

वर्ष 06, अंक 224, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया


www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बस्ती जनपद में ग्राम पंचायत बड़ोसर में जमकर किया जा रहा मनरेगा फर्जीवाड़ा....03

गोवर्धन तहसील में भृष्टाचार चरम पर, बुजुर्ग दंपति न्याय के लिए भटक रहे हैं ....12

# सेना कमांडरों के पास भविष्य में संघर्ष विराम उल्लंघन का मुक़ाबला करने का पूर्ण अधिकार- सेना



**नई दिल्ली-** पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी करके और रात भर भारतीय क्षेत्र में ड्रोन भेजकर शनिवार को संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करने के बाद सेना ने रविवार (11 मई) को कहा कि भारत रावलपिंडी के साथ भविष्य के उकसावे का 'उग्र और दंडात्मक रूप से' जवाब देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सेना ने यह भी कहा कि उसने कुछ पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया है, लेकिन इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने कोई विमान खोया है या नहीं। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, एयर मार्शल एके भारती, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और मेजर जनरल एसएस शारदा द्वारा आयोजित ब्रीफिंग के दौरान यह भी बताया गया कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन के दौरान पांच कर्मियों को खो दिया और पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर आर्टिलरी और छोटे हथियारों की गोलीबारी में 35 से 40 कर्मियों को खो दिया है।

**मारे गए आतंकवादी**

ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सैन्य कार्रवाइयों का विस्तृत विवरण दिया गया, जिसे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, के जवाब में 7 मई को शुरू किया गया था। इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया. लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें 1999 के आईसी 814 अपहरण और 2019 के पुलवामा हमले से जुड़े लोग भी शामिल थे. इनमें यूसुफ अज़हर, अब्दुल मलिक राल और मुदासिर अहमद शामिल थे।

वाइस एडमिरल प्रमोद ने कहा कि नौसेना ने पहलगाम के बाद अपने युद्धक विमानवाहक समूह, पनडुब्बियों और निगरानी परिसंपत्तियों को युद्ध के लिए तैयार स्थिति में तैनात कर दिया था और एक समय पर वह कराची सहित समुद्र और जमीन पर 'चुनिंदा लक्ष्यों' पर 'अपनी पसंद के समय' हमला करने की स्थिति में थी। उन्होंने कहा कि नौसेना की मौजूदगी ने पाकिस्तान को युद्ध विराम की मांग करने में मदद की, जिसका प्रस्ताव उनके अनुसार शनिवार को हॉटलाइन कॉल में पाकिस्तानी सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) द्वारा किया गया था।

ज्ञात हो कि युद्ध विराम पर शनिवार दोपहर को सहमति हुई तथा यह उसी दिन शाम 5 बजे से लागू होना था। हालांकि, लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि शनिवार शाम से उल्लंघन शुरू हुआ, जिसमें ड्रोन घुसपैठ और नियंत्रण रेखा पर ताजा गोलीबारी शामिल थी, और यह रविवार सुबह तक जारी रहा।

**भारत का विरोध दर्ज कराने के लिए रविवार सुबह दूसरी हॉटलाइन पर बातचीत शुरू की गई।**

लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि बातचीत के दौरान भारत ने अपनी 'दृढ़ और स्पष्ट मंशा व्यक्त की कि यदि आज रात या बाद में ये (उल्लंघन) दोहराए गए तो वे इनका उग्र और दंडात्मक तरीके से जवाब देंगे। ' उन्होंने कहा कि थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज ही भारतीय सेना के कमांडरों को पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की स्थिति में 'गतिज क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए' 'पूर्ण अधिकार' प्रदान किए हैं।

**'नुकसान युद्ध का हिस्सा'**

जब एयर मार्शल भारती से पूछा गया कि भारतीय सेना ने कितने पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया है, तो उन्होंने कहा कि भारत ने निश्चित रूप से कुछ विमानों को मार गिराया है, लेकिन उन्होंने अनुमान लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैंने कहा उनके विमानों को हमारी सीमा में आने से रोक दिया गया. इसलिए हमारे पास मलबा नहीं है।' उन्होंने से यह भी पूछा गया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव के दौरान सशस्त्र बलों ने कितनी संपत्ति खोई, जबकि इस्लामाबाद ने दावा किया था कि उसने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। उन्होंने जवाब दिया कि 'हम युद्ध की स्थिति में हैं और नुकसान युद्ध का एक हिस्सा है.' लेकिन उन्होंने कोई भी विवरण देने से इनकार कर दिया और कहा कि ऐसा करना पाकिस्तान के लिए फायदेमंद होगा।

**एयर मार्शल भारती ने कहा,** 'आप हमसे जो सवाल पूछें - और वास्तव में हमें खुद से भी पूछना चाहिए, आप सभी को शामिल करते हुए - वह यह है कि 'क्या हमने उनके आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है.' इसका उत्तर एक दमदार हां है. और इसके परिणाम पूरी दुनिया देख सकती है.'उन्होंने कहा कि 'हमारे सभी पायलट घर वापस आ गए हैं।' इस्लामाबाद के दावे के बीच अंतरराष्ट्रीय मीडिया में खुफिया सूत्रों के हवाले से अटकलें और रिपोर्ट्स आई हैं कि एक या एक से अधिक भारतीय रफाल लड़ाकू विमान गिराए गए हैं।

**'नागरिक नहीं थे निशाना'**

एयर मार्शल भारती ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना के अभियानों के बारे में भी विस्तार से बताया. उन्होंने बताया कि लक्ष्य पर हमला करने के लिए हवा से जमीन पर सटीक निशाना लगाने वाले निर्देशित हथियारों का इस्तेमाल किया गया ताकि किसी तरह की क्षति से बचा जा सके। उन्होंने कहा, 'हमारी प्रतिक्रिया केवल सैन्य प्रतिष्ठानों पर थी, ताकि नागरिक और अन्य क्षति से बचा जा सके।'

वायु सेना ने हमले के फुटेज प्रस्तुत किए, जिनमें प्रशिक्षण परिसरों, रडार स्थलों और हवाई क्षेत्रों को हुए नुकसान को दिखाया गया है।

भारती ने कहा कि 7 मई से शुरू हुई पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ के जवाब में भारतीय वायु रक्षा बलों ने नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों के ऊपर कई मानव रहित हवाई वाहनों को रोका. उन्होंने कहा, 'उनमें से कुछ विमान उतरने में सफल रहे, हालांकि उनसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ.' उन्होंने कहा कि भारत ने 7 मई को आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमले के बाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय नागरिकों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने के जवाब में लाहौर और गुजरांवाला के निकट पाकिस्तानी रडार इंस्टालेशन पर भी हमले किए। भारत और पाकिस्तान के बीच सोमवार को सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की वार्ता पुनः शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें सतत युद्धविराम के तौर-तरीकों पर चर्चा की जाएगी. इससे पहले सरकारी सूत्रों ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम लागू होने के बावजूद ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा. सूत्रों ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, हम नई सामान्य स्थिति में हैं. दुनिया को इसे स्वीकार करना होगा. पाकिस्तान को भी इसे स्वीकार करना होगा. यह हमेशा की तरह नहीं चल सकता। '

# पहलगाम हमले की जवाबदेही तय होनी चाहिए, क्या गृह मंत्री इस्तीफा देंगेः भूपेश बघेल

स्वतंत्र प्रभात



कांग्रेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की 'मध्यस्थता' को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए और कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या उसने द्विपक्षीय मामले में तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार कर लिया है? कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार और प्रशासन के स्तर पर जवाबदेही तय करने की मांग की और सवाल किया कि क्या गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा देंगे? उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की 'मध्यस्थता' को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए और कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या उसने द्विपक्षीय मामले में तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप स्वीकार कर लिया है? उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे घटनाक्रम पर सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति साफ करनी चाहिए और सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री को अवश्य शामिल होना चाहिए।

भूपेश बघेल ने कहा, ''पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी वीर सेना ने संकल्प और साहस के साथ दुश्मनों को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया, वह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का पल था। हमारे जवानों ने अनेक युद्धों में भारत की अखंडता की रक्षा की। 1971 के बाद इंदिरा गांधी ने दुनिया को दिखा दिया था कि भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। आज भी हमारी सेना उसी जज़्बे के साथ सीमा पर डटी हुई है। कांग्रेस पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।''

उन्होंने कहा, ''जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस पार्टी ने राजनीति को पीछे रखा और देशहित को प्रथम स्थान दिया। 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर देश को एक सूत्र में बांधा। 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के दबाव को ठुकराकर पाकिस्तान को धूल चटा दी।'' बघेल ने कहा, ''आज भी हमारा वही संकल्प है। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में राजनीति नहीं, राष्ट्रवाद चाहिए। हमने उनसे सीखा है कि दुश्मन के साथ बातचीत की मेज पर बैठें तो कमजोरी नहीं, ताकत दिखाएं।' उन्होंने कहा, ''इस संकट की घड़ी में कांग्रेस ने अपने राजनीतिक कार्यक्रम रद्द किए। 'संविधान बचाओ रैली' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को स्थगित किया गया ताकि देश में एकजुटता का संदेश जाए। हमने 'जय हिंद यात्रा' निकाली ताकि सेना का मनोबल बढ़े और जनता आतंकवाद के ख़िलाफ़ एकजुट हो। हमने सरकार से कहा कि कितना भी बड़ा संकट आए, कांग्रेस आपके साथ है।'।

भूपेश बघेल ने दावा किया कि लेकिन जब पूरा देश सेना के साथ खड़ा था तो बीजेपी के नेता ट्विटर पर बीजेपी और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की तुलना कर इसे राजनीतिक रंग दे रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या सेना के बलिदान को चुनावी बयानबाजी में इस्तेमाल करना उचित है?

बघेल ने यह भी कहा, ''अमेरिका के राष्ट्रपति ने अचानक संघर्षविराम की घोषणा की, क्या यह भारत सरकार की कूटनीतिक नाकामी नहीं है? क्या भारत ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार कर लिया है? क्या शिमला समझौता अब रद्द हो गया है? हमने संघर्षविराम में पाकिस्तान से क्या वादे लिए हैं, देश के लोगों को यह भी जानने का हक है।''

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद के विशेष सत्र की मांग की है, जिसमें सभी दलों को बताया जाए कि युद्ध विराम की क्या शर्तें हैं। बघेल ने कहा कि सरकार एक सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाए ताकि सारी स्थिति साफ हो सके। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई दो सर्वदलीय बैठकों में नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा, ''जब सरकार ने चूक मान ली है तो किसकी जिम्मेदारी तय की जा रही है? क्या गृह मंत्री इस्तीफा दे रहे हैं?'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''26 लोगों की जान गई है। अगर आप कार्रवाई नहीं करेंगे तो आने वाले समय में ऐसी घटनाओं के लिए किसी को जवाबदेह ठहराया नहीं जाएगा।'' बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''आतंकवाद को समाप्त करने के लिए यह जंग छिड़ी थी। पीओके पर हमें कब्जा करना चाहिए, देश का मूड यही था। सब चाहते थे कि बदला लेने का यह अच्छा अवसर है। 1994 में संसद से प्रस्ताव पारित हुआ है और देश ने माना है कि पीओके हमारा है... यह (मध्यस्थता) हम लोगों के लिए दुखद है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हण्डिया पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार पीड़िता बरामद



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-258/25 धारा-137(2)/87 भा0न्या0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त शनि सरोज पुत्र कुल्लु सरोज निवासी ग्राम बजहाँ मिश्रान थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-12.05.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत सैदाबाद बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता को सकुशल बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### अवैध पेड़ कटाई पर वन विभाग सख्त रात भर चला चेकिंग अभियान, लकड़ी से भरे कई ट्रक पकड़े



**सीतापुर** अवैध वृक्ष कटान की शिकायतों पर वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में लहरपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। केशरीगंज, लहरपुर और अन्य संवेदनशील मार्गों पर रात भर चेकिंग की गई पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस और वन विभाग की टीमें सक्रिय रहीं आरा मशीनों की निगरानी की गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक हरगांव, केशरीगंज और तंबौर मार्गों पर चेकिंग की गई इस दौरान लकड़ी से भरे वाहनों की आवाजाही नहीं मिली बहराइच और सोनभद्र से आए कुछ ट्रकों में छूट वाली लकड़ी मिली जिन्हें जब्त किया गया वन विभाग ने चेतावनी दी है। कि हरित पेड़ों की कटाई में शामिल लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी कमीशन लेकर अवैध कटान को संरक्षण देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी विभाग ने स्पष्ट किया है कि लापरवाह कर्मचारियों को भी नहीं बख्शा जाएगा!!

# क्या जांच तक ही सीमित रहेगा स्वास्थ्य विभाग में हुआ 100 करोड़ का घोटाला

● जिलाधिकारी ने 100 करोड़ घोटाले की की थी पुष्टि शासन को भेजी थी रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/**पूरे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बना शाहजहांपुर जनपद का स्वास्थ्य विभाग और विभाग में हुए घोटाली की चर्चा अब क्या फाइलों में दफन हो जाएगी इसकी चर्चा अब शाहजहांपुर जनपद में जोर-जोर से हो रही है शाहजहांपुर जनपद में मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह और जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई जांच में करीब 100 करोड रुपए घोटाले का मामला सामने आया था जिसमें जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खुद मीडिया के सामने आकर स्वास्थ्य विभाग में लगभग 100 करोड रुपए घोटाले की पुष्टि की थी और इसकी जांच रिपोर्ट भी शासन को भेज दी थी लेकिन इस जांच को हुए करीब एक माह बीत चुका है लेकिन अभी तक विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है यहां तक एक माह बीत जाने के बावजूद कार्रवाई न होने के कारण अब जनपद में चर्चा शुरू हो गई है क्या स्वास्थ्य विभाग में हुए 100 करोड रुपए का मामला फाइलों में दफन हो जाएगा या फिर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कार्रवाई भी होगी फिलहाल स्वास्थ्य विभाग में ही नहीं इस समय जनपद के कृषि विभाग में भी एक बड़े घोटाले की चर्चा हो रही जिसमें कृषि विभाग के पंकज बाबू ने नकली खाद बीज बेचकर किसानों से खूब लूट की है और इस मामले में सत्ताधारी एक विधायक की पत्नी का भी नाम सामने आया बताया गया कि कृषि विभाग के बाबू ने जिस फर्म से किसानों को नकली खाद बीज बेचकर घोटाला किया है उस कंपनी में विधायक की पत्नी भी शामिल है बड़े-बड़े चैनलों पर यह खबर सुर्खियों में रही लेकिन अभी तक इस मामले में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिसके चलते अब इन घोटालों पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग के जांच रिपोर्ट में आरोपी अपनी अपनी सीट पर आज भी विराजमान है और दबी जुबान कह रहे हैं शाहजहांपुर जनपद में जिस घोटाले की बात हो रही है अगर पूरे उत्तर प्रदेश में जांच की जाए तो वैसा घोटाला पूरे उत्तर प्रदेश में हुआ है मतलब साफ है जांच के दौरान अपनी-अपनी सीट पर जमे अधिकारी और जिम्मेदार कर्मचारियों जांच को प्रभावित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के घोटाले के आरोपी अपने आप को बचाने के लिए नीचे से ऊपर तक चक्कर लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में जुटे हुए हैं।

## दो शातिर लुटेरे माल सहित पकड़े

**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लुटे हुए दो मोबाइल, एक बैंग, एक एटीएम व 2100 रुपयों के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामद की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये लुटेरे शातिर किस्म के अपराधी है और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले विचाराधीन हैं। स्वॉट नगर व थाना सासनीगेट पुलिस टीम द्वारा जीशान उर्फ हूसा पुत्र मोहम्मद ताज उर्फ ताजूद्दीन निवासी जंगलगढी एडीए कालोनी शान्ति निकेतन थाना देहलीगेट, सोहैल उर्फ पापी पुत्र सलीम नि0 मस्जिद मसूदा नगर शाहजामाल थाना देहली गेट को छीने हुए दो मोबाइल व छिनैती मे प्रयुक्त की गयी मोटरसाईकिल पल्सर काली रंग व 2100 रूपये नगद व एक अदद यूको बैंक एटीएम कार्ड व लाल काला पिठ्ठू बैग व एक अदद काला पर्स के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# मर गई ममता! कलयुगी मां ने प्रेमी के साथ मिलकर की बेटे की हत्या



स्वतंत्र प्रभात

गुवाहाटी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक 10 वर्षीय बच्चे की उसकी मां के प्रेमी द्वारा कथित तौर पर हत्या कर दी गई है. पुलिस ने बच्चे के शव को एक सूटकेस में भरकर झाड़ियों के पास फेंके जाने के बाद बरामद किया है. मृतक नवोदय जातीय विद्यालय का पांचवीं कक्षा का छात्र था. इस मामले ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। डीसीपी (गुवाहाटी ईस्ट) मृणाल डेका ने बताया शनिवार को, एक महिला ने पुलिस में अपने 10 वर्षीय बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई. महिला ने बताया कि उसका बेटा ट्यूशन के लिए गया था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा. पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर तुरंत जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि महिला अपने पति से अलग हो चुकी है और जीतूमोनी हलोई नामक एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में है. पुलिस को संदेह हुआ और उन्होंने जीतूमोनी हलोई से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान, जीतूमोनी ने अपराध कबूल कर लिया. उसने बताया कि उसने बच्चे की हत्या कर दी थी और शव को एक सूटकेस में भरकर गुवाहाटी में एक झाड़ी के पास फेंक दिया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जीतूमोनी हलोई को गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही, महिला को भी हिरासत में लिया गया है और हत्या में उसकी संभावित भूमिका के बारे में उससे पूछताछ की जा रही है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या महिला इस अपराध में शामिल थी या नहीं।

# एसडीएम के आदेश पर ग्राम समाज की जमीन से हटाया गए अवैध कब्जा




स्वतंत्र प्रभात

**निघासन-खीरी।** बम्हनपुर गांव में दबंगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से घूरा डालकर कब्जा किए जाने की शिकायत पर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कड़ा रुख अपनाया।ग्रामवासियों की शिकायत पर एसडीएम निघासन के निर्देश पर ग्राम प्रधान ने घूरा हटवाकर लोगों को राहत की सांस लेने का अवसर दिया। मामला मझगई थाना क्षेत्र के बम्हनपुर गांव का है, जहां दौलतापुर रोड पर स्थित एक प्राचीन कुएं को हिंदू समुदाय के लोग शादी-ब्याह आदि धार्मिक अवसरों पर पूजते हैं। उक्त कुएं तक जाने वाले रास्ते पर कुछ दबंगों ने घूरा डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम निघासन से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम राजीव निगम ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर रास्ते से घूरा हटवाया। घूरा हटने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। शिकायत करने वालों में रईस, नौशाद, मुश्रू, संतोष कुमार, अनूप कुमार, यूनिवर्सिटी, रमाकांत दीक्षित आदि लोग शामिल रहे। स्थिति को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंचे दरोगा शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# सोती हुई 5 साल की बच्ची को उठा ले गया दरिंदा, मानवता फिर हुई शर्मसार

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले से एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक दरिंदे ने मासूम बचपन को कुचलने की घिनौनी कोशिश की। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में पांच साल की मासूम बच्ची अपने घर में सो रही थी। तभी एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया और उसके साथ अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया।सुबह जब बच्ची को घर वापस लाया गया और मां ने उसकी हालत देखी, तो उनके होश उड़ गए। बच्ची के शरीर और निजी अंगों से खून निकलता देख मां घबरा गई और बिना देर किए उसे स्थानीय महिला अस्पताल लेकर पहुंची।अस्पताल प्रशासन की सूचना पर तत्काल पुलिस टीमें भी महिला अस्पताल पहुंचीं और पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्ची को प्रथम उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण त्रिपाठी भी पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुबह लगभग 9:00 पीड़िता की मां ने 112 पर फोन कर बताया। पूछताछ पर पिता की माने बताया कि वह लोग रोजाना बाहर सोते हैं, आज सुबह 4:00 तक बच्ची उसके पास थी उसके बाद जब 5:00 बजे वह उठी तो देखा बच्ची वहां नहीं थी। उसने बताया कि कुछ समय बाद वह बच्ची आई और दर्द की शिकायत की उसे पर उसने देखा और बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधि कार्यवाही कर रही है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि समाज की उस मानसिकता पर भी गहरा आघात करती है, जो मासूम बचपन को भी नहीं बख्शती। पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है, वहीं क्षेत्रीय लोग आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## धनगर समाज की अनदेखी पर सरकार की अलोचना

**अलीगढ़।** धनगर/गड़ेरिया समाज के समाजसेवियों बुद्धिजीवियों की बैठक लक्ष्मी धनगर, राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ एवं जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी की अध्यक्षता में धनीपुर स्थित उनके ही निवास पर हुई। जिसमें धनगर/गड़ेरिया समाज के अनेकों प्रमुख समाजसेवी, बुद्धिजीवी शामिल हुए। इस बैठक के दौरान धनगर/गड़ेरिया समाज की राजनीतिक व सामाजिक हालातों के साथ साथ राज्य स्तरीय सामाजिक समस्याओं पर भी बड़ी गंभीरता के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं के द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर के लिये भारतीय सेना और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और पराक्रम की सराहना की गई। "धनगर" अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र न बनाये जाने एवं धनगर समाज को संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के लिये भाजपा की प्रदेश सरकार की आलोचना एवं गहरा रोष प्रकट किया गया कार्यक्रम में सुरेश धनगर, जयराम सिंह, इन्द्रपाल सिंह, गजेन्द्रपाल सिंह, राकेश सिंह, डा अजय धनगर, वीरी सिंह बघेल, मुकेश धनगर, ब्रजेश रौतेला एड, भानु प्रकाश सैनी, मुनेश धनगर, अरमान खान, ज्ञान सिंह बघेल, मोरमुकुट, सनी बघेल, विकास धनगर, राजपाल सिंह एड इत्यादि उपस्थित थे।

# बस्ती जनपद में ग्राम पंचायत बड़ोसर में जमकर किया जा रहा मनरेगा फर्जीवाड़ा

**● सचिव पंकज सिंह और टी ए राज नरायन चौधरी के कमीशनबाजी से दम तोड़ रहा मनरेगा कार्य- विकास कार्यो में वित्तीय अनिमियतता के कारण सचिव पंकज सिंह पूर्व में कई बार हो चुके है निलंबित- सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिलेके विकासखंड कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोसर में मनरेगा कार्य के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है जिसमें सचिव पंकज सिंह एवं टी ए/जे ई राज नारायन चौधरी अहम भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितता के कारण सचिव पंकज सिंह कई बार निलंबित हो चुके हैं लेकिन ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार को बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। टी ए/जे ई राज नरायन चौधरी पूर्व प्रधानी काल में सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में बर्खास्त हो चुके हैं अर्थात् टी ए राज नरायन चौधरी की वित्तीय अनियमितता के कारण जिलाधिकारी द्वारा सेवा समाप्ति की जा चुकी है लेकिन टी ए राज नरायन चौधरी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो में फर्जीवाड़ा करने में नही चूकते हैं। आपको बता दें कि विकासखंड कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोसर में मनरेगा योजना जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से दम तोड़ रही हैं।सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत बड़ोसर में 364 मनरेगा मजदूरों का ऑनलाइन मस्टर रोल जारी है जिसमें 11 साइडों के नाम पर फर्जी मस्टर रोल जारी है। 11 मनरेगा साइडों में 03 पीएम आवास की मनरेगा मजदूरों का मस्टर रोल जारी है। ग्राम प्रधान मनीष चौधरी प्रधान संघ कप्तानगंज के ब्लाक अध्यक्ष है जो खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज के सहयोग से विकास कार्यों में जमकर लूट-खसोट किया जाता है यदि खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान मनीष चौधरी के कार्यों में हस्तक्षेप किया जाता है तो खण्ड विकास अधिकारी के खिलाफ तरह- तरह का आरोप लगाकर धरना प्रदर्शन किया जाता है ।फर्जी सूची जारी 364 मनरेगा मजदूरों का ऑनलाइन मस्टर रोल के फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ोसर में किस साइड पर कहां- कहां मनरेगा कार्य चल रहा है मात्र ग्राम प्रधान मनीष चौधरी, सचिव पंकज सिंह व टी ए राज नरायन चौधरी को पता है । ग्राम पंचायत में किसी भी सदस्य को नही पता है। ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यो को ज्यादातर कागजों में पूर्ण किया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि पूर्व में हुए विकास कार्यो की निष्पक्ष जांच हो जाएं तो जिम्मेदार अधिकारी जेल की हवा खाएंगे लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर ग्राम प्रधान से दुरंभि संधि करके मनचाहा सुविधा शुल्क लेकर मामले में लीपापोती कर रफा दफा कर देते हैं। उक्त प्रकरण में डी सी मनरेगा संजय शर्मा ने कहा कि जांच कर कारवाई की जाएगी।



# बस्ती में पलटी बीयर से भरी ऑटो, बोतलें लूटने उमड़ी भीड़, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**● तेज रफ्तार में दौड़ रही ऑटो का संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क किनारे पलट गई, जिससे दर्जनों बीयर की बोतलें बिखर गईं**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़घाट चौराहे पर सोमवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब बीयर से भरी एक ऑटो अचानक पलट गई। तेज रफ्तार में दौड़ रही ऑटो का संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क किनारे पलट गई, जिससे दर्जनों बीयर की बोतलें बिखर गईं। हादसे के बाद चौराहे पर भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ स्थानीय लोग बोतलें उठाने में जुट गए, वहीं कुछ ने इस घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी शेयर कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को हटाया और बीयर से लदी ऑटो को कब्जे में ले लिया।

पुलिस का कहना है कि हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बीयर के क्रेट एक लाइसेंसधारी विक्रेता के लिए ले जाए जा रहे थे। पुलिस दस्तावेजों की जांच कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिवहन पूरी तरह वैध था या नहीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक वाहन को बहुत तेज रफ्तार में चला रहा था, जिससे उसका नियंत्रण बिगड़ गया और ऑटो पलट गई। पुलिस अब इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि चालक के पास वैध परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस था या नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर एएनएम अनीता,सीता वर्मा एवं सरिता पाण्डेय को संस्था प्रबंधक ने दी शुभकामनाएं



**शुकुलबाजार अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज मे अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एवं प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन,उत्साहवर्धन तथा सहयोग से सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक ग्राम पंचायत भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी.के.तिवारी ने अन्तरार्ष्ट्रीय नर्स दिवस पर चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे महत्वपूर्ण योगदान देने वाली नर्सो के प्रोत्साहन के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर भटमऊ फुंदनपुर पहुंचकर एएनएम अनीता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुलबाजार पहुंचकर एएनएम सीता वर्मा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर दारानगर शुकुलबाजार पहुंचकर एएनएम सरिता पाण्डेय से मुलाकात कर उन सभी से चिकित्सा संबंधी सेवाओं के बारे मे चर्चा की एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान देने हेतु उन्हे बतौर संस्था प्रबंधक प्रशस्ति पत्र एवं पेन भेंटकर अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की वहीं एएनएम अनीता,सीता वर्मा एवं सरिता पाण्डेय ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया।

### आत्म सुरक्षा के लिए लगेगा आत्म रक्षा कवच प्रशिक्षण शिविर



शिविर के बारे में जानकारी देते मंहत योगी कौशल नाथ व अन्य

**अलीगढ़।** महंत योगी कौशल नाथ महाराज के सानिध्य में राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट द्वारा अचल ताल स्थित गिलहराज हनुमान मंदिर परिसर में महिलाओं, बहनों, छात्रों, छात्राओं की आत्म सुरक्षा के लिए आत्म रक्षा कवच ग्रीष्मकालीन निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महंत योगी कौशल नाथ महाराज ने बताया कि शिविर में महिलाओं को आत्म सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए तलवार चलाना, ताइक्वांडो, दंड चलाना, निशान लगाना व डांस कलाओं का प्रशिक्षण योग्य अध्यापिकाओं द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा व प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता गुण जरूर सीखने चाहिए,योग्य अध्यापिकाओं द्वारा सभी को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु रजिस्ट्रेशन फॉर्म श्री गिलहराज मंदिर परिसर, राधे राधे कॉस्मेटिक सब्जी मंडी जयगंज व सभी प्रशिक्षक केंद्रों पर प्राप्त हो जाएंगे।इस अवसर पर प्रशिक्षिका लक्ष्मी शर्मा,कु. नूपुर,कृतिका शर्मा आदि मौजूद रही।

### बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर आर्या पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा बुद्ध के संदेश को किया गया याद



**कौशाम्बी।** जनपद के आर्या पब्लिक स्कूल घना का पुरा,भड़ेसर,मंझनपुर में बुद्ध पूर्णिमा पर्व के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के मैनेजर ऋषि कुशवाहा व प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह यादव ने विद्यालय प्रांगण में महात्मा बुद्ध की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात सभी शिक्षकों व स्टाफ ने महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शो को याद किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह यादव ने बताया की किस प्रकार से एक राजकुमार ने राजमहल से बुद्ध बनने तक का सफर तय किया। स्कूल के अध्यापक राजेन्द्र मिश्रा ने राजकुमार सिद्धार्थ के जीवन की जो तीन सच्चाई देखी उसका वर्णन किया, अन्य शिक्षकों ने भी महात्मा बुद्ध पर अपने-अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के अन्त में बुद्धम शरणम गच्छामि का जय घोष किया गया। और सभी स्टाफ कर्मचारी व शिक्षकों को लड्डू आदि मिष्ठान का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर राजेन्द्र मिश्रा, सरिता कुशवाहा तथा अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व स्टाफ मौजूद रहे।

# समाजवादियों ने किया महात्मा बुद्ध को नमन्, गोष्ठी में उपदेशों पर चर्चा



**● युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे महात्माबुद्ध के विचार- महेन्द्रनाथ यादव**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिले में सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा के दिन महात्माबुद्ध के संदेश पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में किया गया। महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि आज जब दुनियां चौतरफा युद्ध का आमना- सामना कर रही है। महात्मा बुद्ध के विचार को जीवन में उतारकर हम शांति, प्रेम, भाईचारा स्थापित कर सकते हैं। सदियों पहले भगवान बुद्ध का पूर्णिमा के दिन इस धरती पर अवतरण हुआ, उन्हें तमाम सुख-सुविधाएं प्राप्त थीं। वह चाहते तो आराम से विलासिता का जीवन व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने परम वैभव को त्यागकर शांति की खोज की, युवावस्था में उन्होंने अपना घर, परिवार, वंश और राज सुख त्याग दिया। गौतम बुद्ध ने जितने हृदयों की वीणा को बजाया है, उतना किसी और ने नहीं। बुद्ध के वचन है, अप्प दीपो भव, अपना दीया खुद बनना। उनका संदेश युगों तक हमें प्रेम, करूणा, त्याग का संदेश देते रहेंगे।

बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, दयाशंकर मिश्र, आर.डी. निषाद, संजय गौतम, मो. स्वालेह, समीर चौधरी, राम सिंह यादव, मो. सलीम, जावेद पिण्डारी, अरविन्द सोनकर आदि ने अपने सम्बोधन में कहा कि मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा को भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और उनका परिनिर्वाण हुआ था। भगवान बुद्ध का यह पर्व भारत में ही नहीं, थाईलैंड, चीन, कम्बोडिया, नेपाल, श्रीलंका, जापान, तिब्बत जैसे विभिन्न देशों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। वक्ताओं ने कहा कि महात्माबुद्ध ने मनुष्य को उनके वास्तविक धर्म से परिचित कराया। उन्होने संदेश दिया कि मेरी रोशनी से मत चलना, क्योंकि थोड़ी देर रोशन हो लोगे, फिर हमारे रास्ते अलग हो जाएंगें। मेरी रोशनी मेरे साथ होगी, तुम्हारा अंधेरा तुम्हारे साथ होगा। अपनी रोशनी स्वयं पैदा करो। सब कुछ क्षणिक है - संसार में क्षणिक पदार्थो की तृष्णा ही दुखों का कारण है, तृष्णा के नाश से ही सारे दुखों का नाश होता है और हृदय में अहंकार व राग द्वेष की निवृत्ति होने पर ही निर्वाण की प्राप्ति होती है। भारत समेत दुनियां भर में महात्माबुद्ध के अनुयायी बढ रहे हैं। उनका संदेश लोगों का जीवन बदल रहा है। वे युगों तक हम सबका मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितराम चौधरी, जोखूलाल यादव, अकबर अली, युनूस आलम, मो. सलीम, रमेश कुमार गौतम, समीर, फूलचंद चौधरी, सुशील यादव, अखिलेश यादव, सुरेन्द्र प्रताप चौधरी, भोला पाण्डेय, गौरीशंकर यादव, बलवन्त यादव, अमित गौड़, डा. वीरेन्द्र यादव, अशोक कुमार के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राधारमण लालजु का मना 483वां प्राकट्योत्सव



वृंदावन में राधारमणलालजू का अभिषेक करते मंदिर के सेवायत।

**● सेवायतों ने कराया पंचामृत व जड़ी बूटियों से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक**

**आराध्य के दर्शन कर भक्तों ने जीवन किया धन्य**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** वृंदावन स्थित शालिग्राम शिला से स्वयं प्रकट ठाकुर राधारमणलालजु का 483वां प्राकट्योत्सव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक के साथ शुरू हुआ। आराध्य के महाभिषेक दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ी तो व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। मंदिर सेवायतों ने आराध्य के श्रीविग्रह का धूप पूजन कर सवामन दूध से महाभिषेक शुरू किया, तो राधारमणलाल के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सप्तदेवालयों में शामिल ठाकुर राधारमण मंदिर में चौतन्य महाप्रभु के अनुयायी आचार्य गोपाल भट्ट द्वारा सेव्य शालिग्राम शिला से प्रकटे ठाकुर राधारमणलालजु का 483 वां प्राकट्योत्सव सोमवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को उल्लास पूर्वक आरंभ हुआ। सोमवार सुबह मंदिर के जगमोहन में चांदी के सिंहासन पर ठाकुरजी के श्रीविग्रह को विराजमान करवाया। मंदिर सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आराध्य की धूप पूजा की और फिर शुरू हुआ महाभिषेक। सेवायतों ने दूध, दही, शहद, घी, शर्करा, जड़ी बूटियों से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य महाभिषेक शुरू किया।

करीब दो घंटे तक श्रीविग्रह का महाभिषेक चलेगा। आराध्य के प्राकट्योत्सव पर महाभिषेक दर्शन को देश के विभिन्न प्रांतों व शहरों से श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंच गई। मंदिर के पट खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। जिसके कारण व्यवस्थाएं ध्वस्त होती नजर आई। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए मंदिर के बाहर प्रवेशद्वार के समीप एलसीडी लगाकर महाभिषेक के दर्शन की व्यवस्था की है। लेकिन, श्रद्धालु आराध्य की छवि के दर्शन करने को मंदिर में प्रवेश के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे तक ठाकुर जी का महाभिषेक चलता है। इसके बाद ठाकुर जी की महाआरती उतारी जाएगी और विशेष भोग भी आराध्य को परोसा जाएगा।

# बैठक में छाया रहा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति का मुद्दा

**● सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में 8 मुद्दों पर विमर्शः बनाया संघर्ष की रणनीति**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवा निवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिये संघर्ष तेज किये जाने के साथ ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति के निस्तारण का मामला छाया रहा।जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बैठक में कहा कि एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगो को पूरा कराने, समस्याओं का समाधान कराने की दिशा में निरन्तर पहल की जा रही है और अनेक मोर्चो पर सफलता मिली है। लम्बे संघर्ष के बाद अंततः जिला कोषागार में पेंशनर भुगतान पटल के लिपिक को हटना ही पड़ा। महामंत्री उदय प्रताप पाल ने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समय से भुगतान न होने के कारण पेंशनरों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन विभागों में विलम्ब किया जा रहा है उन्हें चिन्हित कर सम्बंधित अधिकारियों से मिलकर समय से भुगतान कराये जाने का आग्रह किया जायेगा। इसके बाद भी यदि समस्या का समाधान न हुआ तो एसोसिएशन संघर्ष करने को बाध्य होगा।

एसोसिएशन की बैठक में आठवे वेतन आयोग में पेंशनरों को शामिल किये जाने, पुरानी पेंशन बहाली, रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को छूट, 65,70, 75 वर्ष की उम्र में पेंशनरों की क्रमशः 5, 10, 15 प्रतिशत बढोत्तरी किये जाने आदि मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर सरकार से सहयोग का आग्रह किया गया। यह जानकारी देते हुये मीडिया प्रभारी एल.के. पाण्डेय बैठक में श्रीनाथ मिश्र, सुनील कुमार पाण्डेय, ई. रामचन्द्र शुक्ल, ई. देवी प्रसाद शुक्ल, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, नरेन्द्रदेव मिश्र, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, रामनाथ, राधेश्याम तिवारी, श्यामधर सोनी आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।




मासिक बैठक में सुरेश धर दूबे, गणेशदत्त शुक्ल, मुनीश चन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, राम कुमार पाल, अरूण कुमार पाण्डेय, जयनाथ सिंह, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, छोटेलाल यादव, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, शीतल प्रसाद पाण्डेय, अंगिरा प्रसाद चौधरी, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय राजाराम मिश्र, चन्द्र प्रकाश, सत्यनाम सिंह, त्रिभुवन प्रसाद, श्रीकान्त चतुर्वेदी, अरविन्द श्रीवास्तव, राम सुरेश पाण्डेय, नन्द कुमार मिश्र, गंगा प्रसाद पाण्डेय, राम पियारे, मेहीलाल, जंग बहादुर, राम नरेश चौधरी, दयाशंकर त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्र, विजय कुमार, प्रेम प्रकाश मिश्र, रामचन्दर, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, परमेश्वरी दयाल सिंह, राज देव यादव, डा. नरेन्द्र उपाध्याय, जोखू यादव, परशुराम, मनोज कुमार श्रीवास्तव, धर्म प्रकाश उपाध्याय, उदयशंकर चौधरी, अमरनाथ सिंह, अनिल कुमार पाण्डेय, दीनानाथ शुक्ल, शिव गोविन्द श्रीवास्तव, जयनाथ सिंह, विश्वम्भरनाथ सिंह, श्रीगोपाल त्रिपाठी, साधू शरन शुक्ल, गौरीशंकर श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, ब्रम्हानन्द, जगदीश सिंह, मो. सलीम, सत्यनरायन चौधरी, पेशकार मिश्र, देवनरायन प्रजापति, केशव प्रसाद दूबे, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश मिश्र, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, विश्वनाथ, ओंकार गिरी, राधेश्यामलाल, घनश्यामलाल श्रीवास्तव, जग प्रसाद त्रिपाठी, हरिलाल यादव आदि शामिल रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने थाना सरायंअकिल, चरवा व पिपरी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** आज दिनांक 12.05.2025 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा थाना सरायंअकिल, थाना चरवा एवं थाना पिपरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दी गृह, अपराध रजिस्टर, अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा मेस में साफ सफाई एवं पुलिसकर्मियों के भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का निरीक्षण किया गया एवं उनकी साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# लोधी समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं लक्ष्य टीम द्वारा सम्मानित

**● कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी में हुआ भव्य कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट।** लोधी समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लक्ष्य टीम चित्रकूट द्वारा सोमवार को एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कल्याण भारती इंटर कॉलेज, कर्वी में किया गया जहाँ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर, गोल्ड मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद और वीरांगना अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और करियर गाइडेंस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

लक्ष्य टीम चित्रकूट के ज़िला अध्यक्ष शंकर दयाल राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, "हर छात्र को यह तय करना होगा कि वह आगे चलकर क्या बनना चाहता है। लक्ष्य अगर स्पष्ट हो, तो रास्ता खुद-ब-खुद मिल जाता है।" उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि कोई छात्र या छात्रा आर्थिक रूप से कमजोर है लेकिन पढ़ाई के प्रति गंभीर है, तो लक्ष्य टीम उनकी हरसंभव मदद करेगी। समारोह में समाज के अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मंच पर जागेश्वर राजपूत, सीबी सिंह राजपूत, शिव गणेश राजपूत, दिनेश राजपूत, सरवन राजपूत, हजारीलाल राजपूत, और मीडिया प्रभारी हिमांशु राजपूत प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य लोधी समाज के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को मिठाई वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस पहल की चारों ओर सराहना हो रही है।

# जिला विकास अधिकारी ने आज ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट बैठक 1 घंटे में समाप्त करने के दिये निर्देश

**● कार्यालय पर 11:00 बजे आयोजित होगी बीआरपी बैठक**

स्वतंत्र प्रभात

14 वर्षो से लगातार जिला विकास अधिकारी के कार्यालय में अंगद की तरह पांव जमाने वाले मुकेश सोनकर बने जिला विकास अधिकारी के प्रमुख सलाहकार- धनउगाही का मास्टरमाइंड इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही

**बस्ती।** बस्ती जनपद में निदेशालय के निर्देश पर ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट का कार्य 5 विकासखण्ड क्रमशः बहादुरपुर, बनकटी, बस्ती सदर, गौर एवं सलटौवा गोपालपुर चल रहा है जिसमें निदेशालय का निर्देश है की सोशल ऑडिटी टीम लगातार 3 दिन तक संबंधित गांव पंचायत में भ्रमण कार्य करेगी जिसमें मनरेगा से संबंधित कच्चे एवं पक्के कार्य का सत्यापन, वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन एवं पारिवारिक हित लाभ सहित अन्य प्रकार के लाभार्थी मृतक आदि का सत्यापन करना एवं तीसरे दिन ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थल पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की अधिकांश जनता की उपस्थिति में खुली बैठक करके स्ढ्स में अंकित कार्य को पेंशन को पढ़ कर जनता को सुनाना होता है और वही पर हां ना में जवाब ले ही लेनी होती है लेकिन जिला विकास अधिकारी की वसूली वाली नीति के कारण ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट से संबंधित कर्मचारी लगभग कुछ को छोड़कर हवा हवाई सोशल ऑडिट करने पर आमादा दिखाई पड़ रहे हैं इसकी पुष्टि यदि पर्यवेक्षक के द्वारा की जाए तो खुलकर सामने आएगी विकासखण्ड बनकटी के ग्राम पंचायत बाघापर में 2 वर्ष की सोशल ऑडिट मैं डेढ़ करोड़ से ऊपर खर्च को तरुण कुमार वर्मा ने 2 घंटे में एक ही दिन के सर्वेक्षण में समाप्त कर दिया बिना किसी गांव के जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति में उल्टा सीधा काम देखकर दूसरे दिन ग्राम पंचायत से गायब होकर तीसरे दिन कार्यालय के समस्त कागज पर टीम मेंबर सहित ग्रामीणों के हस्ताक्षर बनवा लिए क्या यही निदेशालय की ट्रेनिंग में है टीम मेंबर को यही बताया गया है उठता है बड़ा सवाल वास्तव में जिला विकास अधिकारी द्वारा की जा रही लापरवाही एवं उनके कार्यालय में कार्यरत ईश्वर चंद्र वर्मा, नाजिर मुकेश सोनकर, पंचायती राज विभाग के तीन सफाई कर्मचारी एवं जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर रामप्रकाश को माना जाए तो गलत नहीं होगा कब होगी इन पर कार्यवाही या इसी प्रकार से सोशल आडिट निदेशालय की गरिमा को गिराकर जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत में फोन कर धनउगाही का सिलसिला जारी रखेंगे द्य इतना ही नहीं खेल बड़ा अजीबो गरीब है ग्राम पंचायत के सोशल ऑडिट की तीसरे दिन बैठक होती है और जिला विकास अधिकारी कार्यालय पर भी बैठक के ही दिन 11:00 प्रातः में सभी को जिला विकास अधिकारी की मीटिंग में भी पहुंचना होता है कार्यालय समय के अनुसार 10:00 बजे गांव पंचायत की बैठक प्रारंभ होती है तो कितने घंटे में बैठक संपन्न होगी और कब संबंधित कर्मचारी कितनी जल्दी करते हुए जिला विकास अधिकारी कार्यालय में मीटिंग के फरमान को सुनने के लिए आ जाएगा उठता है बड़ा सवाल कब उठेगा इस भ्रष्टाचार के ऊपर से पर्दा जिला विकास अधिकारी के कारनामों को यदि देखा जाए ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट के कर्मचारी श्रीकांत तिवारी ओम राजकुमार के साथ भेदभाव करते हुए कैलेंडर में अवकाश देकर मानसिक उत्पीड़न करने का कार्य किया है वही अपने चहेतों को अल्फाबेटिकल क्रम में 24 नंबर पर आने पर भी मनचाहा विकासखण्ड बनकटी देकर भ्रष्टाचार का पुलिंदा खोलने का कार्य जिला विकास अधिकारी ने किया है बस्ती



जनपद के तेजतर्रार मुख्य विकास अधिकारी यदि जिला विकास अधिकारी कार्यालय कार्यरत कर्मचारी के मोबाइल के डिटेल का अवलोकन करें तो सोशल ऑडिट के ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सेवक ग्राम प्रधान सहित किसी न किसी को फोन का लगा हुआ जरूर मिलेगा क्या है इसके पीछे राज सुनने में आता है जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह ऊपर तक पहुंच रखने के कारण डबल इंजन की सरकार में भी ग्राम पंचायत को पीड़ा देकर बस्ती जनपद में सोशल ऑडिट को शोषण ऑडिट बनाकर अब तक बने हुए हैं वास्तव में यह जिला प्रशासन के लिए चुनौती साबित हो रहा है बहुत से ग्राम प्रधान उत्पीड़न से परेशान जिनकी चर्चा उन्होंने फोन के माध्यम से करके व्यक्त किया कि पत्रकार साहब कब तक हम लोगों का उत्पीड़न होगा इसका जवाब जिला प्रशासन को देना चाहिए?

# संक्षिप्त खबरें

## स्कूटी- कार की टक्कर दो युवक घायल, जिला अस्पताल में इलाज से किया मना, निजी अस्पताल में भर्ती



**सीतापुर** रामकोट थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 पर नवीन चौक के पास रविवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी स्कूटी सवार दो युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए घायल युवकों में से एक की पहचान ऋषभ के रूप में हुई। है स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज से मना कर दिया इसके बाद घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में दोनों का इलाज चल रहा है हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया है आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है घायलों के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं!!

## योजना बनाते 5 अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अवैध हथियार और उपकरण बरामद डकैती समेत डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज



**सीतापुर** कोतवाली देहात पुलिस ने अब्दीपुर मोड़ से पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश शुक्ल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में छोटे सिंह, दिवाकर, बंशी, संतकुमार उर्फ कालिया और हरिशचन्द्र उर्फ पुतानी को पकड़ा गया। छोटे सिंह से 315 बोर का देशी तमंचा और कारतूस मिला अन्य आरोपियों से लोहे के सब्बल, टेड़ी व नुकीली सरिया, हथौड़ी, छेनी, ब्लेड और चाभियों का गुच्छा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक विमल गौतम के अनुसार, सभी पेशेवर अपराधी हैं इन पर डकैती, लूट, हत्या, चोरी और नकबजनी के करीब डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं हरिशचन्द्र और बंशी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर हैं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया है जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी!!

## निर्माणधीन मकान में करंट लगने से युवक की हुई मौत



**काकोरी लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के कर्झन गाँव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान मिथुन कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गयादीन रावत के पुत्र थे। सुबह करीब 9:30 बजे मिथुन अपने घर की छत पर बाउंड्री का निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान, छत पर रखे लोहे के एक पाइप को उठाते समय, वह दुर्भाग्यवश उनके मकान के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से जा टकराया। पाइप के बिजली की लाइन से छूते ही मिथुन को ज़ोरदार करंट लगा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की ओर से लाइन ऑर्डर में किसी प्रकार की गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई है। इस दुखद घटना से पूरे गाँव में मातम का माहौल है और मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष ने 31 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित की

**हरदोई** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की 31 सदस्यों की जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू द्वारा आज घोषित की गई जिसमे शराफत अली को महासचिव ,गौरव सिंह को कोषाध्यक्ष, अमित वर्मा उपाध्यक्ष, अजय यादव उपाध्यक्ष, दिवाकर पाल उपाध्यक्ष, अमन कुशवाहा उपाध्यक्ष रोहित सिंह उपाध्यक्ष,आशुतोष त्रिपाठी उपाध्यक्ष सहित 12 जिलासचिव, 10 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए! इसके साथ ही सांडी नगर अध्यक्ष शिराज खान हरदोई सदर का नगर अध्यक्ष फुरकान खान को मनोनीत किया!

# धूमधाम से मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार

**● ....माल ब्लाक के बसंतपुर में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार।**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** सोमवार को राजधानी लखनऊ में बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र पर्व बुद्ध पूर्णिमा बड़े धूमधाम से मनाया गया। बुद्ध पूर्णिमा उमंग,उत्साह और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदेश भर में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। जगह-जगह धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकास खण्ड माल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के जगदीशपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार गौतम जो सचिवालय में सरकारी नौकरी करते हैं वो एक सामाजिक, मिशनरी और तेज तर्रार ज्ञानी प्रवक्ता है। उन्होंने भगवान बुद्ध पर दीप प्रज्ज्वलित और चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और भगवान बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में हुआ था। उनका असली नाम सिद्धार्थ गौतम था वह शाक्य कुल के राजकुमार थे। हालांकि,बाद में उन्होंने संसार के दुखों को देखकर राजपाठ छोड़ दिया और सत्य की खोज में निकल पड़े। वहीं,कई वर्षो की तपस्या और ध्यान के बाद उन्हें बिहार के बोधगया में एक पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध कहलाए। बौद्ध धर्म की स्थापना पर उन्होंने शांति और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने अपने अनुयायियों को चार आर्य शक्तियों को अष्टांग मार्ग को बताया। मानव कल्याण के लिए सभी को अहिंसा,सत्य और करुणा के मार्ग पर चलने की जरूरत है।भगवान बुद्ध की इस विचारधारा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। भगवान बुद्ध के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। इस मौके पर पत्रकार अखिलेश सिंह,कृष्ण कुमार,उर्मिला देवी,अभिषेक,रोजी चौधरी,अपूर्वा राज सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



**इसलिए मनाई जाती है बुद्ध पूर्णिमा..**

बुद्ध उपदेशो से बौद्ध धर्म का उदय हुआ और भगवन बुद्ध के उपदेशों पर ही आधारित जीवन जीने वाले बौद्ध कहलाये। इसके साथ ही पूर्वी और पश्चिमी एशिया में इसका प्रसार हुआ। चीन, वियतनाम, कंबोडिया, म्यांमार,और थाईलैंड, जापान जैसे देशो में बौद्ध को पूजा जाता है। बुद्ध पूर्णिमा को बुद्धा जयंती,पीपल पूर्णिमा और वैशाख पूर्णिमा से नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बौद्ध मंदिरो में विशेष पूजन का भी आयोजन किया जाता है इस दिन ध्यान, उपदेश और दान पुण्य का भी कार्य किया जाता है साथ ही इस दिन अलग अलग जगहों पर धार्मिक कार्य भी किये जाते हैं।



## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ महिला की मौत का खुलासा, फेफड़ों की बीमारी से गई थी महिला की जान

**● गांव के लोगों पर हत्या का था आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जिले के बिसवां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ईदगाहपुरवा में महिला की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है रविवार सुबह अपने घर के आंगन में मृत पाई गई मुन्नी देवी की मौत को लेकर पहले हत्या की आशंका जताई गई थी लेकिन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी बीमारी से मौत की पुष्टि हुई है। रविवार को मृतका के परिजनों ने गांव के ही राधा और उसके बेटे शिवा चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए थे परिजनों का कहना था कि शनिवार रात वे दोनों घर में जबरन घुसे और मुन्नी देवी की बेरहमी से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पोस्टमार्टम के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी। रविवार सुबह घटना के वक्त महिला घर में अकेली सो रही थी जिससे मामले में संदेह और रहस्य और गहरा गया था पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था पोस्टमार्टम के बाद अब आई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला की मौत मारपीट से नहीं, बल्कि फेफड़ों में हुए नुकसान के कारण हुई चिकित्सकों ने यह स्पष्ट किया कि उसकी मौत किसी पुरानी बीमारी के चलते हुई है न कि बाहरी चोटों से इस रिपोर्ट के आने के बाद महिला की हत्या के आरोपों का खंडन हो गया है हालांकि, पुलिस अभी भी मामले की जांच में जुटी है ताकि किसी भी तरह की लापरवाही या साजिश की संभावना को पूरी तरह से नकारा जा सके!!



## द्वाराचार के दौरान बारातियों और वधू पक्ष में जमकर हुई मारपीट चले लाठी डंडे, पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** सदरपुर थाना इलाके के बनवीरपुर गांव में रविवार की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम उस समय विवाद का कारण बन गया जब द्वाराचार की रस्म के दौरान बारातियों और ग्रामीणों के बीच तीखी कहासुनी हो गई। खैराबाद से आई बारात में शामिल लोगों और वधू पक्ष के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि द्वारपूजन के लिए लगाया गया पंडाल रणभूमि में तब्दील हो गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वधू पक्ष के युवकों ने अचानक लाठी-डंडे लेकर बारातियों पर हमला बोल दिया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई और कई बाराती चोटिल हो गए तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही महमूदाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया गनीमत रही कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामला अधिक गंभीर नहीं हुआ और थोड़ी देर बाद माहौल शांत होने पर शादी की रस्में पूरी कराई गई फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन शादी की रस्मों तक पुलिस बल तैनात कर दिया गया है!!

## इंटरकनेक्शन की वजह से हो रही पानी टंकी पाइप से गंदे पानी के आने की समस्या

**हर वार्ड मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचने के लिए हो रहे हैं इंटर कनेक्शन**

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**हरदोई** पिहानी अमृत जल योजना के तहत पिहानी कस्बे में बनी पानी टंकी की सप्लाई अभी 3 दिनों तक गंदे पानी की समस्या बनी रहेगी। विभाग के राजन व जल निगम के इंजीनियर अभिषेक मैं जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में लगभग 480 इंटरकनेक्शन होने हैं।450 कनेक्शन कर्मचारी कर चुके हैं। 30 इंटर कनेक्शन अभी होने हैं,जिसमें तीन दिन लगने की संभावना है। पाइपलाइन नई पड़ी है बड़े पाइप लाइन को छोटे पाइप लाइन से जोड़ा जा रहा है। शासन के मनसा अनुकूल हर घर में अमृत जल योजना के तहत स्वच्छ जल पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। परंतु शुरुआत में कुछ परेशानी हो रही है। जिसका निराकरण सिद्ध किया जाएगा।

## दो बच्चों की नहर में डूब कर हुई मौत मचा हड़कंप नहाते समय गहरे पानी में समाए, गोताखोर कर रहे तलाश

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** बिसवां कोतवाली इलाके में गर्मी की छुट्टियों में ननिहाल घूमने आए दो मासूम बालक सोमवार को शारदा सहायक नहर में नहाते समय लापता हो गए यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब दोनों बच्चे चंदनपुर पुल के पास नहर में नहाने गए थे घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी गई है मिली जानकारी के अनुसार, बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेख सराय निवासी लालू कश्यप के घर उनके नाती राहुल पुत्र राजेंद्र, निवासी काजी टोला, थाना लहरपुर और सागर पुत्र प्रदीप, निवासी मछली मंडी, कोतवाली सीतापुर) ननिहाल आए हुए थे बताया जाता है कि सोमवार दोपहर दोनों बालक घर से शारदा सहायक नहर के चंदनपुर पुल के पास नहाने के लिए निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नहर में पानी का बहाव तेज था और नहाते समय दोनों बच्चे अचानक गहराई में चले गए और देखते ही देखते लापता हो गए नहर पर मौजूद अन्य बच्चों ने यह दृश्य देखकर शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को भी सूचित किया गया सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। गोताखोरों को बुलाकर नहर में डूबे दोनों बच्चों की तलाश कराई जा रही है इधर बच्चों के लापता होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है मां-बाप और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी जमा हो गए हैं पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है!!



## दो शातिर लुटेरे माल सहित पकड़े



**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लुटे हुए दो मोबाइल, एक बैंग, एक एटीएम व 2100 रुपयों के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामद की है । पुलिस के अनुसार पकड़े गये लुटेरे शातिर किस्म के अपराधी है और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले विचाराधीन हैं। स्वॉट नगर व थाना सासनीगेट पुलिस टीम द्वारा जीशान उर्फ हूसा पुत्र मोहम्मद ताज उर्फ ताजूद्दीन निवासी जंगलगढी एडीए कालोनी शान्ति निकेतन थाना देहलीगेट, सोहैल उर्फ पापी पुत्र सलीम नि0 मस्जिद मसूदा नगर शाहजामाल थाना देहली गेट को छीने हुए दो मोबाइल व छिनैती मे प्रयुक्त की गयी मोटरसाईकिल पल्सर काली रंग व 2100 रूपये नगद व एक अदद यूको बैंक एटीएम कार्ड व लाल काला पिट्ठू बैग व एक अदद काला पर्स के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## बालामऊ जंक्शन पर रेलवे लाइन क्रॉस करते समय मां बेटी के उड़े परखच्चे

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** थाना क्षेत्र सांडी का एक गांव का परिवार चंडीगढ़ से हरदोई वापस आ रहा था। यह परिवार रविवार को आ रहा था। ट्रेन का स्टापेज लखनऊ में था। रात में गाड़ी बालामऊ जक्शन पर रूक गयी। इसी दौरान यह लोग रेलवे लाइन क्रास करने लगे, तभी दूसरी तरफ ट्रेन आ गयी। जिसकी चपेट में आने से माँ बेटी के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे से साथी परिवार जनों में त्राहि त्राहि मच गयी। अवनीश कुमार निवासी सहोरा थाना सांडी का परिवार जीवकोपार्जन के लिए चंडीगढ़ में रहता है। रविवार को वापिस ट्रेन से आ रहे थे। ट्रेन का सीधा स्टापेज लखनऊ में था। रविवार की रात एक बजे ट्रेन किन्ही कारणवश बालामऊ जक्शन पर रुक गयी। इसी दौरान अवनीश कुमार का परिवार पत्नी उर्मिला उम्र 28 वर्ष पुत्री कोमल उम्र 7 वर्ष लड़के नितिन, आतेश, रिश्तेदार प्रियंका देवी ट्रेन से उतर कर रेलवे लाइन क्रास करने लगे। इसी दौरान दूसरी तरफ से ट्रेन आने से



अवनीश कुमार की पत्नी उर्मिला उम्र 28 वर्ष, पुत्री कोमल 7 वर्ष की ट्रेन की चपेट आने से दर्दनाक मृत्यु हो गयी। थोड़ी सी चूक से परिवार के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। रेल प्रशासन की जागरूकता के बाद भी लोग इसे अनदेखा करते है। खामियाजा जान देकर उठाना पड़ता है। हमेशा पुल का प्रयोग करें। बालामऊ जक्शन का कायाकल्प के कारण प्लेटफ़ार्म काफी उचें हो गए है। इसलिए रेलवे लाइन क्रास करना काफी जोखिम है। जी0आर0पी0 ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## महात्मा बुद्ध मानवता के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं-अजीत सिंह बब्बन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर उन्होंने कहा महात्मा बुद्ध जो गौतम बुद्ध के नाम से भी प्रसिद्ध है, वह विश्व के महान दार्शनिकों में से एक हैं। उनका जन्म 563 ईसा पूर्व में नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। युवावस्था में ही उन्होंने सांसारिक दुखों को देखकर सत्य की खोज में अपना राजसी जीवन और राजसी ठाँठ-बांठ को त्याग दिया और योग माया की ओर चल पड़े। बुद्ध ने कुरीतियों का विरोध किया, लेकिन वेदों और उपनिषदों के दार्शनिक विचारों को भी अपने दर्शन में शामिल किया।

उनकी शिक्षाओं का गहरा प्रभाव मध्यकालीन विचारक कबीरदास और आधुनिक विचारक डॉ. अंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन पर भी पड़ा। बुद्ध की मृत्यु के बाद, उनके शिष्यों ने उनकी शिक्षाओं को संहिताबद्ध किया, जिन्हें त्रिपिटक के रूप में जाना जाता है। इनमें विनय पिटक, सुत पिटक और अभिधम्म पिटक शामिल हैं, जो पाली भाषा में लिखे गए हैं। उन्होंने चार आर्य सत्यों और अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया, जो नैतिक आचरण, मानसिक अनुशासन और ज्ञान पर आधारित हैं। बुद्ध ने अहिंसा, करुणा और समानता के सिद्धांतों पर जोर दिया, जो आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाएं न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं, जो शांति, सद्भाव और आत्म-ज्ञान की ओर ले जाती हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ओम वर्मा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक मंडल प्रभारी सुभाष पांडे सह मीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ल नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई हरदोई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय ऋषभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




## सदस्य विधान परिषद स्नातक ने मुख्यमंत्री से मिलकर राजकीय पुस्तकालय के कायाकल्प/आधुनिक सुविधाएं/नामकरण हेतु रखा मांग पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** सदस्य विधान परिषद स्नातक इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने गृह जनपद हरदोई में स्थित राजकीय पुस्तकालय के कायाकल्प व आधुनिक सुविधाएं व नामकरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मांग पत्र रखा। मुख्यमंत्री ने सदस्य विधान परिषद के सुझाव व मांग पत्र पर विचार करने का आश्वासन दिया। सदस्य विधान परिषद स्नातक इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के जिले में राजकीय पुस्तकालय हैं। जिसमें वर्तमान समय में कायाकल्प की निशांत आवश्यकता है, जिससे आमजन मानस को बुनियादी सुविधाओं के साथ बेहतर माहौल मिले। जिससे वह अपना शैक्षिक ज्ञानर्जन कर सके। वर्तमान समय में राजकीय पुस्तकालय हरदोई में कई बुनियादी सुविधाओं की नितांत आवश्यकता है। वातानुकूलित वाचनालय, वाईफाई की सुविधा, कंप्यूटर की सुविधा, आर0ओ0 पेयजल, सामुदायिक शौचालय आदि सुविधाओं की नितांत आवश्यकता है। वहीं स्टाफ की कमी है, राजकीय पुस्तकालय का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय पुस्तकालय हरदोई किया जाए। यह न केवल अंत्योदय के विचारों को सम्मानित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। बल्कि युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी। सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के कदम की हरदोई वासियों ने स्वागत किया। छात्रों युवाओं बुजुर्गों को अपने बेहतर ज्ञानर्जन के लिए एक मंच मिलेगा।




## मैं अवतारों की जननी हूं, रचियता हूं, मैं नारी हूं

**● मातृ दिवस पर हरदोई में हुआ महिला सम्मान समारोह**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को रसखान प्रेक्षागृह में वीटू क्लब व आई एन न्यूज के संयुक्त तत्वावधान में "सृजनहार-अविरल नेह धारा" के अंतर्गत महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति के सम्मान और नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात स्मारिका 'प्रवाह' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवियत्री अंजू सिंह और शिक्षिका अपूर्वा मिश्रा अल्का गुप्ता ने काव्यपाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। अंजू सिंह ने अपनी कविता "मैं अवतारों की जननी हूं..." के माध्यम से नारी के विविध रूपों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, अपूर्वा मिश्रा ने मां को जीवन रूपी दीपक की बाती बताते हुए उसकी महत्ता को सुंदर शब्दों में अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डालसिंह मेमोरियल हाई स्कूल की प्रिंसिपल भूमिका सिंह, इनर व्हील क्लब की पूजा जैन, समाजसेवी अनुराधा मिश्रा, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता, जनसेवा संस्थान की प्रबंधिका निरमा देवी, कवियत्री अलका गुप्ता, शिक्षिका मंजू वर्मा और चिकित्सक डॉ. फराज रिजवी सहित कई गणमान्य महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में मातृत्व, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक योगदान को समर्पित भावनाओं ने उपस्थित जनों को प्रेरणा से भर दिया।



## ट्रैफिक पुलिसकर्मी की बुलेट का काटा चालान, गाड़ी सीज...

**● ..दर्ज हुआ 11 हजार रुपये का चालान, चौकी इंचार्ज ने पेश की निष्पक्षता की मिसाल....**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक बड़ा मामला सामने आया जब ट्रैफिक पुलिस में तैनात एक कर्मी की बुलेट मोटरसाइकिल का चालान काटा गया और गाड़ी को सीज कर दिया गया।मोहनलालगंज कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई वीर बहादुर दुबे ने सड़क पर तेज आवाज के साथ दौड़ती बुलेट को रोका। जांच में पाया गया कि बाइक का साइलेंसर अत्यधिक शोर कर रहा था, जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया। एसआई दुबे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए।11,000 का चालान काटा और गाड़ी को सीज कर दिया।

बताया जा रहा है कि बुलेट ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही होमेश यादव चला रहे थे। जानकारी के अनुसार, होमेश यादव पहले मोहनलालगंज कोतवाली में सिपाही के पद पर तैनात थे और हाल ही में उनका स्थानांतरण ट्रैफिक विभाग में हुआ था। चौकी इंचार्ज वीर बहादुर दुबे ने कहा कि नियम सभी के लिए समान हैं, चाहे वह आम नागरिक हो या पुलिस कर्मी। सड़क पर तेज रफ्तार और शोर करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और यह कार्रवाई उसी का हिस्सा थी। इस मामले में पुलिस की निष्पक्षता और नियमों के प्रति सख्ती की सराहना की जा रही है।




## युवक साइबर अपराधियों ने युवक से 20,497 रुपये की रकम ठगी

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** लखनऊ नगराम थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के निवासी सतेंद्र कुमार ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। पीड़ित ने थाना नगराम में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ अज्ञात साइबर अपराधियों ने खुद को लोन देने वाली कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उनसे कुल ?20,497 की रकम ठग ली। पीड़ित के अनुसार, 28 मार्च 2025 को दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रोथ इन लाइफ का कर्मचारी बताते हुए 2,500 रुपये से 5 लाख रुपये तक का लोन मात्र 2त्न ब्याज पर देने का दावा किया। इसके लिए 3,00,000 का लोन स्वीकृत करने की बात कही गई और प्रोसेसिंग फीस, आधार कार्ड व फोटो मांगे गए।इसके बाद एक-एक करके पीड़ित से अलग-अलग बहानों से कुल चार बार में 20,497 रुपये की मांग की गई। पहले 2,000, फिर 2,999, उसके बाद 6,999 और अंत में 8,499 रुपये की राशि विभिन्न यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए वसूली गई। हर बार अलग-अलग वादे किए गए कि "तुम्हारा सारा पैसा ट्रांजेक्शन के 99% कटकर वापस आ जाएगा", लेकिन न तो लोन स्वीकृत हुआ और न ही रकम वापस की गई।जब पीड़ित ने विरोध किया तो उन्हें धमकाया गया कि यदि वे हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत करेंगे तो उन्हें पैसा वापस नहीं मिलेगा। अंततः परेशान होकर पीड़ित ने थाना नगराम में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने साथ ही अन्य लोगों को भी इस तरह की ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी है।पीड़ित सतेंद्र कुमार पुत्र श्री संतराम निवासी ग्राम रसूलपुर थाना नगराम, जनपद लखनऊ हैं। उन्होंने संबंधित लेन-देन का सारा विवरण व मोबाइल नंबर पुलिस को सौंप दिया है।

# युद्ध और अन्य आपदाओं का जेंडर समानता और स्वास्थ्य अधिकार पर क़हर




महिलाओं के लिए पहले से ही अनेक असमानताएं मौजूद हैं जिन्हें युद्ध और मानवीय संकट और भी बढ़ा देते हैं, जिससे महिला हिंसा, प्रजनन स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियाँ बढ़ जाती हैं और साथ ही स्वास्थ्य देखभाल और आजीविका जैसी बुनियादी ज़रूरतें पहुँच से बाहर हो जाती हैं। युद्ध, प्राकृतिक आपदाएँ (जैसे बाढ़ और अकाल), धार्मिक कट्टरवाद और अन्य मानवीय संकट, महिलाओं के लिए मानवाधिकार उल्लंघन के ख़तरे को बढ़ाते हैं।

**धार्मिक कट्टरवाद का कुरूप चेहरा**

अफगानिस्तान में मानवाधिकार और मानवीय संकट के खतरे सभी के लिए गहरा रहे हैं, लेकिन महिलाओं समेत जेंडर विविध लोगों की स्थिति और भी गंभीर है। उन्हें तालिबान अधिकारियों से हिंसा, और यहां तक कि मौत, का भी गंभीर खतरा है। अफ़ग़ानी महिलाओं की स्थिति भी बहुत दयनीय है। अफ़गानिस्तान की एक समलैंगिक महिला परवीन ने "जेंडर न्याय और स्वास्थ्य पर युद्ध और अन्य मानवीय संकटों के प्रभाव" पर "शी एंड राइट्स" सत्र में अपनी हृदय विदारक कहानी सुनाते हुए कहा कि उन्हें लगातार उत्पीड़न और जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।

वह मार्च 2025 का एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब परवीन और उनकी प्रेमिका मरियम ने एक ट्रांसजेंडर दोस्त मावे के साथ अफ़ग़ानिस्तान छोड़ के ईरान जाने की कोशिश की। लेकिन मामला उलट गया। तालिबान ने मरियम और मावे को पकड़ कर हिरासत में ले लिया और तब से वे कैद में हैं। सौभाग्य से परवीन हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच से गुजरने में सफल रही क्योंकि उसका भाई उसके पुरुष संरक्षक के रूप में उसे अनुमति देने हेतु हस्ताक्षर करने के लिए सहमत हो गया। जब तक तालिबान परवीन की तलाश में हवाई अड्डे पर पहुँचे तब तक उसका विमान उड़ान भर चुका था। तालिबान परवीन की तलाश कर रहे हैं। लेकिन वह अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्प है क्योंकि वह नहीं चाहती कि भविष्य में किसी अन्य जेंडर विविध व्यक्ति को तकलीफ़ उठानी पड़े। परवीन अब अफ़गानिस्तान की समलैंगिक महिलाओं के संघर्ष का चेहरा हैं, जिनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। "मैंने अपनी पूरी ज़िंदगी मुश्किलों का सामना किया है। जब से मौजूदा शासन सत्ता में आया है, हम जेंडर विविध लोगों के लिए जीने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। लेकिन हम अपने अधिकारों के लिए तब तक लड़ते रहेंगे जब तक जेंडर विविध लोग हमारी मातृभूमि में आज़ाद नहीं हो जाते।"

परवीन के सहयोगी नेमत सादत हैं, जो रोशनिया (जेंडर विविध अफ़गानों की सहायता के लिए समर्पित एक नेटवर्क है) के अध्यक्ष हैं। नेमत उन पहले अफ़गानों में से एक हैं जिन्होंने 2013 में खुले तौर पर अपने समलैंगिक होने की बात स्वीकार की थी और जेंडर विविध लोगों के अधिकारों के लिए अभियान चलाया।

नेमत ने बताया "हमारे पास 1,000 से ज़्यादा जेंडर विविध लोगों की सूची है जो अभी भी अफ़गानिस्तान में रह रहे हैं। आज तक हमने 265 लोगों को पश्चिमी देशों और ओमान में सुरक्षित पहुचाने में मदद की है और हमें उम्मीद है कि परवीन भी सुरक्षित जगह पर पहुँच जाएँगी, हालाँकि अभी उनका भविष्य बहुत अनिश्चित लग रहा है। हम तब तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जब तक हम सभी आज़ाद नहीं हो जाते और उम्मीद है कि तालिबान के बाद की दुनिया में अफ़गानिस्तान में लोकतंत्र वापस आ जाएगा। मुझे यकीन है कि वह दिन हमारे जीवनकाल में आएगा।"

**युद्ध ग्रस्त क्षेत्र अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रहे हैं**

दक्षिण सूडान में चल रही लड़ाई और कलह ने जेंडर विविध समुदाय, एचआईवी के साथ जीवित लोगों, यौनकर्मी, और विकलांग व्यक्ति जैसे हाशिए पर रह रहे लोगों को आघात पहुँचाया है। उन्हें शारीरिक हिंसा, घरेलू हिंसा और यौन शोषण का सामना करना पड़ रहा है। दक्षिण सूडान में महिला अधिकारों पर कार्यरत और डबल्यूईसीएसएस की अध्यक्ष रेचल अडाऊ के अनुसार साउथ सूडान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली टूट रही है। मातृ और बाल स्वास्थ्य सेवाएं बहुत बुरी स्थिति में है। संक्रामक रोगों का जोखिम भी बढ़ गया है। अभी दक्षिण सूडान में नदी के दूषित पानी के कारण हैजा का प्रकोप फैला हुआ है। नदी के किनारे रहने वाले लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। संघर्ष के कारण खाद्य असुरक्षा होने से युवतियों तथा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण और एनीमिया अधिक है। लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर भी बहुत अधिक है। इन सबके परिणामस्वरूप मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी पैदा हो रही हैं।

दक्षिण सूडान में दो न्यायिक प्रणालियाँ हैं - संविधान और प्रथागत पारंपरिक कानून। परंपरा के अनुसार, पुरुष ही कमाते हैं। महिलाओं के पास संसाधनों तक पहुँच नहीं है, निर्णय लेने की पहुँच नहीं है, नेतृत्व में उनकी कोई आवाज़ नहीं है क्योंकि उन्हें अल्पसंख्यक माना जाता है। संविधान के अनुसार दक्षिण सूडान में सभी महिलाओं को समान अधिकार हैं, लेकिन वे कानूनों के खराब क्रियान्वयन के कारण उनका प्रयोग करने में असमर्थ हैं। उदाहरण के लिए, भले ही उनके पास संपत्ति रखने का कानूनी अधिकार है , लेकिन अक्सर उन्हें इस अधिकार से वंचित कर दिया जाता है। साथ ही महिला हिंसा के अपराधियों को सज़ा नहीं मिलती।

युद्धग्रस्त लेबनान में भी स्थिति चिंताजनक है। इज़रायल के सैन्य अभियानों के बढ़ने से गहरा मानवीय संकट पैदा हो गया है। सितंबर 2024 से अब तक लेबनान में 10 लाख से ज़्यादा लोग अपने घर छोड़कर भाग चुके हैं। इज़रायली हमलों में लेबनान में करीब 4000 लोग मारे गए हैं और हज़ारों इमारतें और घर नष्ट हो गए हैं। अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी बम बारी की गई है। इस लड़ाई और कलह ने मौजूदा असमानताओं को और बढ़ा दिया है, जिससे बुनियादी ज़रूरतों और सेवाओं तक पहुँचने में चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। कमज़ोर और हाशिए पर रह रहे समूह - महिलाएँ, जेंडर विविध लोग, एचआईवी के साथ जीवित लोग, विकलांग लोग, बुजुर्ग सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान में लड़ाई और कलह के कारण क्षति और आर्थिक नुकसान की लागत अमेरिकी डॉलर 8.5 बिलियन आंकी गई है। और 2024 में लेबनान की जीडीपी वृद्धि में अनुमानित 9त्न की कमी आई।

**चरम जलवायु घटनाएँ अपना असर दिखा रही हैं**

केन्या के प्रजनन स्वास्थ्य नेटवर्क की निदेशक नेली मुन्यासिया का मानना है कि, केन्या सहित, वैश्विक दक्षिण के देशों को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि बाढ़, खाद्य आपूर्ति में कमी, और युद्ध। इन सब आपदाओं के कारण महिलाएँ तथा जेंडर विविध समुदाय सबसे अधिक प्रभावित हैं। महिला हिंसा में वृद्धि हुई है, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुँच बाधित हुई है, तथा महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण, कम उम्र में विवाह, अंतरंग-साथी द्वारा की गई हिंसा और विस्थापन का जोखिम बढ़ गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी व्यवधान है। जब सड़कें टूटी होती हैं, तो लड़कियाँ और महिलाएँ नदी पार नहीं कर पाती हैं, जिससे उनकी शिक्षा बाधित होती है और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच खंडित होती है। जिन महिलाओं को प्रसव-पूर्व देखभाल, या गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन की ज़रूरत होती है, एचआईवी के साथ जीवित लोग जिन्हें अपनी नियमित दवा की ज़रूरत होती है - वे युद्ध या बाढ़ संकट के कारण इन सेवाओं तक नहीं पहुँच पाते हैं। बड़े पैमाने पर विस्थापन, खाद्य असुरक्षा और सामाजिक संरचनाओं का टूटना - ये सभी महिलाओं के यौन शोषण को बढ़ावा देते हैं।

जेंडर और स्वास्थ्य पर लैंसेट आयोग की हाल में जारी की गई रिपोर्ट, जेंडर न्याय और स्वास्थ्य समानता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर जोर देती है। यह रिपोर्ट, जेंडर समानता विरोधी पित्तरात्मक विचारधाराओं के पनपने, और स्वास्थ्य और जेंडर समानता पर उनके हानिकारक प्रभावों का मुकाबला करने की आवश्यकता को भी स्वीकार करती है। पित्रात्मक व्यवस्था के चलते महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू और देखभाल संबंधी काम अवैतनिक माने जाते हैं, उन्हें महत्वहीन माना जाता है और उन्हें कम मान्यता दी जाती है। यौन और प्रजनन संबंधी श्रम के लिए भी यही बात लागू होती है। अगर लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक सहायता सेवाओं, कार्यक्षेत्र में भागीदारी और अधिकारों तक समान पहुंच मिल पाए तो इससे कुछ उम्मीद की किरण जग सकती है। लेकिन अभी तक, गहरी पैठ रखने वाली पितृसत्ता द्वारा प्रेरित हानिकारक आख्यान और लैंगिक मानदंड लैंगिक समानता की राह में रोड़े अटका रहे हैं - न केवल सूडान में, बल्कि एशिया और अफ्रीका के कई अन्य देशों में भी।

आइए हम एक नारीवादी विश्व व्यवस्था के लिए मिलकर काम करें, जहाँ सभी को समान अधिकार, समान सम्मान और संसाधनों तक समान पहुँच और नियंत्रण मिले, चाहे उनकी जाति, पंथ या जेंडर पहचान कुछ भी हो। जेंडर असमानता और विषाक्त पुरुषत्व को हमारे साथ ही समाप्त होना चाहिए।

**शोभा शुक्ला - सीएनएस**

# संपादकीय

## वक्त की चाल में छूटते रिश्ते- क्या हम सच में जी रहे हैं?

[ तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में ठहरिए- कहीं वो हँसी पीछे न छूट जाए ]




ज़िंदगी एक अनघट कविता है, जिसमें हर पंक्ति छोटे-छोटे पलों से बनी होती है। ये पल, जो उस वक्त साधारण लगते हैं, वही समय के साथ हमारी आत्मा का सबसे अनमोल खज़ाना बन जाते हैं। बचपन में माँ की उँगलियों का हल्का-सा स्पर्श, जो हमें सड़क पार कराते वक्त सुरक्षा का एहसास देता था। पिता की थकी आँखों में छिपी वह मुस्कान, जो हमारी छोटी-सी उपलब्धि पर चमक उठती थी। दादी की झुर्रियों भरी हथेली, जो हमारे सिर पर फेरते वक्त कहानियों का संसार बुनती थी। उस वक्त ये क्षण रोज़मर्रा के हिस्से थे, पर आज ये स्मृतियों के अनमोल रत्न हैं। ये छोटे पल ही हैं, जो ज़िंदगी को अर्थ देते हैं, जो हमें सिखाते हैं कि सच्ची खुशी बड़ी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इन नन्हे लम्हों की गर्माहट में बसती है। आज का दौर रफ्तार का दौर है। हम सब एक ऐसी दौड़ में शामिल हैं, जहाँ मंज़िलें बदलती रहती हैं, लेकिन रास्ते का आनंद कहीं खो जाता है। करियर की ऊँचाइयाँ, सपनों का पीछा, समाज में पहचान- ये सब हमें इस कदर उलझा लेते हैं कि हम वर्तमान को भूल जाते हैं। हम उस चाय की चुस्की को भूल जाते हैं, जिसमें माँ ने हमारे लिए प्यार से अदरक डाला था। उस दोस्त की हँसी को भूल जाते हैं, जिसके साथ रात भर बेपरवाह बातें होती थीं। उस बच्चे की बेतकल्लुफ़ गले लगाने की आदत को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जो बिना शर्त प्यार का इज़हार है। और जब ये पल हमसे दूर चले जाते हैं, तब हमें अहसास होता है कि असल में हमने कितना कुछ खो दिया।

ज़िंदगी का सबसे बड़ा सच यही है कि समय किसी का इंतज़ार नहीं करता। वह एक नदी है, जो लगातार बहती रहती है, और हमारी लापरवाही में उसके किनारे के फूलों को छूने का मौका छूट जाता है। हम सोचते हैं कि कल वक्त निकाल लेंगे। कल उस दोस्त को फ़ोन करेंगे, जिसकी आवाज़ सालों से नहीं सुनी। कल दादाजी के साथ बैठकर उनकी पुरानी बातें सुनेंगे। कल बच्चों के साथ बिना वजह हँसेंगे। लेकिन यह 'कल' एक मृगतृष्णा है। जब वह आता है, तब तक बहुत कुछ बदल चुका होता है। वो लोग, वो पल, वो एहसास- सब किसी और समय के हिस्से बन चुके होते हैं। और हम रह जाते हैं सिर्फ़ एक सवाल के साथ- काश, उस दिन पाँच मिनट और रुक गए होते। इन छोटे पलों में ही ज़िंदगी का असली जादू छिपा है। जब बारिश की बूँदें अचानक चेहरे पर गिरती हैं और हम बेवजह मुस्कुरा उठते हैं। जब कोई बिना कहे हमारे लिए कॉफी बना देता है, क्योंकि उसे हमारी पसंद याद है। जब बच्चा अपनी छोटी-सी ड्राइंग दिखाने दौड़कर आता है, और उसकी आँखों में चमक देखकर हमारा दिल भर आता है। ये पल साधारण नहीं, ये वो अनमोल मोती हैं, जो हमारी यादों की माला को सजाते हैं। ये वो रंग हैं, जो हमारी ज़िंदगी के कैनवास को जीवंत बनाते हैं। इन्हें अनदेखा करना, ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत हिस्से को खो देना है।

डिजिटल युग ने हमें स्क्रीन से बाँध दिया है। हमारी आँखें फ़ोन की चमक में खोई रहती हैं, लेकिन अपनों की आँखों में झाँकना भूल जाती हैं। हम हज़ारों मील दूर बैठे अनजान लोगों से जुड़े रहते हैं, लेकिन पास बैठे अपने लोगों की बातें सुनना भूल जाते हैं। हमें फिर से सीखना होगा कि वास्तविक दुनिया की ख़ुशियाँ स्क्रीन पर नहीं, बल्कि उन चेहरों में हैं, जो हमें बिना शर्त प्यार करते हैं। हमें फिर से महसूस करना होगा कि एक छोटी-सी बातचीत, एक हल्की-सी हँसी, एक साथ बिताया गया पल- ये सब ज़िंदगी के सबसे बड़े उपहार हैं।

छोटे पल छोटे नहीं होते। वे वो बीज हैं, जो रिश्तों के वृक्ष को सींचते हैं। एक साथ खाया गया खाना, जिसमें माँ ने थोड़ा ज़्यादा नमक डाल दिया और हम सब हँस पड़े। एक पुरानी फ़ोटो, जिसे देखकर बचपन की शरारतें याद आ गईं। एक दोस्त का वह मज़ाक, जो सालों बाद भी हँसी छुड़ा देता है। ये सब वो धागे हैं, जो हमारे जीवन की चादर को रंगीन और मज़बूत बनाते हैं। इन पलों को जीना, इन्हें संजोना, यही ज़िंदगी को पूर्णता देता है। समय की सबसे बड़ी ख़ूबसूरती और क्रूरता यही है कि वह कभी रुकता नहीं। वह हमें मौके देता है, लेकिन उन्हें पकड़ने की ज़िम्मेदारी हमारी है। इसलिए, आज की रफ्तार को थाम लीजिए। अपने आसपास के लोगों को देखिए, उनकी बातों को सुनिए, उनके साथ हँसिए। उस माँ को गले लगाइए, जो बिना कहे आपके लिए हर दिन कुछ न कुछ करती है। उस दोस्त को फ़ोन कीजिए, जिसकी हँसी आपकी ज़िंदगी का हिस्सा थी। उस बच्चे के साथ खेलिए, जो आपकी दुनिया को रंगों से भर देता है। क्योंकि ये छोटे पल ही हैं, जो एक दिन आपकी सबसे बड़ी दौलत बनेंगे। ज़िंदगी की सैर में मंज़िलें तो बहुत हैं, लेकिन असली मज़ा रास्ते के इन नन्हे पड़ावों में है। हर मुस्कान, हर स्पर्श, हर कहानी- ये सब आपकी यादों का हिस्सा बनने के लिए बेताब हैं। इन्हें अनदेखा न करें। अगली बार जब कोई अपना बिना वजह मुस्कुराए, तो उस मुस्कान को लौटाइए। जब दादी फिर से वही पुरानी कहानी सुनाने लगें, तो उनके साथ उस कहानी में खो जाइए। जब बारिश आपको भीगने का न्योता दे, तो उसे ठुकराइए नहीं। क्योंकि यही पल, यही लोग, यही एहसास- एक दिन आपकी ज़िंदगी की सबसे अनमोल कहानी बनेंगे। ज़िंदगी छोटे पलों की माला है, और हर पल एक मोती। इसे संजोइए, इसे जिए, क्योंकि समय की सैर में यही पल अमर हो जाते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# पाकिस्तान- सेना के साये में सिसकता लोकतंत्र





आतंकवाद, कट्टरता और आत्मवंचना में जकड़ा हमारा पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान आज बहुआयामी संकटों से घिरा हुआ है। वह आर्थिक रूप से लगभग दिवालिया, राजनीतिक रूप से अस्थिर, सामाजिक रूप से विखंडित और कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ चुका है। अब वह न तो आत्मविश्लेषण की दिशा में अग्रसर हो पा रहा है, न ही सुधार की कोई ठोस पहल कर पा रहा है। यह और भी विडंबनापूर्ण है कि उसके तथाकथित सहयोगी- जैसे चीन और तुर्की- भी स्वार्थ से प्रेरित उसे ऐसा दर्पण दिखाते हैं जिसमें असली चेहरा नहीं दिखाई देता बल्कि जैसा वह देखना चाहता है वही दिखता है। इस तरह पाकिस्तान को भारत विरोधी उत्तेजना से भरता रहता है। इसीलिए पाकिस्तान आत्मप्रवंचना से बाहर ही नहीं निकल पा रहा है।

पाकिस्तान केवल भारत-विरोध की आग में नहीं जल रहा, बल्कि वह भीतर से भी गंभीर सामाजिक और राजनीतिक दरारों से त्रस्त है। देश की बागडोर निर्वाचित सरकार के हाथों में नहीं, बल्कि रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय के जनरलों के हाथों में है। प्रत्येक प्रधानमंत्री - चाहे इमरान खान हों या शाहबाज़ शरीफ - सेना की छाया से बाहर सोचने तक की स्वतंत्रता नहीं रखते।

वर्तमान में पाकिस्तान का शासन-तंत्र जनता और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास की भारी कमी से जूझ रहा है। न्यायपालिका और मीडिया स्वतंत्रता की भावना से नहीं, भय और दबाव के वातावरण में कार्य कर रहे हैं। इमरान खान की गिरफ्तारी और उसके पश्चात फैली हिंसा यह स्पष्ट कर देती है कि देश में सत्ता का संघर्ष अब सड़कों पर उतर आया है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध जैसे प्रांतों में अलगाववादी आंदोलनों ने उग्र रूप ले लिया है। बलूच राष्ट्रवादी संगठनों द्वारा पाकिस्तानी सेना पर लगातार हमले इस बात के प्रमाण हैं कि राष्ट्रीय एकता अब केवल एक औपचारिक अवधारणा बनकर रह गई है। इसके साथ ही, पंजाब और शेष पाकिस्तान के बीच का सामाजिक असंतुलन भी विभाजनकारी प्रवृत्तियों को हवा दे रहा है।

**धार्मिक अल्पसंख्यकों** – विशेष रूप से अहमदिया, हिंदू, ईसाई और शिया समुदायों - पर लगातार हो रहे हमले पाकिस्तान के सामाजिक ताने-बाने को भीतर से क्षत-विक्षत कर रहे हैं। वहाँ कट्टरपंथ का स्तर इतना बढ़ चुका है कि न्याय, सहिष्णुता और मानवाधिकार जैसे शब्द अब केवल भाषणों में सुनाई देते हैं, व्यवहार में नहीं। आर्थिक दृष्टि से पाकिस्तान अत्यंत संकटग्रस्त है। विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक न्यूनतम स्तर पर पहुँच चुका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की सख्त शर्तें आम नागरिकों पर महँगाई और करों का भारी बोझ बनकर टूट रही हैं। इसके बावजूद, पाक सरकार अपने सैन्य बजट में कटौती के बजाय वृद्धि कर रही है - यह दर्शाता है कि वह आज भी सैन्य प्रभुत्व और भारत-विरोध को प्राथमिकता देती है, भले ही उसके नागरिक भूख और बेरोजगारी से कराह रहे हों।


**हाल ही में जम्मू-** कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में भारत विरोधी आतंकियों द्वारा किया गया हमला, जो पाकिस्तानी समर्थन से प्रेरित था, एक बार फिर उसकी आतंकी रणनीति की पोल खोल देता है। इसके प्रत्युत्तर में भारत द्वारा संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल एक निर्णायक सैन्य कार्यवाही थी, बल्कि यह पाकिस्तान को एक सख्त संदेश भी था - कि अब आतंक के हर प्रयास का कठोर और परिणामकारी उत्तर मिलेगा। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने और उनके ठिकानों के ध्वस्त किए जाने से स्पष्ट हो गया कि भारत अब सहनशील नहीं, निर्णायक है।

भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और आर्थिक प्रगति को देखकर पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ रही है। 'कश्मीर' को लेकर उसका पुराना नैरेटिव अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अस्वीकार हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र, ओआईसी, अमेरिका और यूरोपीय संघ - किसी भी मंच पर उसे वह समर्थन नहीं मिल रहा जो वह दशकों तक पाने की कोशिश करता रहा है। इसके बावजूद, वह आतंकी संगठनों को अपनी 'रणनीतिक संपत्ति' मानने की भूल लगातार करता जा रहा है। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि पाकिस्तान अब एक 'चेतना-शून्य राष्ट्र' बन चुका है- उसमें मानवीय संवेदना का कोई स्थान नहीं है। उसे न अपने नागरिकों की दुर्दशा की चिंता है, न अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की इच्छा। उसके नीति-निर्माता नफरत और कट्टरता के मोहजाल में इस कदर फँसे हैं कि देश की तरक्की की सोच भी अपराध प्रतीत होती है।

**स्पष्ट है** – जब कोई राष्ट्र अपने ही बच्चों को शिक्षा के स्थान पर नफरत का पाठ पढ़ाता है, जब वह युद्ध को राष्ट्र गौरव मानता है और जब वह अपने नागरिकों की भूख के बदले हथियार खरीदने को प्राथमिकता देता है, तो वह स्वयं को तो डुबोता ही है, साथ ही पूरे उपमहाद्वीप की शांति और स्थिरता के लिए भी गंभीर खतरा बन जाता है। यदि पाकिस्तान को इतिहास के कूड़ेदान में जाने से बचना है, तो उसे सर्वप्रथम भारत-विरोध, आतंकवाद और कट्टरपंथ से बाहर आकर आत्ममंथन करना होगा। अन्यथा, "विफल राष्ट्र", "आतंकवादी राष्ट्र" और "आर्थिक भिखारी" जैसे उपनाम उसकी वैश्विक पहचान बन जाएंगे- स्थायी और अपमानजनक।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# पाकिस्तान से फिर भी सतर्क रहना होगा





पाकिस्तान सीमा पर तनाव कम हो गया है, दोनों देशों की सेना ने सीज़फायर की घोषणा कर दी है, लेकिन पाकिस्तान जैसे देश से हमें हमेशा सतर्क रहना होगा।

पहलगाम में जो हुआ वो हमारे खुफिया तंत्र की कमी थी जिससे 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए। विश्व के देश मानें या न मानें लेकिन हम पूरी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान सरकार, पाकिस्तानी सेना आतंकवादियों को पूरी तरह से पनाह दे रही है और हमने कई बार उनके आतंकी निशानों को नष्ट किया भी है। आतंकवाद का दंश जितना हमने झेला है शायद दुनिया के किसी देश ने इतना नहीं झेला। पिछले दिनों की बात करें तो, मुंबई के ताज होटल पर हमला, देश की संसद पर हमला, पुलवामा अटैक और अब पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला। हमने काफी कुछ सहन किया है। और पाकिस्तान हर बार इसी का फायदा उठाता है।

ऐसा नहीं है कि हमने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को जवाब नहीं दिया हो। हर हमले का हमने जवाब दिया है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी भी घोषणा की है कि आपरेशन सिंदूर अभी रुका नहीं है, यदि पाकिस्तान फिर कोई हरकत करता है तो उसका मुंह तोड़ जबाब दिया जाएगा। यदि वह गोली चलाता है तो हम उसका जबाब गोला दाग कर देंगे। इसमें कोई शक नहीं कि हमने इस बार भी आतंकवाद का करार जबाब दिया है, पाकिस्तान का बहुत नुक्सान हुआ है लेकिन सीमा पर ज्यादा तनाव भी ठीक नहीं है। भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु सम्पन्न देश हैं और यदि तनाव ज्यादा बढ़ता है तो ये दोनों देशों की अवाम के लिए ठीक नहीं है। हमारी लड़ाई पाकिस्तान की आवाम से नहीं आतंकवाद से है।

हमें पाकिस्तान आर्मी से चिंता नहीं है क्योंकि हमारे सैनिक विश्व स्तर पर बहुत आगे हैं। हमें चिंता है तो सिर्फ आतंकवादियों से, उनकी घुसपैठ से जो छिप कर वार करते हैं। पहलगाम आतंकवादी अटैक के बाद हमने पाकिस्तान के अंदर आतंकवादियों के आशियाने को काफी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन जब पाकिस्तान ने इसको युद्ध मान लिया और विश्व में झूठा प्रचार करना शुरू कर दिया तब हालात बदल गए। हमें सीजफायर की तरफ क़दम बढ़ाना पड़ा। अब हमें यह समझने की जरूरत है कि हम युद्ध नहीं लड़ रहे थे। हमारा निशाना आतंकवाद और आतंकवादी थे और हमने काफी कुछ हद तक उनके ठिकानों को नष्ट किया है। भारत में जब सीज़फायर का समाचार फैला तब हम शांत बैठ गये लेकिन पाकिस्तान ने उसके बाद भी हमला कर दिया। इससे पहले भी हमने पाकिस्तान से तीन बार लड़ाई लड़ी है और तीनों बार हम जीते हैं। लेकिन अब हालात पहले जैसे नहीं हैं। दोनों देश परमाणु सम्पन्न हैं यह हमको भली भांति समझना होगा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जिसको समझना बहुत मुश्किल है। इनकी सेना और आतंकवादियों में कोई फर्क समझ में नहीं आता है। अभी भी जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसमें तमाम आतंकी मारे गए। लेकिन जब उनका जनाजा निकला तो उन ताबूतों को पाकिस्तानी झंडे में लिपटा देखा गया। पाकिस्तानी सेना की भीड़ वहां देखी गई। पाकिस्तानी सेना के अफसर वहा ताबूत को कंधा लगाते देखे गए। इससे यह सिद्ध होता है कि पाकिस्तानी आतंकवाद और पाकिस्तानी सेना में कोई अंतर नहीं है। जब भारत ने सीज़फायर के लिए हामी भरी और इसकी ख़बर देश में फैली तो देशवासियों को अवश्य बुरा लगा। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आप्रेशन सिंदूर पाकिस्तान से युद्ध नहीं। आतंकवाद का खात्मा करने के लिए था और हम उसका मुकाबला करने के लिए आज भी तैयार बैठे हैं।

22 अप्रैल 2025 को जब पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हमला हुआ तो पूरा देश में सन्नाटा छा गया था। भारत के साथ साथ अन्य कई देशों ने भी इस आतंकवाद की कड़ी आलोचना की थी। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने के लिए 18 दिन का समय लिया। और जब भारत ने हमला किया तो पाकिस्तान ने इसको युद्ध की कार्यवाही समझी और अपने 12 एयरबेस से भारत पर ड्रोन अटैक किया। लेकिन भारत की रक्षा प्रणाली इतनी मजबूत है कि पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया गया। खैर अब सब कुछ शांत है लेकिन हमें आने वाले दिनों में भी पाकिस्तान से सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाकिस्तान जैसे आतंकी देश सामने से लड़ने का माद्दा नहीं रखते बल्कि पीठ पीछे छुरा भोंकते हैं।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जामपानी गांव के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत,दो मासूम समेत छह घायल



**म्योरपुर थाना क्षेत्र के म्योरपुर-** लीलासी मार्ग पर जामपानी गांव के समीप रविवार की रात करीब नौ बजे दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो मासूम समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पुलिस और एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां बाइक सवार एक युवक 24 वर्षीय रामकुमार पुत्र रामनाथ निवासी कटौली की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल 20 वर्षीय छोटू पुत्र रामबिहारी निवासी रनटोला, 30 वर्षीय प्यारेलाल पुत्र रामजीत निवासी सुपाचुंआ और उसकी पत्नी 25 वर्षीय संगीता व बच्चे 4 वर्षीय सागर, 5 वर्षीय संसार तथा रिश्तेदार 25 वर्षीय धवला प्रसाद निवासी घघरी थाना बभनी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पाकर सीएचसी पहुंचे थाना प्रभारी हेमंत सिंह घटना के संदर्भ में जानकारी लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। इलाज कर रहे चिकित्सक डा0 अंकित सिंह ने बताया कि हादसे में घायल दोनों बच्चों और उनके माता-पिता की हालत नाजुक है।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने सोमवार की सुबह करीब 10 बजे प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में धारा 323 आइपीसी में वांछित फरार चल रहे खैरहवां दूबे गांव निवासी अलाहू पुत्र अजीजुल्लाह उम्र 25 को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रशान्त दूबे मय हमराह हेड कांस्टेबल सुनील कुमार व कांस्टेबल दीपक प्रसाद सामिल रहे। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### सार्वजनिक नाले से अवैध निर्माण हटवाने की मांग

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सार्वजनिक नाले पर अवैध निर्माण व कब्जा हटवाने की मांग किया है। ग्रामीण जमाल उदयराज, एसके यादव, इंसान, लालचंद जायसवाल, अरवार, सत्येन्द्र सिंह, सूरज, राहुल, अनिल, अजीत ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी महराजगंज को भेजे गए पत्र व उपजिलाधिकारी नौतनवा को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि एक सार्वजनिक नाला है जो नेपाल से पानी के बहाव के लिए उनके गांव में आया है। चौराहे पर स्थित मोड़ पर गांव का एक व्यक्ति नाले की जमीन में पहले से अवैध रूप से अपना घर बनाया है। अब उक्त व्यक्ति फिर पेड़ काटकर नाले की जमीन में मिट्टी गिराकर निर्माण कार्य करने जा रहा है जिससे सार्वजनिक नाले का अस्तित्व खत्म हो जा रहा है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक नाले पर अवैध निर्माण व कब्जा हटवाने की मांग किया है।

### गैस सिलेंडर से भरे ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप घायल




**काकोरी, लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर से भरे ट्रक की आमने-सामने टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर बाद हरदोई रोड पहिया आजमपुर मोड़ के पास लखनऊ की तरफ से आ रहे बाइक सवार मोनू पुत्र राम चंद्र निवासी बनपुर हरदोई तथा साथी गोलू को हरदोई की तरफ से आ रहे अन्यंत्रित रफ्तार गैस सिलेंडर से भरे ट्रक नें टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस नें घायलों को ट्रामा सेंटर भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही। वहीं ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस नें ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई जारी है।

# बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने से ही मानव कल्याण संभव

# सोनभद्र में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई


स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** आज,12 मई,2025, सोमवार को त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा का पवित्र त्योहार भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण दिवस पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत बुद्ध विहार, निकट रेलवे फाटक रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में सुबह 8:30 बजे पूज्य भन्ते आनंद जी द्वारा बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कराने के साथ हुई। इसके पश्चात, सुबह 9:30 बजे सैकड़ों धम्म बंधुओं के साथ एक भव्य धम्म प्रभातफेरी/शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा तथागत बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर रॉबर्ट्सगंज नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जिसमें रेलवे क्रॉसिंग, धर्मशाला चौराहा, चंडी तिराहा, बढ़ौली चौराहा, मिशन अस्पताल होते हुए वापस बढ़ौली चौराहा, कचहरी और महिला थाना से होकर बुद्ध विहार पर समाप्त हुई।प्रभातफेरी में धम्म घोष और प्रेरणादायक नारे गूंजते रहे, जैसे गौतम बुद्ध का है पैगाम, मानव मानव एक समान, भगवान बुद्ध की करुणा हो, करुणा हो, करुणा हो,भारत की है जिससे शान, विजयी विश्व अशोक महान, घर घर अलख जगायेंगे, सबको बौद्ध बनाएंगे।बुद्ध विहार पर आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए रामधारी संजीवैया और सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि बुद्ध का धम्म एक ऐसा मार्ग है जो सभी समाजों को समान रूप से जीने का अधिकार देता है और मानवता की स्थापना करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चलकर देश और दुनिया में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा, व्यभिचार और अत्याचार के माहौल से मुक्ति पाई जा सकती है और सुरक्षा व शांति का वातावरण कायम किया जा सकता है।वक्ताओं ने एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए भगवान बुद्ध द्वारा बताए गए पंचशील के पालन और अष्टांगिक मार्ग रूपी रास्ते के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों का पालन करके व्यक्ति और समाज शीलवान बनते हैं, जिससे सुख और समृद्धि आती है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि जैसे ही हम पंचशील के रास्ते से दूर होते हैं, शीलवान समाज अश्लील समाज में बदल जाता है। इसलिए, समाज को हिंसा, नफरत, झूठ, चोरी, घूसखोरी, व्यभिचार, नशाखोरी और पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं से मुक्त करने के लिए बुद्ध का मार्ग अपनाना ही एकमात्र उपाय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोपाल जी निराला और अनिल सिंह पटेल ने कहा कि बुद्ध केवल मार्ग दिखाने वाले हैं, और प्रत्येक व्यक्ति को अपने कल्याण के लिए स्वयं उस रास्ते पर चलना होगा। श्याम सुन्दर प्रजापति और राजकुमार सोनकर ने बुद्ध के मार्ग को सरल और लोक कल्याणकारी बताते हुए इसे अपनाकर जीवन को मंगलमय बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के सचिव उमेश मौर्य ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र प्रताप जे ई साहब ने कुशलतापूर्वक किया।इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजकुमार मौर्य, चंद्रेश कुमार, माता प्रसाद सिंह, तेजप्रताप मौर्य, लक्ष्मी नारायण पटेल, राजेश कुमार प्रेमी, नंदकिशोर मास्टर, एड राजेश कुमार, पवित कुमार, एडवोकेट उदय राज मौर्य, राजकुमार बौद्ध, डॉ भागीरथी मौर्य, डॉ ओ पी मौर्य, अनिता पटेल, रानी सिंह, अनिता मौर्य, शिवानन्द, रमेश सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में उपासक, उपासिकाएं और धम्म बंधु उपस्थित थे।

## सुलतानपुर में महिला से अभद्रता, विरोध करने पर हमला- पीड़िता ने दी तहरीर, FIR दर्ज




स्वतंत्र प्रभात

**सुल्तानपुर** जिले के अंतर्गत थाना कोतवाली कादीपुर क्षेत्र के ग्राम कुम्ही डढ़िया (रानेपुर) में एक महिला से अभद्रता और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता पल्लवी सिंह पत्नी आशीष सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 9 मई की रात करीब 9:30 बजे गांव के दीपक सिंह पुत्र रंजीत सिंह दो अज्ञात लोगों के साथ असलहा लेकर उनके घर में घुस आया और दुराचार की नीयत से उनकी साड़ी खींचने लगा।

महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट और मोच आ गई। शोरगुल सुनकर पहुंचे ससुर ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया गया। ससुर के पीठ और कंधे पर चोटें आई हैं। हल्ला सुनकर जब गांव वाले जमा हुए तो आरोपी दीपक सिंह भद्दी-भद्दी गालियां देता और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। मामले की सूचना 112 पर पुलिस को दी गई थी। पीड़िता ने थाना कोतवाली कादीपुर में आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज कर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

# भगवान बुद्ध को किया नमन

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व महासचिव मंजूर हसन के संचालन मे बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि प्रदान की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने भगवान बुद्ध को ज्ञान व करुणा का अथाह सागर बताते हुए कहा की भगवान बुद्ध के बराबर सत्य व अहिंसा का उपासक कोई दुसरा नहीं हो सका। इतने महान व्यक्ति की समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने प्रदेश के सभी जिला कार्यालयों पर मनाने का आह्वान कर बहुत बड़ा समाजवाद का संदेश दिया है। दुनिया के तमाम देशों ने उनके विचारों को अपनाया। उनके जीवन से हमे यह प्रेरणा मिलती है की जीवन का असल सुख भौतिक चका चौंध मे नहीं है बल्की जीवन का असल सुख आत्मशांति मे निहित है। महात्मा बुद्ध ने यह सिद्ध किया कि जिसके अंदर आत्मबल होगा वो बडे से बडे क्रुर व्यक्ति को भी सज्जन बना सकता है। श्री यादव ने कहा की पुरे विश्व को महात्मा बुद्ध से प्रेरणा लेनी चाहिए अगर पुरा विश्व भगवान बुद्ध से प्रेरणा लेता तो अकारण हि लाखों लोग अकारण काल के गाल मे न समाते। श्री यादव ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम भगवान बुद्ध की धरती के हैं उनका सम्पूर्ण जीवन समाजवाद का एक अनुपम उदाहरण है हमे उनके बताए रास्ते पर चलकर एक समतामुलक समाज की स्थापना के लिए कार्य करना होगा, माननीय अखिलेश यादव व समाजवादी लोग ही उनके विचारों को आगे बढ़ा सकते हैं।यही भगवान बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में हृदय नारायण जायसवाल, राजवंशी राजभर, अमीत सिंह गौतम, बाबूलाल यादव, देशराज यादव, सुनैना कुशवाहा, सीमा मौर्या, नसीम लारी, आनंद यादव, बृजेश पासवान, रमेश यादव, अर्जुन यादव, राजनाथ, राम नारायण, सिराज अहमद, सोनू यादव, नसरुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**मानव विकास हेतु बुद्ध सदैव रहेंगे**

**प्रासंगिक- चंद्रभूषण**

**देवरिया।** मानव विकास हेतु बुद्ध सदैव प्रासंगिक रहेंगे क्योंकि बुद्ध की पूरी वैचारिकी वैज्ञानिक और तार्किक है उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि महामना बुद्ध ने समाज को समता और शांति का संदेश दिया है जो प्रत्येक तरह के शोषण और अन्याय को खत्म करने का हिमायती है। यादव ने कहा कि महामना बुद्ध का जाति विहीन, शोषण विहीन समतावादी पंथ मानव- मानव के भेद को मिटाकर एक शीलवान समाज निर्माण का मार्ग दिखाता है जिसकी आज परम आवश्यकता है। इस दौरान मुरलीधर यादव, रामप्यारे यादव,सुरेश नारायण सिंह, दिनेश प्रसाद, व्यास यादव, दयानंद यादव, अशोक यादव, संजय यादव, श्यामसुंदर प्रसाद, अयोध्या वर्मा, संतोष मद्धेशिया आदि ने महामना बुद्ध को याद करते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# अनपरा नगर पंचायत द्वारा महाराणा प्रताप के बैनर फाड़े जाने पर क्षत्रिय समाज में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**अनपरा, सोनभद्र।** भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही अनपरा नगर पंचायत एक नए विवाद में घिर गई है। नगर पंचायत कर्मियों द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर अतिथियों के स्वागत के लिए लगाए गए बैनर और पोस्टरों को फाड़कर कूड़े में फेंकने से क्षत्रिय समाज के लोगों में भारी नाराजगी है। क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी और बेलवादह के पूर्व प्रधान हरदेव सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, दीपक सिंह, आर पी सिंह, कृष्णा सिंह, अभय सिंह, अरविन्द सिंह, प्रशांत सिंह आदि ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 मई को अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित ऑडिटोरियम में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई थी। कार्यक्रम में आए अतिथियों के स्वागत में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के साथ-साथ पूर्व सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, पूर्व एमएलसी केदार नाथ सिंह सहित अन्य अतिथियों के फोटो बैनर में लगे थे। काशी मोड़ से अनपरा तापीय परियोजना के गेट तक चार दर्जन से अधिक पोस्टर और बैनर परियोजना के खंभों और लोहे के फ्रेम में लगाए गए थे।शिकायत पत्र में आगे कहा गया है कि कार्यक्रम के दूसरे दिन, एक सोची-समझी साजिश के तहत अनपरा नगर पंचायत के कर्मी वाहन लेकर पहुंचे और सभी बैनर-पोस्टरों को फाड़कर गाड़ी में भरकर कूड़े में डाल दिया। पोस्टर फाड़ते देख जब कुंदन सिंह ने आपत्ति जताई, तो कर्मचारियों ने ईओ अपर्णा मिश्रा का आदेश बताया। हालांकि, जब ईओ से इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने किसी भी आदेश के जारी होने से इनकार किया। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षत्रिय समाज में आक्रोश फैल गया।रविवार को सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग अनपरा थाने पहुंचे और कोतवाल को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि होर्डिंग और बैनर हटाने का कोई आदेश था, तो क्षेत्र में



महीनों से लगे पोस्टर और बैनर खंभों पर कैसे लटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि नगर पंचायत के कर्मचारियों ने दुर्भावना से ग्रसित होकर महाराणा प्रताप सहित सम्मानित जनप्रतिनिधियों का अपमान किया है, जिसे क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन इस मामले में कार्रवाई नहीं करता है, तो पूरा क्षत्रिय समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## हेलो किड्स भरवारी में मातृशक्ति को समर्पित मदर्स डे समारोह का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**भरवारी कौशाम्बी।** जनपद में हेलो किड्स भरवारी के तत्वावधान में रविवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक अत्यन्त भव्य, भावनात्मक और सजीव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं के सम्मान में विविध रंगारंग प्रस्तुतियों की झड़ी लग गई। यह कार्यक्रम रिद्धि सिद्धि रिजॉर्ट फेस-2 में आयोजित किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मां के प्रति प्रेम और कृतज्ञता को मंच पर बखूबी प्रस्तुत किया। इस भावुकता से भरे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हृदयकर्णिका रिद्धि सिद्धि और उनकी मां श्रीमती सपना गुप्ता रहीं। विशेष उपस्थिति में स्कूल के फाउण्डर देव गुप्ता ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना से हुई। इसके पश्चात नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी मां के प्रति भावनाएं प्रकट करते हुए गायन प्रस्तुत किया। छोटे-छोटे बच्चों ने जब वाद्ययंत्रों के साथ मां के लिए गीत गाया तो पूरा सभागार भावविभोर हो गया। बच्चों की मासूम आवाज और संगीत में भरी भावनाओं ने हर एक माता के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में आंसू ला दिये।

अपने बच्चों को मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देते हुए देखकर कई माताएं भावुक हो उठीं। उन्होंने न केवल तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया बल्कि विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि हेलो किड्स भरवारी वास्तव में बच्चों के व्यक्तित्व विकास और उनकी प्रतिभा को मंच देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। एक अभिभावक ने कहा, "हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे छोटे-छोटे बच्चे इतने अच्छे से गा और नाच सकते हैं। यह स्कूल का ही प्रयास है, जो आज हम अपने बच्चों को इस रूप में देख पा रहे हैं।"

नर्सरी, जूनियर केजी और सीनियर केजी के बच्चों ने विशेष नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति इतनी मोहक और मनोहारी रही कि उपस्थित सभी माताओं ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर माताओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से कार्यक्रम में एक नई ऊर्जा और आनन्द का संचार हुआ। विजेता माताओं को विशेष उपाधियों से सम्मानित किया गया।

सुपर मोम का खिताब जूनियर केजी की छात्रा कशवी केशरवानी की मम्मी समृता केशरवानी को प्रदान किया गया।

बेस्ट मोम के खिताब से नैतिक सिंह की माता रीना देवी और शदन की मम्मी शेफाली खान को नवाजा गया।

संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा, "हमारा प्रयास है कि हम विद्यालय को केवल शिक्षा का केन्द्र न बनाकर एक ऐसा परिवार बनाएं, जिसमें माता-पिता, शिक्षक और बच्चे मिलकर एक सशक्त समाज निर्माण की दिशा में कार्य करें। यह आयोजन माताओं के सम्मान का छोटा सा प्रयास है, जिन्होंने अपने बच्चों को इस विद्यालय का हिस्सा बनाया है।"

डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने सम्बोधन में कहा, "मां हमारे जीवन की प्रथम शिक्षक होती हैं। उनकी ममता, त्याग और समर्पण को शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम के अन्त में सभी माताओं को विद्यालय की ओर से सम्मान चिह्न और स्मृति उपहार प्रदान किए गए। इसके बाद सभी के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का संचालन अत्यन्त आकर्षक एवं भावनात्मक शैली में किया गया, जिससे पूरी महफिल सजीव और उल्लासपूर्ण बनी रही। यह आयोजन माताओं और विद्यालय के बीच भावनात्मक जुड़ाव को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

### नूडल्स की फैक्ट्री में लगी आग,आग से कई लोग झुलसे

**भेजे गये अस्पताल,फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर पाया काबू**

**कौशाम्बी।** जनपद में संदिग्ध परिस्थितियों में नूडल्स की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई,फैक्ट्री में काम करते समय अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई,आग के चलते कई लोग झुलस कर कर कई लोग बेहोश हो गये, कई लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है,आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने फंसे हुए लोगों को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।घटना कड़ा धाम थाना इलाके के म्योहरा की है जहां पर एक नूडल्स फैक्ट्री संचालित है, इस नूडल्स फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे,तभी अचानक आग लग गई,आग से पूरे कमरे में धुवां भर गया,लोगों का दम घुटने लगा और कई लोग बेहोश हो गये,घटना की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को और पुलिस को दी गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और फंसे हुए लोगों को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला और इलाज के लिये अस्पताल भेजा, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है।

## वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ी समाज सेवा- डॉ विशाल सिंह



स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ़ के तत्वावधान में महुली स्थित वृद्धाश्रम सेवा संस्थान में वृद्धजनों को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद कौशांबी के जिला अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ जीएस हास्पिटल रानीगंज अजगरा ने वृद्ध जनों को फल वितरित करते समय कहा कि वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ी समाज सेवा है। उन्होंने वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को विशेषकर महिलाओं से उनकी दिनचर्या एवं मिल रही सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला संरक्षक पूर्व मैनेजर ग्रामीण बैंक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद समय समय पर अनेक सामाजिक कार्यक्रमों को करता रहता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामलखन सिंह ने बताया अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद अराजनैतिक संगठन है। इसके द्वारा विशुद्ध रूप से समाजिक कार्यो को किया जाता है।वृक्षारोपण, शीतलहर में कम्बल वितरण, क्षत्रियों के बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा, शादी बिना दान दहेज के करने में सहायता करता है।उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा एक पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के नगर अध्यक्ष पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, महामंत्री डीपी सिंह पूर्व प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक, धीरेन्द्र प्रताप सिंह चीफ मैनेजर बजाज एलियांज, बाबागंज ब्लाक अध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह आदि और वृद्धाश्रम के सहकर्मी उपस्थित थे।

## मनमानी तरीके से पूरी रात मिट्टी की खुदाई करती है जेसीबी मशीन

**● चौकी पुलिस हफ्ता ले बनी अनजान**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में मंझनपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोरंई चौकी अन्तर्गत हाजीपुर पतौना,बरातफारीक, देवखरपुर आदि गांवों में मनमानी तरीके से पूरी रात अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई में जेसीबी मशीन गरजती रहती हैं एक तरफ जहां मनमानी तरीके से मिट्टी खनन कर खेत और तालाब को गड्ढा बनाया जा रहा है वहीं जेसीबी मशीन की तेज आवाज से लोगों की नींद भी गायब हो जाती है हाजीपुर पतौना व बरातफारीक के समीप नदी और तालाब के बगल में बीते कई दिनों से जेसीबी मशीन से मिट्टी के खुदाई हो रही है लोगों ने मामले की सूचना भी चौकी पुलिस को दिया है लेकिन उसके बाद भी जेसीबी मशीन के द्वारा मनमानी तरीके से मिट्टी की खुदाई को बन्द नहीं कराया गया है बताया जाता है कि जेसीबी संचालक मिट्टी खनन में लगे हैं निजी भूमि के साथ-साथ सरकारी भूमि की भी मिट्टी की खुदाई हो रही है जिसमें सरकार को राजस्व का नुक़सान हो रहा है।जबकि सरकार द्वारा सरकारी भूमि से मिट्टी की खुदाई पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है लेकिन उसके बाद भी सरकारी भूमि से मिट्टी की खुदाई क्षेत्रीय पुलिस के सहयोग से लगातार जारी है। शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र के लोगों ने गलत तरीके से अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाये जाने और जेसीबी संचालकों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कौशाम्बी बौद्ध स्थल में सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई, प्रयागराज द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं श्रीलंका राम बौद्ध विहार कौशाम्बी के सहयोग से दिनांक = 12 05.2025 को मल्टीपरपज हाल कौशाम्बी में सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं बौद्ध धर्म के पवित्र स्थलों पर आधारित है। प्रदर्शनी में लुंबिनी, कपिलवस्तु, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, राजगीर, वैशाली, संकिसा, नालन्दा, विक्रमशिला, लौरिया, नंदनगढ़, लौरिया अरेराज, रामपुरवा, केसरिया तथा सांची के लगभग 50 छायाचित्र लगाए गए। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीलंकाराम बौद्ध विहार, कौशाम्बी के प्रबन्धक टी0 श्री विसुद्धि थेरो ने किया। इस अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।

मुख्य वक्ता थेरों ने अपने व्याख्यान में भगवान बुद्ध के जीवन एवं उनके शिक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। मानवता के कल्याण के साथ ही समस्त जीव जगत के प्रति प्रेम, करुणा, सहअस्तित्व और सहिष्णुता की भावना भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का आधार थी। वर्तमान परिस्थिति में बुद्ध की शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी प्रयागराज क्षेत्र डॉक्टर सुभाष चन्द्र यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक विद्यार्थी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। इसमें विजय बहादुर मौर्य, सीमा पाल, ज्योति सिंह, मन्दाकिनी देवी, मुस्कान जैन, पत्रकार राजू केशरवानी, राहुल दुबे, निर्भय प्रजापति, दुर्गा प्रसाद आदि प्रमुख थे। यह प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ दिनांक- 17 मई, 2025 तक प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक खुली रहेगी।



## संक्षिप्त खबरें

### निर्माण कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया जायजा

**पलिया कलां (खीरी)** नगर में सड़क व नाला निर्माण सहित हो रहे कार्यो व साफ सफाई का पलिया चेयरमैन लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जायजा लेते हुए सरकार की मंशा अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिए।चेयरमैन ने मोहल्ला सिंगहिया में हो रहे सड़क निर्माण कार्य की गुड़वत्ता व बरबंडा सड़क नाला निर्माण का जायजा लेने के साथ नगर की साफ सफाई का भी जायजा लिया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि इंजीनियर वरूण गुप्ता,अभिनव मिश्र गोलू सहित मोहल्लों के लोग मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों ने बरसात को देखते हुए नाला की नालियों हुई सफाई



**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत सिंगाही ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए सभी वार्डों में नाला और नाली की सफाई का कार्य शुरू किया है। नगर पंचायत सिंगाही ईओ/एसडीएम निघासन राजीव निगम के निर्देशन में सफाई कर्मचारियों द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों ने नालों और नालियों की सफाई में तेजी लाई है ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न हो।सिंगाही के सभी वार्डों में सफाई का कार्य निरंतर जारी है। नगर पंचायत का उद्देश्य बरसात के मौसम में कस्बे को जलभराव से बचाना है। सफाई कर्मचारियों की मेहनत से कस्बे की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा।नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी कस्बे की सफाई और स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नगर पंचायत सिंगाही के इस प्रयास से कस्बे की स्वच्छता और सुंदरता में वृद्धि होगी। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पंचायत पूरी तरह से तैयार है।

### नर्सिंग दिवस पर प्रधानाचार्य को रेड क्रॉस ने किया सम्मानित



**शाहजहांपुर-** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ने अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर बरेली मोड़ स्थित नाइटेंगल नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 जीनू जार्ज को रेड क्रॉस का प्रतीक चिन्ह देकर एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया इस अवसर पर रेड क्रॉस की सचिव डॉ0 विजय जौहरी ने जानकारी दे कर बताया नर्सिंग का जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को माना जाता है। वह एक ब्रिटिश नर्स, सांख्यिकीविद् और समाज सुधारक थीं, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक के रूप में जाना जाता है। नर्सिंग एवं रेड क्रॉस दोनों एक दूसरे के पूरक है। रेड क्रॉस एक मानवीय संगठन है जो युद्ध, आपदाओं और अन्य मानवीय संकटों के समय प्रभावित लोगों की मदद करता है। नर्सिंग, जो रोगियों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और उनकी देखभाल करने का अभ्यास है, रेड क्रॉस के काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों के बीच के संबंध में कुछ मुख्य बिंदु है मानवीय सहायता, चिकित्सा देखभाल, स्वयंसेवक, आपातकाल प्रतिक्रिया आदि। इस कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव डॉ0 विजय जौहरी, डॉ0 मुजीब, जिला प्रबंध समिति सदस्य अनुज जौहरी,कॉलेज की उप प्रधानाचार्य ब्लेसी जॉर्ज, किरण, हरि किसान आदि लोग उपस्थित रहे।

### गंगा स्नान करने जा रहे हैं श्रद्धालु की मोटरसाइकिल व तांगे की हुई टक्कर, एक व्यापारी की मौत



**शाहजहांपुर-** जनपद के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ढाई गांव के निकट एक मोटरसाइकिल की सामने आ रहे तांगे से टक्कर हो गई. वह आज पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने जा रहे थे। जिससे जलालाबाद के मुहल्ला प्रताप नगर निवासी नेकपाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उनकी बाइक पर पीछे बैठी पत्नी मीरा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला मीरा को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जिनका आज सोमवार को शाहजहांपुर में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। नेक पाल मूलता चित्रऊ गांव के रहने वाले हैं और जलालाबाद में फर्नीचर की दुकान का काम करते हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. नेक पाल की जलालाबाद में राजपूत स्टील वर्क्स के नाम से दुकान है। नेकपाल के दो पुत्र हैं जिनमें मोहित बड़ा व दीपेश छोटा है दोनों दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं।उनकी मौत की सूचना के बाद उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।

## गोला में सरायन नदी का अस्तित्व खतरे में नदी बनी कूड़े का अंबार अधिकारी उदासीन

**● बरसात के दिनों में फैलेगी बीमारियां जिसका कौन होगा जिम्मेदार**

**जिला प्रशासन द्वारा सरायन नदी की साफ सफाई कराई जाए जिससे बरसात के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जासके**



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बहुत जल्द ही उत्तर प्रदेश में मानसून आने वाला है जिसको लेकर प्रशासन की कोई तैयारीयां नहीं दिखाई पड़ रही है। गोला शहर से निकली नालियों में तरीझार कूड़े की सफाई जारी है लेकिन पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नगर वासियों को बरसात के समय परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।मालूम हो कि छोटी काशी गोला मोहम्मदी रोड पर सरायन नदी में लगे कूड़े का ढेर जिसमें न कभी साफ सफाई होती है अगर ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब सरायन नदी छोटे से नाले में तब्दील हो जाएगी जिससे सरायन नदी का अस्तित्त खतरे में पड़ा हुआ है। जबकि सरायन नदी में गोला नगर के खुटार रोड, बांकेगंज रोड, की नालियों का पानी भी सरायन नदी में मिलता है। जिस कारण कुछ दिनों बाद बारिश होगी और गोला नगर व गोला देहात के निचले स्थानों के गांवों में जैसे मथुरा नगर, भारत भूषण कॉलोनी, सर्वोदय नगर, के रहने वालों के लिए बरसात के दौरान परेशानी का सबब बना रहता है। बरसात के दिनों में बाढ जैसी स्थिति उत्पन्न होजाती है और पानी भरा होने के कारण लोगों में बीमारियां फैलती रहती है।जिसका कौन जिम्मेदार होगा।आस पास के लोगों का कहना है कि जब बरसात आती है तभी अधिकारी ध्यान देते हैं इस समय कोई ध्यान नहीं दे रहा है सराय नदी की साफ सफाई कराई जाए जिससे बरसात के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति न उत्पन्न हो अधिकारी थोड़ा ध्यान दें सराय नदी की साफ सफाई समय से पहले कराई जाय।

### 18 वर्षीय युवक की करेंट लगने से हुई मौत, मृतक की मां का टेंट कारोबारी पर लगाए गंभीर आरोप



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार अल सुबह कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव में टेंट का पाईप उतारते समय 11 हजार लाईन में टच होने से युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मिर्जा पुरवा निवासी रमेश पंडित के यहा शादी समारोह में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया का टेंट लगा था जिसको सोमवार सुबह लेवर 18 वर्षीय अंकित पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम पिपरिया उतारने के दौरान निकली 11 हजार लाईन से टकराने से झुलस गया। गंभीर हालत में ष्ट ॥ ष्ट धौरहरा लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद मृतक की मां टेंट कारोबारी द्वारा करेंट लगाकर मारने का आरोप लगाया। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है परिजनों से तहरीर नही मिली है।

## रसूखदारों के हाथो मे अमृत सरोवर की कमान सौपे जाने के आरोप




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी-** लखीमपुर सीतापुर हाइवे पर स्थित महमदाबाद गांव के हाइवे पर बना अमृत सरोवर जो कि सरकार ने जनता के लिए बनवाया था।लेकिन आज सिर्फ वहां व्यापार के अलावा कुछ नहीं रहा।ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत से बनवाया गया अमृत सरोवर सिर्फ पैसे के दम पर रसूखदारों के हाथ में दे दी गई कमान। यह कहा का नियम है कि खाली अंदर प्रवेश करने के लिए फीस पड़ती है।उसके बाद खाने पीने का इतना ज्यादा महंगा सामान बेचा जा रहा है। क्या सत्ता के बल बूते पर सार्वजनिक पर्यटन स्थल पर जिला पंचायत सदस्य को ही क्यों दिया गया। सत्ता के मदहोश लोग कुछ भी करे कोई कहने वाला नहीं वही जब विपक्ष के लोग सही भी बात कहते है तब भी दबाया जाता है।लोगो की शिकायत है ये अगर जल्द ही इस शिकायत को दूर नहीं किया गया तो लोगों का गुस्सा फूट सकता है और अपनी शिकायत जिलाधिकारी खीरी के दरबार में की जा सकती है। और बात करे नियमावली की तो जब हाइवे अमृत सरोवर के सामने कोई कट नहीं था एक बार कट बना दिया गया था।तो पूर्व डीएम खीरी ने उसको तत्काल बंद करा दिया था लेकिन इस बार उसी जगह पर फिर से कट बना दिया गया है। साफ बात तो यही लग रही है कि सत्ता चाहे जिसकी हो जेब भर कर रखो फिर सत्ता को खरीद लो और जैसे चाहो मनमानी करो। अब जनता का सवाल यह है कि क्या अमृत सरोवर ग्रामीण बच्चों बुजुर्गो के लिए बनवाया गया था या फिर उसमें सिर्फ लखपति या करोड़पति ही जायेंगे?

## दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत, अपाचे बाइक के उड़े परखच्चे,दो युवक घायल



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान क्षेत्र के घरथनिया अजान मार्ग पर ग्राम इमलिया के निकट दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गोला में भर्ती कराया गया। जहा जोगेंद्र की हालत गंभीर होने पर उसके परिजनों ने उसे गोला के निजी अस्पताल सनसाइन ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम अलिया पुर निवासी जोगेंद्र कुमार 30 वर्षीय पुत्र जगदीश प्रसाद रविवार देर शाम करीब 7~30बजे अपनी बाइक हीरो डिलक्स पर सवार होकर किसी काम से अजान की तरफ जाते समय जैसे ही वह ग्राम इमलिया के निकट पहुंचा था तभी विपरीत दिशा से गांव मोहम्मदाबाद निवासी मोहित कुमार पुत्र रामेन्द्र सिंह? अपाचे बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। जिसमें जोगेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों की मदद से उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया। जहा जोगेंद्र की हालत नाजुक होने के चलते उसके परिजनों ने गोला के सनसाइन ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया वहां उसका इलाज चल रहा है। जबकि दूसरे अपाचे बाइक सवार मोहित कुमार को छुटपुट चोटें आई जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि अपाचे बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांचकर दोनों बाइकों को अपने कब्जे में लेकर चौकी ले गई।

### मकान की कुंडी तोड़कर अज्ञात चोरों ने कीमती बर्तन व चांदी के आभूषण किए चोरी



**शाहजहांपुर-** जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव धियारिया निवासी महिला सुशीला पत्नी भूरे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है और वह अपने पुत्र के साथ पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में मेहनत मजदूरी करती है और वहीं पर रहती है. उनके गांव के रमाकांत की भतीजी की 11 मई को शादी थी जिसमें वह शामिल होने के लिए आई थी 11 मई की रात व परिवार शादी प्रोग्राम में शामिल होने गया हुआ था तभी उनके मकान जो कि गांव के किनारे है उसकी कुंडी तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 70 किलो वजन के पीतल के बर्तन चांदी की पायल व खंडुआ एवं साड़ियां चोरी कर फरार हो गए. सुबह जब वह अपने मकान पर गई तो दरवाजे की कुंडी टूटी देखकर उसके होश उड़ गए उसने अंदर जाकर देखा तो उनका सारा सामान गायब था। कमरे के अंदर दो संदुको के ताले टूटे हुए थे तभी उन्होंने डायलॉग 112 पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया. महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गोला नगर के हनुमान मंदिर उत्सव कार्यक्रम घोषित, 11 जून को होगा विशाल भंडारा

**● सवा तेईस मन के बने लड्डू से लगेगा भोग, नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी शोभायात्रा।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर की सब्जी मंडी स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मन्दिर परमार्थ सेवा समिति द्वारा अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर इक्कीसवां वार्षिक उत्सव ज्येष्ठ माह में मनाये जाने की घोषणा की गई।मन्दिर प्रांगण में पत्रकार बन्धुओं के साथ बैठक कर आगामी आयोजन के बारे जानकारी देते हुए बताया गया की जेष्ठ मास में होने वाले सभी कार्यक्रमो को अपने-अपने समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं जिससे नगर के साथ-साथ आसपास क्षेत्रों के भक्तजन कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें। परमार्थ सेवा समिति के उपाध्यक्ष शिव गोपाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए मीडिया को बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठमास के अंतिम बड़े मंगल पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसके कार्यक्रम इस प्रकार संपन्न होंगे मंगलवार 13 मई को ध्वजारोहण एवं श्रीगणेश पूजन प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगा 11:00 बजे भोग लगाया जायेगा,वानर भंडारा 4:00 बजे व श्रीसुंदरकांड पाठ 7:15 पर होगा।सोमवार 19 मई को श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा मंगलवार 20 मई श्रीरामचरितमानस पाठ का विश्राम एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।माह के त्रितीय मंगलवार 27 मई को 7:15 बजे से सुंदरकांड पाठ तत्पश्चात फूलों की होली खेली जाएगी। मंगलवार 3 जून को प्रातः11बजे 56 भोग का प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंगलवार 10 जून प्रातः 7:00 बजे सुंदरकांड का पाठ, प्रातः 9:00 बजे प्रसाद की शोभायात्रा व सवा तेईस मन के एक लड्डू का भोग 11:00 बजे लगाया जायेगा तथा बजरंगी भोग एवं प्रसाद वितरण एवं 3~00 बजे से भव्य शोभायात्रा गोला नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। हनुमान उत्सव



के दौरान नगर वासियों द्वारा सहयोग किये जाने के प्रति समारोह आयोजक शिव गोपाल गुप्ता ने धन्यवाद दिया है।बधवार 11 जून को विशाल बजरंगी भंडारा प्रातः 11:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ एवं समापन समारोह होगा। कपिल बाबरा ग्रुप द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस बैठक के अवसर पर शिव गोपाल गुप्ता, श्याम गोपाल गुप्ता, प्रेमचंद जायसवाल, रामनिवास गुप्ता,राजकुमार गुप्ता मोहित गुप्ता व नगर के हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

## पुलिस का ढुलमुल रवैया बना पत्रकारों के लिए चुनौती

**● क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओ की जानकारी अजान चौकी पुलिस पत्रकार को नहीं दे पा रही**




स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद की अजान चौकी पुलिस का रवैया इन दिनों पत्रकारों के लिए बड़ी चुनौती पूर्ण बना हुआ है। सड़क दुर्घटनाओ सहित आपराधिक घटनाक्रम या महत्वपूर्ण समाचार की जानकारी लेने पर पत्रकारों को पुलिस की ओर से रटा-रटाया जवाब मिलता है हमें जानकारी नहीं है हम मौके पर नहीं थे,या थोड़ी देर में घटना की जानकारी देंगे, या ÷अमुक एसआई से बात कर लें।थक-हार कर पत्रकार जब अपने विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर खबर प्रकाशित करते हैं, तो पुलिस प्रशासन की ओर से न केवल उस पर आपत्ति जताई जाती है बल्कि संबंधित पत्रकारों पर दबाव बनाकर उनसे खबर में फेरबदल करने की भी कोशिश की जाती है। कई मामलों में तो पुलिस अधिकारियों द्वारा पत्रकारों को धमकाने की भी शिकायतें सामने आती रहती है। क्षेत्रीय पत्रकारों का कहना है कि वे जो खबर प्रकाशित कर रहे हैं, वह पूरी तरह सत्य और प्रमाणित स्त्रोतों पर आधारित होती है, जबकि पुलिस द्वारा घटनाओं की जो जानकारी दी जाती है, वह अक्सर आधी अधूरी दी जाती है। इससे न केवल जनहित की सूचनाएं छिपती हैं, बल्कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर भी आघात होता है।

मालूम हो कि ऐसा ही खेल अजान चौकी पुलिस द्वारा भी इन दिनों खेला जारह है। बीती रात करीब 8 बजे अजान इमलिया मार्ग पर ग्राम इमलिया के निकट दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई थी जिसमें दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। इस सम्बन्ध में स्थानीय पत्रकार ने जब अजान चौकी पुलिस से घटना की जानकारी चाही तो अजान चौकी पुलिस ने घटना की पूर्ण जानकारी होने से इन्कार करते हुए कहा कि सुबह पूरी जानकारी देंगे जब सुबह हुई तो पत्रकार ने फिर जानकारी चाही तो जबाब मिला अभी जानकारी नहीं है जानकारी कर बताते हैंइसके बाद पत्रकार ने हैदराबाद थाना प्रभारी प्रवीर गौतम से घटना की जानकारी लेते कहा अजान चौकी पुलिस की शिकायत की थाना प्रभारी ने तुरंत घटना की सूचना पत्रकारों के ग़्रुप पर डलबा दी गई।

### पीयू की छात्रा श्रेया सिंह का यूपीसीएसटी समर इंटर्नशिप में चयन



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रतिभावान छात्रा श्रेया सिंह का चयन उत्तर प्रदेश कार्उंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (U.P. C.S.T.) द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत श्रेया को आई आई टी, आई आई एस ई आर, सीएसआईआर अथवा देश के अन्य प्रतिष्ठित विज्ञान शोध संस्थानों में कार्य का अवसर प्राप्त होगा। यह चयन श्रेया की वैज्ञानिक प्रतिभा, परिश्रम और अकादमिक उत्कृष्टता का परिचायक है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने श्रेया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगी। यह सफलता पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला पंचायत के सभागार में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। उनके जीवन दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है.। भगवान बुद्ध के बताये हुए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवनयापन करने में सक्षम हो सकता है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि बुद्ध का दर्शन मानववाद का दर्शन है जो आज भी प्रासंगिक है। मनुष्य को चाहिए कि प्रत्येक मनुष्य का सहायता करे, भारतीय संविधान में नागरिको के मौलिक कर्तव्य में यह लेख है कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39ए समाज के वंचित और कमजोर वर्गो को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने की वकालत करता है और समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देता है। यह लोगों को कानूनी जागरूकता पैदा करने, कानूनी सलाह देने, और अदालती कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने जैसे कार्यों में मदद करता है। इस अवसर पर महन्थ त्रिवेणी पर्वत इण्टर कालेज विशुनपुरा बाजार, के प्रतिनिधि, आम जनमानस, इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

## विश्व कल्याण के लिए गृहे गृहे आयोजित हुआ गायत्री महायज्ञ व पूजन

**● गायत्री परिवार की पहल पर हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में विश्व कल्याण के लिए गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर वातावरण को शुद्ध रखने एवं सभी के कल्याण को लेकर सपरिवार महामंत्र की आहुतियां डाली गई गायत्री परिवार द्वारा इस कार्यक्रम को जन जागरण बनाने के लिए पूर्व से ही तैयारियां की गई थी गायत्री परिवार के ब्लॉक समन्वयक अशोक शर्मा ने बताया कि इसको लेकर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क करते हुए कार्यक्रम की महत्ता को बताया गया था उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से निकले हुए धुएं से जहां वातावरण शुद्ध होगा वहीं अनेक प्रकार के बैक्टीरिया भी नष्ट हो जाएंगे जो हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं उन्होंने कहा कि यज्ञ का वैदिक महत्व तो है



ही साथ ही साथ इसे वैज्ञानिकों ने भी जन कल्याण के लिए सबसे अच्छी विधि बताया है श्री शर्मा ने बताया कि पूरे ब्लॉक के 551 घरों में महायज्ञ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था उन्होंने कहा कि सूचना के मुताबिक इससे भी कहीं अधिक घरों में महायज्ञ का आयोजन किया गया है कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार से जुड़े कार्यकर्ता पंकज कुमार त्रिपाठी दीपक पाठक मनोज शर्मा ध्रुव केश शर्मा, मनोज कुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोगों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है।

## भगवान बुद्ध ने अहिंसा,दया,प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया था- सुरेश पासी

**● हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा**

स्वतंत्र प्रभात

**जगदीशपुर अमेठी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती जगदीशपुर स्थित ए एच इंटर कॉलेज में मनाई गई। डॉक्टर अंबेडकर फाउंडेशन( सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार,नई दिल्ली) इसका आयोजन मित्र संस्था द्वारा कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी रहे। विशिष्ट अतिथि जगदीशपुर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह रहे,पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं विधायक सुरेश पासी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने अहिंसा दया प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया था जो की जीवन को मुक्ति मार्ग दिखाने का माध्यम है। आगे अपने संबोधन में कहा कि आज एक ऐसा दिन है जब हम उनके मूल्यों और उपदेशों को याद करके दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं गौतम बुद्ध का जन्म 630 ईसा पूर्व में नेपाल के लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था राजकुमार सिद्धार्थ के रूप में उनका जीवन सुख सुविधाओं से भरा हुआ था वह राजघराने से आते थे इतना सब कुछ होने के बावजूद उन्होंने मोह माया त्याग कर बैरागी धारण किया और उनको कठोर तपस्या के बाद ज्ञान प्राप्त हुआ और वह महात्मा बुद्ध बन गए। विशिष्ट अतिथि राजेश विक्रम ने संबोधित करते हुए कहा महात्मा बुद्ध शक के कुल के राजा शुद्धोधन के घर पर जन्म हुआ उनकी मां का नाम महामाया था जो कोली वंश से थी जिनका उनके जन्म के साथ दिन बाद निधन हो गया उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन मा प्रजापति गोतमी ने किया 29 आयु के वश में सिद्धार्थ विवाह हो प्रांत एक मात्र नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्याग कर संसार को जरा मरण दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपथ का मौत त्याग कारवां की ओर चले गए बरसों कठोर साधना के पश्चात बोधगया बिहार में बौद्ध वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए और पूरे विश्व को उपदेश देने का कार्य किया।ए एच इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर ने संबोधित करते हुए कहा महात्मा बुद्ध बचपन में ही माता जी का निधन होने के बाद उनका पालन पोषण उनकी मौसी ने किया था जिनका नाम गौतमी था शिशु का नाम सिद्धार्थ दिया गया जिसका अर्थ है वह जो सिद्धि प्राप्त के लिए जन्म हो जन्म समारोह के दौरान साधु दृष्ट आशिक ने अपने पहाड़ के निवास से घोषणा की बच्चा या तो एक महाराज या एक महान पवित्र पथ प्रदर्शक बनेगा जो की महाराजा ने अपने सभी दरबारी एवं कर्मचारियों को कहा कि इनका कोई दुख न होने पाए और ना ही संसार को यह देख पाए इसलिए सभी सुख सुविधा इनको महल में ही होनी चाहिए लेकिन सिद्धार्थ का विवाह हुआ और एक पत्र भी हुआ उसके बाद अपने रथ से बिना किसी को बताएं बाहर चले गए और देखा 100 यात्रा निकाल रही थी अपने सारथी से पूछा यह क्या है उन्होंने कहा यह शिया यात्रा है जब लोगों की मृत्यु हो जाती है तो यह लोग उनको लेकर के जा रहे हैं अंतिम संस्कार के लिए। सिद्धार्थ बचपन से ही दया करुणा के स्रोत थे इसका परिचय उनके आरंभिक जीवन की अनेक घटनाओं से पता चलता है जैसे घर दौड़ में जब घोड़े दौड़ते हैं और उनके मुंह से झाग निकलता तो उन्हें थक



जानकर वहीं रोक देते और जीती हुई बाजी हार जाते हैं खेल में भी सिद्धार्थ को खुद हार जाना पसंद था क्योंकि किसी को हराना और किसी को दुखी होना उनसे नहीं देखा जाता था और उनके हृदय में करुणा और दया कूट-कूट कर भरी थी। जयंती समारोह को भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, गौरव सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधान संघ अमरनाथ पासी शेखर तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह मंडल ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामदेव पांडे रिटायर्ड अध्यापक,मनोज पासी,दिनेश पासी क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पर की अवध वसूली पर चिकित्सकों में आक्रोश

**स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल**

**मीरजापुर।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. अ पर अवध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं, जिससे चिकित्सक समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। मड़िहान, राजगढ़, अहरौरा, परड़ी, नारायणपुर और जमालपुर क्षेत्रों में यह समस्या सबसे अधिक चरम पर है। सूत्रों के अनुसार, कागजों पर चिकित्सालयों को सील करने की कार्रवाई दिखाई जा रही है, लेकिन वास्तविकता में कोई सीलिंग नहीं हो रही। यह स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से प्रदेश सरकार की योजनाओं और करदाताओं के धन को खुले तौर पर दुरुपयोग करने का मामला सामने आ रहा है। चिकित्सकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉ. अ की कथित अवध वसूली ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। कागजी कार्रवाई में चिकित्सालयों को बंद दिखाया जा रहा है, जबकि धरातल पर वे संचालित हो रहे हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय चिकित्सकों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से इस मामले की गहन जांच की मांग की है। सूत्रों की माने तो उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की है, ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो। जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जांच के आदेश दिए जाने की स्थिति में ही इस मामले की सच्चाई सामने आ सकती है।

## दर दर न्याय की गुहार लगाती भटक रही है महिला महिला को आवारा कहकर भगा रहे हैं थाना प्रभारी हलिया

**एक तरफ देश में मातृशक्ति को बढ़ावा मिल रहा है दूसरी तरफ हलिया थाने मे महिलाओं को दुर्दशा का शिकार होना पड़ रहा है**



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाने पर कमजोर असहाय आदमी को नहीं मिलेगा न्याय तानाशाह थाना अध्यक्ष अपने दबंगई से करते हैं काम मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक महिला दर-दर भटकते हुए थाने पर पहुंची जहां पर कानून के रख वालों के द्वारा महिला को अपमानित किया जा रहा है उसको आवारा कहकर भगा दिया गया उसके पीड़ा को नहीं सुना गया एक तरफ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण का नारा दिया जाता है प्रधानमंत्री के द्वारा सरकार की हर योजनाओं में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा दिया जाता है वहीं दूसरी तरफ उन्ही के रक्षक थाना अध्यक्ष हलिया के द्वारा महिलाओं को अपमानित करते हुए थाने से भगा दिया जाता है ऐसे में महिला ने रोते हुए अपनी पीड़ा गाते हुए थाने से वापस चली गई कहीं पर कोई भी महिलाए सुरक्षित नहीं है इस तरीके से महीने में तमाम ऐसे मामले थाने पर जाते हैं जहां पर महिलाओं को ही डांट कर भगाया जाता है महिलाओं का सुना नहीं जाता है कहीं पैसे लेकर दबाव बनाकर सुलह समझौता महिलाओं से छेड़खानी जैसे मामले में कर दिया जाता है ऐसे में महिलाओं ने जिला प्रशासन का ध्यान हलिया थाना की तरफ आकर्षित करना चाहती है कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।

## पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने सोमवार की सुबह करीब 10 बजे प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में धारा 323 आइपीसी में वांछित फरार चल रहे खैरहवां दूबे गांव निवासी अलाहू पुत्र अजीजुल्लाह उम्र 25 को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रशान्त दूबे मय हमराह हेड कांस्टेबल सुनील कुमार व कांस्टेबल दीपक प्रसाद सामिल रहे। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा गौ आश्रय स्थल एवं सामुदायिक शौचालय तथा प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

● मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा गौ आश्रय स्थल एवं सामुदायिक शौचालय तथा प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण





स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** दिनांक 12मई 2025 को मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदीद्वारा ग्राम पंचायत नारेपार विकास खण्ड DEEGH मे विकास कार्यक्रमों का निरीक्षण किया गया द्ध निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सामुदायिक शौचालय*का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय क्रियाशील होना पाया गया। पंचायत सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि 12 सीटर महिला एवं पुरुष के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है, सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर को मानदेय का भुगतान अप्रैल माह तक कर दिया गया है द्ध इसके पश्चात ग्राम पंचायत नारेपार में स्थित गो आश्रय स्थलका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस गो आश्रय स्थल पर 104 गोवंश संरक्षित है। मौके पर गोवंशों हेतु लगभग 400 कुंतल भूसा व 15 बोरी चुनी चोकर उपलब्ध होना पाया गया द्ध गोवंशों को हीट वेव से बचाव हेतु टाट पट्टी लगाया गया है। इस स्थल पर सीसीटीवी, लाइट, पेयजल आदि की व्यवस्था होना पाया गया। हरे चारे के संबंध में अवगत कराया गया कि लगभग दो बीघा जमीन में हरे चारे की बुवाई कराई गई है।

इसके पश्चात ग्राम पंचायत नारेपार में निर्मित RRC सेंटरका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यह आरसी सेंटर क्रियाशील है। मौके पर महिलाओं द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद की तैयारी किया जाना पाया गया। RRC सेंटर संचालित करने वाली महिलाओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। कृषि विभाग उद्यान विभाग पशुपालन विभाग एवं एनआरएलएम से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वे इन महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित कराएं। इसके पश्चात प्राथमिक पाठशाला नारेपार परिसर में स्थित पंचायत भवन एवं ज्ञानालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन पर पंचायत सहायक प्रीति सिंह, रोजगार सेवक प्रदीप सिंह उपस्थित होना पाए गए। पंचायत भवन पर कंप्यूटर, टीवी व नेट आदि की सुविधा उपलब्ध होना पाया गया। पंचायत सहायक व रोजगार सेवक द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत पात्र परिवारों का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा 68 फैमिली आईडी बनाए गए हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया कि वे इस ज्ञानालय में प्रतियोगिता संबंधी और किताबों की व्यवस्था अतिशीघ्र कराएं। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि वे पंचायत भवन, ज्ञानालय व सामुदायिक शौचालय को समय से खोलने एवं बंद करने की व्यवस्था कराए।

# पुलिस गाली देकर मारकर थाने के अंदर जबरन धमकी दे बेज्जत करें तो नहीं है कोई कानून

● पत्रकार पूछे सवाल तो पत्रकारों को झेलना पड़ेगा मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के स्थानीय रिपोर्टर गौरव श्रीवास्तव ने अपनी पीड़ा बताते हुए बताया कि स्थानीय थाना अध्यक्ष हलिया वीरेंद्र सिंह के मन माफिक खबर प्रकाशित नहीं करने तथा गंभीर मामलों में थाना अध्यक्ष से मामलों के बारे में जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष द्वारा दिनांक 11/05/025 को थाना परिसर में बिना किसी बात के मनमाफिक खबर प्रकाशित नहीं करने तथा गंभीर आरोपों को दबाने को लेकर प्रार्थी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बेज्जत किए जाने तथा गंभीर मुकदमे में मुझे तथा मेरे परिवार को फसाने की धमकी दिया गया जिनको जिनको लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव श्रीवास्तव हलिया थाना क्षेत्र का मूल निवासी है प्रार्थी राष्ट्रीय बेदाग केसरी अखबार तथा जी मीडिया पोर्टल का पत्रकार हैं प्रार्थी द्वारा थाना अध्यक्ष हलिया वीरेंद्र सिंह के मनमाफिक खबर प्रकाशित नहीं करने तथा गंभीर मामलों के बारे में जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह द्वारा दिनांक 11/05/025 दिन रविवार को बिना बात के थाना परिसर में प्रार्थी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बेज्जत किया गया है जिससे प्रार्थी काफी आहत हैं थाना अध्यक्ष द्वारा प्रार्थी का मानहानि करने के साथ मानसिक क्षति पहुंचाने का कार्य किया गया है वहीं थाना अध्यक्ष द्वारा प्रार्थी तथा उसके परिवार को गंभीर मामले में फसाने की धमकी दिया गया है थाना अध्यक्ष द्वारा आए दिन गंभीर मामले को थाने से ही दबाव डालकर रफा दफा कर दिया जाता है वर्तमान में थाना क्षेत्र के गौरवा गांव की एक अनुसूचित लड़की के गंभीर मामले को तीन से चार दिनों तक रफा दफा करने के लिए टाल मटोल किया जा रहा था अंत में लड़की के परिजन पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर के यहां प्रस्तुत होकर आप बीती बताया गया पुलिस अधीक्षक के यहां से वापस भेजे जाने पर दबाव डलवा कर थाने से ही गंभीर मामले को रफा दफा कर दिया गया जबकि आरोप के मामले में आरोपित युवक को लगभग चार दिनों तक थाने में बैठाया गया था इस तरीके के गंभीर आरोप में मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत न्यायालय से ही मुकदमे में किसी प्रकार का फैसला होना संभव है वहीं इसी तरीके का एक मामला लगभग डेढ़ से 2 माह पहले थाना क्षेत्र के गजरिया गांव का है जिसमें नाबालिक लड़की के साथ गलत नीयत से गांव निवासी एक युवक द्वारा जंगल के किनारे महुआ बिनने के दौरान पकड़ कर जोर जबरदस्ती किया गया सोर गुल सुनकर मौके पर लड़की का 14 वर्षीय भतीजा पहुंचा तो जोर जबरदस्ती करने वाले युवक द्वारा लड़की के छोटे भतीजे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया थाने पर पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने पर थाना अध्यक्ष



द्वारा अपने रुतबे का धौस दिखाते हुए अपने मन माफिक प्रार्थना पत्र लिखवाकर मामूली मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया जबकि पीड़ित का मेरे पास वीडियो बयान मौजूद है इसी तरीके से थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव के जंगल के शिव मंदिर में अराजक तत्वों द्वारा मंदिर में तोड़फोड़ किया गया जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा अपने लेटर पैड पर लिखित देकर वायरल किया गया था लेकिन थाना अध्यक्ष द्वारा घटना को बीक्षिप्त द्वारा कारीत किए जाने का जबरीया बयान लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए मामले को रफा दफा कर दिया गया इसी तरीके से आए दिन गंभीर मामलों को थाने से ही रफा दफा कर दिया जाता है इन्हीं सब बातों को लेकर मेरे संग इस तरीके का कृत्य किया गया अगर हम पत्रकारों के अधिकारों का इसी तरीके से हनन किया जाएगा और उन्हें बेइज्जत किया जाएगा तो आमजनमानस को न्याय कैसे मिल पाएगा यह गंभीर सोचनीय विषय है पूरे मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांचों उपरांत थाना अध्यक्ष के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई किया जाए।

# मण्डलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय में अशोक स्तंभ की की स्थापना

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आज आयुक्त कार्यालय में अशोक स्तंभ की स्थापना की गई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि अशोक स्तंभ हम लोगों का बहुत ही पुराने समय से इसकी मान्यता चली आ रही है और मेरे कार्यालय में आज इसे स्थापित किया गया है जिसका आज अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अशोक स्तंभ शक्ति, साहस और गरिमा का प्रतीक है, जो लोगों को प्रेरित करता है और उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करता है। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसमें मुख्य रूप से सत्यमेव जयते रहता है। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य की विजय होती है इस आदर्श को स्थापित करने के लिए लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए कि जब कोई भी द्वार से प्रवेश करेगा और उसका ध्यान जाएगा तो वह अपने कार्यो के प्रति और ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से अपने कार्यो को संपादित करेगा आज इसी उद्देश्य को लेकर अशोक स्तंभ की स्थापना की गई है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, अपर आयुक्त न्यायिक आशीष कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता मीरजापुर क्षेत्र लोक निर्माण विभाग इंजीनियर राम स्वारूप, अधीक्षण अभियंता मीरजापुर वित्त लोक निर्माण विभाग देवेन्द्र कुमार सिंह, नाजिर मनोज कुमार सहित आयुक्त कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सेवा को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे एम्बुलेंस कर्मी

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सरकारी एंबुलेंस सेवा को बेहतर बनाने के लिए जनपद में एंबुलेंस कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जा रहा है इस संबंध में अलीगढ़ जनपद के प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद अरशद ने बताया कि एंबुलेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोहनलाल गौतम जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉक्टर तय्यब ने पहुंच कर प्रशिक्षण ले रहे एंबुलेंस कर्मियों के कार्य की सराहना की और भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं ईएमआरआई ग्रीन हैल्थ सर्विस संस्था की तरफ से आए हुए ट्रेनर संजीव कुमार व क्वॉलिटी ऑडिटर अभिषेक कुमार ने एम्बुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एम्बुलेंस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। मोहन लाल गौतम राजकीय महिला चिकित्सालय अलीगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्लस्टर बेस्ट ट्रेनिंग का आयोजन कर 4 जिलों (अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर) के एंबुलेंस पायलट को अलग अलग बैच में बुलाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद अरशद ने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम हर 3 माह में कराया जाता है जिससे लगातार सुविधाएं बेहतर हो रही हैं।108 व 102 एंबुलेंस को कब कॉल करें 108 एम्बुलेंस किसी



भी प्रकार की इमरजेंसी के लिए एक्सीडेंट, तेज बुखार, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर, जानवर के काटने इत्यादि में। जबकि 102 एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओ तथा 2 वर्ष तक के नवजात शिशु को घर से अस्पताल लाने व उपचार पश्चात अस्पताल से घर जाने हेतु निःशुल्क सुविधा में इस्तेमाल की जा सकती हैं।

## सार्वजनिक नाले से अवैध निर्माण हटवाने की मांग





**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सार्वजनिक नाले पर अवैध निर्माण व कब्जा हटवाने की मांग किया है। ग्रामीण जमाल उदयराज, एसके यादव, इंसान, लालचंद जायसवाल, अरवार, सत्येन्द्र सिंह, सूरज, राहुल, अनिल, अजीत ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी महराजगंज को भेजे गए पत्र व उपजिलाधिकारी नौतनवा को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि एक सार्वजनिक नाला है जो नेपाल से पानी के बहाव के लिए उनके गांव में आया है। चौराहे पर स्थित मोड़ पर गांव का एक व्यक्ति नाले की जमीन में पहले से अवैध रूप से अपना घर बनाया है। अब उक्त व्यक्ति फिर पेड़ काटकर नाले की जमीन में मिट्टी गिराकर निर्माण कार्य करने जा रहा है जिससे सार्वजनिक नाले का अस्तित्व खत्म हो जा रहा है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक नाले पर अवैध निर्माण व कब्जा हटवाने की मांग किया है।

# थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत महिला के गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

● घटना में प्रयुक्त चापड़नुमा चाकू धारदार बरामद

आपसी विवाद को लेकर आवेश में आकर आरोपी द्वारा महिला पर हमला कर किया था हत्या



स्वतंत्र प्रभात

थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगरनाथपुर में दिनांक 10.05.2025 की रात्रि में आवेदिका की मां के गर्दन पर धारदार हथियार से आरोपी द्वारा हमला कर घायल कर दिया था जिनके इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर से ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी भेजा गया था, इलाज के दौरान आवेदिका की मां पार्वती देवी उम्र करीब 40 वर्ष की दि0 11.05.2025 को सुबह में मृत्यु हो गई। सूचना स्थानीय पुलिस व पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0-230/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा घटना में शामिल आरोपी के शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में दिनांक 11/12.05.2025 की रात्रि को प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा महिला के गर्दन पर हमला कर मृत्यु कारित करने के वांछित अभियुक्त रामकुमार उर्फ जैकी पुत्र रामनरेश निवासी जगरनाथपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही को अलमऊ की तरफ जाने वाले रास्ते से से गिरफ्तार किया गया एवं कब्जे से हत्या की घटना में प्रयुक्त आला कत्ल धारदार चापड़नुमा चाकू बरामद किया कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित मा0 न्यायालय किया गया। घटना के संबंध में पूछताछ में मृतका पार्वती व आरोपी के बीच करीब 5 वर्षो से आपसी संबंध था।इसी दौरान कुछ विवाद से मृतका दूर रहने लगे इस आवेश में आकर आरोपी रामकुमार उर्फ जैकी उपरोक्त द्वारा इस घटना को कारित किया।

# शहीद हुए वीर जवानों और जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को दीपक जलाकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया

स्वतंत्र प्रभात





**भदोही।** जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने भदोही नगर पालिका कार्यालय स्थित महात्मा गाँधी जी के प्रतिमा के पास भारत पाक संघर्ष में शहीद हुए वीर जवानों और जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को दीपक जलाकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया... इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष वसीम अंसारी जी ने कहा कि भारत पाक संघर्ष में कई वीर जवान व आम नागरिक शहीद हो गए।

कांग्रेस पार्टी के आहवाहन पर आज पूरे प्रदेश भर में "एक दीपक शहीदों के नाम" आयोजन किया जा रहा है। इस परिपेक्ष में आज हम तमाम कांग्रेसजन यहां इकट्ठा होकर उन शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में शहीद जवानों की शहादत को कभी बुलाया नहीं जा सकता. आतंकवाद का खात्मा तथा देश के अवाम की सुरक्षा की गारंटी के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना जरूरी है. देश आशा एवं उम्मीद करता है कि शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सीजफायर से दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास शांति की बहाली और विकास का अवसर मिलेगा। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि विशेषकर अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा सीजफायर की घोषणा सहित जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन पर सरकार को अपना पक्ष रखना चाहिए। इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी जी ने विशेष सत्र और सर्वदलीय बैठक की मांग करी है।

इस अवसर पर दीनानाथ दूबे, राजेश्वर दूबे, मसूद आलम, मुशीर इक़बाल, त्रिलोकी नाथ बिन्द, सुरेश गौतम, सुबुक तगीन अंसारी, नाज़िम अली, समशीर अहमद, शिव पूजन मिश्रा, शक्ति मिश्रा, सरफ़राज़ अहमद, संदीप दूबे, विनोद गौतम, सुमित शुक्ला चिंटू, राकेश पाल, स्वालेह अंसारी, सुरेश चौहान,आज़ाद हुसैन,इज़हार अंसारी, फरीद कुरैशी, नफीस शाह, अकबर अंसारी, फैयाज अहमद उर्फ़ शानू खान, संतोष धोबी, मेराज शाह, मोनिश अंसारी, इरफ़ान अंसारी, शमशाद अंसारी, वकार अंसारी, शाहनवाज़ अंसारी, नफीस अंसारी, राजा शेख,तौसीफ़ अंसारी, मनीश दूबे समर अंसारी, समीर अंसारी, नवेद अंसारी, मो अतस, मो आकिब राम कुमर पाल, नागेंद्र राय, नौशाद, शाहबाज़ खान, इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

# कोतवाली में व्यापारियों एवं मोबाइल सिम विक्रेताओं के साथ पुलिस ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मिर्जापुर।** रविवार को कोतवाली में मोबाइल सिम विक्रेता को निर्देश दिया गया कि किसी भी ग्राहक को सिम बेचते समय ग्राहक का आधार कार्ड और फोटो लेकर अपने रजिस्टर पर लगाकर रखना होगा । जिससे साइबर धोखाधड़ी या फिर किसी भी अपराध में सिम या मोबाइल का उपयोग किया जा रहा है तो पता किया जा सके।सरकार ने धोखाधड़ी और साइबर अपराध को रोकने के लिए सभी नए सिम कार्ड के लिए आधार-आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। खुदरा विक्रेताओं को इस नियम का पालन करना होगा, अन्यथा उन्हें भारी जुर्माना भरना पड़ेगा।

डॉट फर्जी कनेक्शनों का पता लगाने के लिए सिम कार्ड को ट्रैक करेगा। नए सिम कार्ड नियम का उद्देश्य सिम कार्ड धोखाधड़ी और साइबर अपराधों को कम करना है। साथ ही नगर के व्यापारियों के साथ भी चुनार पुलिस में बैठक कर निर्देश दिया कि खाने पीने से लेकर रोजाना उपयोग में आने वाली वस्तुओं को इकट्ठा ना करें, साथ ही ग्राहकों से भी अनुरोध किया कि खाने पीने संबंधित कोई भी वस्तु जरूरत से ज्यादा इकट्ठा ना करें क्योंकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है सभी चीजें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, शक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी विनोद सिंह, बचाऊ लाल सेठ, किशन मोदनवाल सेराज अहमद, सहित नगर के मोबाइल सिम विक्रेता एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# बालाजी के दरबार में होगा विशाल भंडारा

● ...आज आयोजित होगा विशाल भण्डारा।

....अंतिम दिवस की श्रीराम कथा पर भक्त हुए भावविभोर





स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कस्बे के प्रसिद्ध श्री कालेवीर बाबा मंदिर परिसर में श्री कालेवीर बाबा मंदिर सेवादार समिति एवं श्री बालाजी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के नवें और अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास मारुति नंदन महाराज ने चित्रकूट धाम लीला, जयंत एवं सूर्पणखा प्रसंग, खर-दूषण वध, सीता हरण, शबरी भेंट, राम-सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, रावण वध और अंत में राम राज्याभिषेक की भावपूर्ण कथा का रसपान कराते हुए भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।मारुति नंदन महाराज ने नवधा भक्ति, राम-सुग्रीव मैत्री एवं बालि वध की मनोहारी व्याख्या करते हुए रामचरितमानस की चौपाइयों–

"प्रथम भगति संतन कर संगा" तथा "जे न मित्र दुख होहिं बुखारी, तिन्हें बिलोकत पातक भारी" का गूढ़ अर्थ समझाकर श्रोताओं को जीवन के नैतिक मूल्यों से अवगत कराया।संगीतकार यज्ञ शरण मिश्रा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को संगीतमय बना दिया।कथा के मुख्य यजमान हरि गोविन्द मिश्र एवं सह यजमान राकेश कुमार मिश्रा ने पूजन, अर्चन एवं आरती में भाग लिया।

कथा व्यवस्थापक पं. कृष्णा नंद महाराज ने समापन सत्र में भावुक होते हुए कहा, "मोहनलालगंज क्षेत्र के श्रद्धालुजन विगत 12 वर्षो से जिस श्रद्धा, प्रेम और सहयोग के साथ इस आयोजन को सफल बना रहे हैं, वह अविस्मरणीय है। "मंगलवार सुबह हवन-पूजन, कन्या भोज के पश्चात भंडारे में प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष हरि गोविन्द मिश्र, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र उर्फ गोपाल शुक्ला, प्रबंधक देवेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ सदस्य राकेश द्विवेदी, देवी शंकर त्रिवेदी, अखिलेश द्विवेदी, अजय शुक्ला, अशोक मिश्र, अवधेश मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, विजय चंद्र तिवारी, हरि शंकर शुक्ला, बसंत मिश्र, मनोज यादव, रुद्र प्रताप पांडेय, पुजारी अशोक दीक्षित, संतोष और सूर्य कुमार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नवाबगंज में 01 अभियुक्त अवैध तमंचा . कारतूस तथा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-12.05.2025 को अभियुक्त मन्जेय पासी उर्फ मन्जेय सरोज पुत्र रामसमारे निवासी ग्राम रसुलपुर चाधन थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कानपुर-वाराणसी हाइवे स्थित शहाबपुर पुलिया के पास से चोरी की 01 मोटरसाइकिल तथा 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-203/2025 धारा-317(2) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## सोरांव में बड़ीअम्मा की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अलकत्ल वसूला) बरामद।



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-122/2025 धारा-103(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित अभियुक्त केशव कुमार विश्वकर्मा पुत्र राजकरन विश्वकर्मा निवासी रामनगर उमरी थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा दिनांक-11.05.2025 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत भोपतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक-11.05.2025 को अभियुक्त केशव कुमार विश्वकर्मा उपरोक्त द्वारा शराब के नशे में जमीन सम्बंधी विवाद को लेकर अपनी बडी मां सरजू देवी उम्र करीब 80 वर्ष की गर्दन पर लकड़ी छीलने वाले वसूला से वार कर हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बंध मे थाना सोरांव पर मु0अ0सं0-122/2025 पंजीकृत किया गया था।

## दहेज हत्या के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में सरायममरेज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-247/2024 धारा-85/80(2) भा0न्या0सं0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त रंजीत कुमार उर्फ नन्चू पुत्र सोलेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गोपालीपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-12.05.2025 को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत नेतानगर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## जल सेवा कार्यक्रम के तहत रेल पथ अनुरक्षण कर्मियो के मध्य जल सेवा की गई



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट गाइड प्रयागराज यूनिट तथा सूबेदारगंज यूनिट के सदस्यों ने बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रयागराज जं पर चल रहे जल सेवा कार्यक्रम के तहत रेल पथ अनुरक्षण कर्मियो के मध्य जल सेवा की गई। यह जल सेवा गर्मी में ट्रैक पर कार्य कर रहे कर्मियों के मध्य की गई। इस दौरान ट्रेनों के सामान्य कोच में बैठे यात्रियों को शर्बत और ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर आयुषि भट्टनागर, वाइस प्रेसिडेंट गाइड, भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जलसेवा में सुश्री मंजू जोशी, राज्य संगठन अयुक्त गाइड, के साथ अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, धीरेन्द्र कुमार पटेल, इत्यादि के साथ कुल 30 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयुषि भट्टनागर, द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया और इस जल सेवा के माध्यम अधिक से अधिक लोगों को सेवित करने की बात भी कही।

# लूट के अभियोग में 04 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।, कब्जे से लूट के 05 मोबाइल फोन, 02 टैबलेट व 02 मोटरसाइकिल बरामद

स्वतंत्र प्रभात

हंडिया में चार डिलबरी ब्वाय कै साथ एक दिन में चार के साथ की थी लुट की वारदात।

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण मे गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-12.05.2025 को 04 अभियुक्त 1.पीयूष पांडेय पुत्र राजेश पांडेय निवासी अंदावा रसूलपुर थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. रजनीश पांडेय उर्फ गोलू पुत्र चंद्रभूषण पांडेय निवासी ग्राम अर्जुनपट्टी थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 3. आयुष पांडेय पुत्र विजय पांडेय निवासी हनुमानगंज रामनाथपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज 4. शनि उर्फ पंकज यादव पुत्र फूल चंद्र यादव निवासी ग्राम सरायपीथा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत भेस्की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

अपर उप पुलिस आयुक्त तथा पुलिस उप आयुक्तने पत्रकार वार्ता में बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से मु0अ0सं0-255/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 01 मोबाइल फोन व 01 टैबलेट 6690 सैमसंग कंपनी का व 01 बैग वर्ल्ड क्राफ्ट , मु0अ0सं0- 251/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 01 मोबाइल फोन पोको कंपनी का व 4500/- रुपए, मु0अ0सं0-249/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 4800/- रुपये, तथा मु0अ0सं0- 250/25 धारा-309(6) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 10700/- रुपये व 01 मोबाइल फोन रियलमी कंपनी का व लूट के 01 टैबलेट व 02 अन्य मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल होंडा साईन बिना नंबर प्लेट की व 01 अपाचे मोटरसाइकिल वाहन सं0-यू0पी0 70 जी0एस0 4299 बरामद किया गया। उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों से विभिन्न डिलीवरी ब्वाय को चाकू के बल पर मोबाइल फोन, रूपये व सामान लूटे गये थे जिसके सम्बंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-249/25, मु0अ0सं0-250/25, मु0अ0 सं0-251/25, मु0अ0सं0-255/25 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। तथा गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था।

पुलिस को पूछताछ में इन बदमाशों ने बताया कि हम लोगो द्वारा गंगानगर जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रो से दोपहर के समय सूनसान जगहो पर जा रहे व्यक्तियों व डिलीवरी ब्वाय को निशाना बना कर उनकी रेकी कर मोबाइल फोन व अन्य लूट की घटना कारित की जाती थी तथा लूट के सामान को औने- पौने दाम पर बेचकर प्राप्त पैसे को आपस मे बांट लेते थे।

इन लोगों के विरुद्ध लुट के मु0अ0सं0-249/25 धारा-



309(6)/317(2)/317(4)/317, मु0अ0सं0-250/25 धारा-309(6)/317(2)/317(4)/317(5) व 61(2) भा0न्या0सं0 थाना हंडिया

3. मु0अ0सं0-251/25 धारा-309(6)/317(2)/317(4)/317(5) व 61(2) भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

4. मु0अ0सं0-255/25 धारा-309(6)/317(2)/317(4)/317(5) व 61(2) भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट में दर्ज है।

**इन लोगों के पास** 01 मोबाइल, 01 टैबलेट 6690 सैमसंग कंपनी का व 01 बैग वर्ल्ड क्राफ्ट संबंधित मु0अ0सं0-255/25धारा-309(6) भा0न्या0सं0 01 मोबाइल फोन पोको कंपनी का व 4500/- रुपए संबंधित मु0अ0सं0- 251/25धारा-309(6) भा0न्या0सं0, 4800/- रुपये संबंधित मु0अ0सं0 -249/25धारा-309(6) भा0न्या0सं0 10700/- रुपये संबंधित मु0अ0सं0- 250/25 धारा-



309(6) भा0न्या0सं0 व 01 लूट का मोबाइल फोन रियलमी कंपनी का लूट के 01 टैबलेट व 02 अन्य मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल होंडा साईन बिना नंबर प्लेट की व 01 अपाचे मोटरसाइकिल वाहन सं0- यू0पी0 70 जी0एस0 4299 बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों में अभि युक्त पियूष पाण्डेय के विरुद्ध कुल छ मुकदमे हंडिया में दर्ज है अभियुक्त रजनीश पाण्डेय के विरुद्ध कुल चार मुकदमे। अभियुक्त आयुष पाण्डे के विरुद्ध कुल चार मुकदमे हंडिया थाने में दर्ज हैं। तो अभियुक्त शनि यादव उर्फ वेद प्रकाश के विरुद्ध कुल सात मुकदमे लूट के हंडिया में दर्ज है। लुट की घटना का पर्दाफाश और गिरफ्तारी करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक नितेन्द्र कुमार शुक्ला, निरीक्षक पंकज सिंह, उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद, उ0नि0 रिजवान असकरी, उ0नि0 आज्ञाराम वर्मा उ0नि0 नीरज कुमार मौर्या, उ0नि0 उपेन्द्र गौड़, उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार उ0नि0 अजीत साहनी। म0उ0नि0 निशा वर्मा, म0उ0नि0 शिप्रा अनुराधा, थाना हंडिया कमिस्ट्रेट शामिल थे।

# 'सेवानिवृत्ति के बाद कोई कार्यभार नहीं लूंगा'- मनोनीत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई



स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई, जो दो दिन में भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने जा रहे हैं, ने कहा है कि वह सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी तरह की नियुक्ति को ठुकरा देंगे, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने यह खबर दी है। न्यायमूर्ति गवई ने अपने आवास पर पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही।न्यायमूर्ति गवई ने कहा, "मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है... मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई कार्यभार नहीं लूंगा।" जब एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्यपाल का पद संभालने का मुद्दा उठाया गया तो उन्होंने कहा, "मैं दूसरों की ओर से बात नहीं कर सकता। "लेकिन गवई ने कहा कि एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश के लिए राज्यपाल का पद "प्रोटोकॉल में मुख्य न्यायाधीश के पद से नीचे है।" न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम, जो 2013 से 2014 तक मुख्य न्यायाधीश थे, को 2014 में केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया और वे 2019 तक इस पद पर रहे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर को हाल ही में 2023 में आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई को उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2020 में राज्यसभा के लिए सांसद के रूप में नामित किया गया था।न्यायाधीशों द्वारा राजनेताओं सहित अन्य लोगों से मुलाकात के बारे में पूछे गए प्रश्न पर गवई ने कहा, "एक न्यायाधीश के रूप में आप हाथी दांत के महलों में नहीं रहते हैं और जब तक आप विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से नहीं मिलते हैं, तब तक आप उन मुद्दों को नहीं समझ पाएंगे जो उन्हें प्रभावित कर रहे हैं। "गवई ने संघर्षग्रस्त मणिपुर की अपनी हालिया यात्रा के बारे में भी बताया। उन्होंने संसद और न्यायपालिका के बीच टकराव पर भी टिप्पणी की, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के संसद की सर्वोच्चता के दावों के आलोक में। उन्होंने कहा, "संविधान सर्वोच्च है। केशवानंद भारती मामले में 13 जजों की बेंच के फैसले में भी यही कहा गया है।"

# रायबरेली में शातिर महिलाओं ने ठगे लाखों के जेवरात

**● भरोसा जीतकर 6 गृहिणियों से 20 लाख के सोने-चांदी के गहने लेकर फरार।**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली** जिले के चंदापुर थाना क्षेत्र में लाखों की ठगी का सनसनी खेज मामला सामने आया है. नयापुरवा मजरे चंदापुर गांव में दो शातिर महिलाओं ने 6 महिलाओं से करीब 20 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए. ठगी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने थाने में मामला दर्ज कराया. पुलिस जालसाजों की तलाश में जुटी है। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि शातिर महिलाओं ने पहले गांव में पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन देने का काम शुरू किया. इस तरह उन्होंने स्थानीय महिलाओं का विश्वास जीत लिया. कुछ दिनों बाद उन्होंने एक स्कीम की जानकारी दी. इसमें बताया कि सोने-चांदी के जेवरात देने पर चार घंटे में प्रति जेवर 6 हजार रुपए और एक बर्तन मिलेगा. ठगों ने ये कहकर महिलाओं को झांसे में लिया कि वो उनके जेवरात को विदेशों में भेजती है जिससे उन्हें फायदा होता है और वो उसका कुछ हिस्सा इन्हें देती हैं।

लालच में आकर एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने अपने जेवरात उन्हें सौंप दिए. जिसमें नकली व असली जेवरात भी थे. शुरू शुरू में उन्हें वादे के मुताबिक उनके जेवरात, नकद व बर्तन मिलने लगे तो उनका विश्वास बढ़ गया. इसके बाद महिलाओं ने काफी मात्रा में जेवरात दे दिए लेकिन रविवार को कई घंटे बीतने के बाद जब ठग महिलाओं के फोन बंद मिले तो पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने वादी की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपी महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है. फोटो और वीडियो के आधार पर महिला ठगों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि चंदापुर एक दलित बहुल गांव है, जहां के अधिकतर घरों के पुरुष रोजगार के लिए बाहर रहते हैं. ठग महिलाओं ने इसी स्थिति का फायदा उठाया. माधुरी, फूलमती, रामलली व सीमा सहित अन्य महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए. महिलाओं ने प्रति आभूषण छह हजार रुपए व एक बर्तन के लालच में सुहाग की निशानी मंगलसूत्र तक महिला ठगों को गले से उतार कर दे दिया. गांव की आधा दर्जन से अधिक महिलाएं ठगी का शिकार होने के बाद भी पति व परिजनों के भय से चुप्पी साध रखी है. ठगी की शिकार महिलाओं ने बताया कि बताने





पर पति व परिजन नाराज होंगे।

बता दें कि इसी महीने की 2 तारीख को रायबरेली पुलिस ने ऐसे गैंग का खुलासा किया था जो जेवर चमकाने के बहाने कीमती जेवरात लेकर फरार हो जाते थे. पिछले दिनों लालगंज और ऊंचाहार थाना इलाके में ऐसे ही दो मामले सामने आये थे. दोनों ही घटनाएं दोपहर के समय हुई जब पुरुष घर में नहीं होते थे। गैंग के झांसे में आई महिलाओं ने पहले एक दो जेवर दिया जिसे बहुत अच्छा साफ कर दिया गया. जब महिलाओं को विश्वास हो गया कि ये लोग पेशेवर सफाई करने वाले हैं तो वो घर के अंदर दूसरे जेवर लेने गयीं और इधर गैंग के सदस्य पहले वाले आभूषण लेकर फरार हो गये. पुलिस ने इस गैंग के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोना गलाने के यंत्र समेत लूटा गया सोना आदि बरामद किया।

# डिजिटल अरेस्ट कर 28,62,000 रूपये की ठगी करने वाले 02 अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-43/2024 धारा-351(3)/319(2)/318(4)/308(2)/111(2)(बी) भा0न्या0सं0 व 66(सी)/66(डी) आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. पवन कुमार कासवाँ पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी म0सं0.-17 वार्ड नं0 02, मातानी (111), थाना सिवानी जनपद भिवानी हरियाणा 2. आकाश साँगवान पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम खेरी बूरा (144), थाना दादरी सदर जनपद चरखी दादरी हरियाणा को थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-12.05.2025 को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। बताया जाता है कि वादी को Fede& International Courrier द्वारा संपर्क कर सूचित किया जाता है कि उसके नाम की आई0डी0 से 70 टेररिस्ट अपना काम कर रहे है। जिसमे से एक पार्सल जो कि मुम्बई से ईरान जा रहा था जिसमें ड्रग्स पाया गया है। आपकी आई0डी0 के कारण आप बुरी तरह फँस गये है और क्राइम ब्रांच के अधिकारी आपसे इस संबंध मे बात करेगें, ऐसा कहते हुये वह व्यक्ति वादी को skype प्लेटफार्म के माध्यम से 04 फेक क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर वादी को गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए धमकाकर वादी से दिये खातो में 28,62,000 रूपये ट्रान्सफर कराया गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि ये लोग टेलीग्राम के माध्यम से साउथ एशियन देशों (फिलीपीन्स, लाओस, मलेशिया, कम्बोडिया, वियतनाम, चीन, थाइलैण्ड आदि) में बैठे साईबर ठगों से जुड़े हुये है। ये भारत के विभिन्न राज्यों के लोगों को पैसें कमाने का लालच देकर उनसे उनके करेन्ट/सेविंग एकाउन्ट्स खुलवाकर उन्हें अपने पास बुलवातें है। एकाउन्ट संबंधी दस्तावेज (चेकबुक, ए0टी0एम0, इण्टरनेट बैंकिग पासवर्ड आदि) लेकर ओ0टी0पी0 फारवर्डर ऐप के माध्यम से एकाउन्ट्स का एक्सेस साउथ एशियन देश मे बैठे साईबर ठगों को दे देते है। जिसके बाद वो लोग विभिन्न प्रकार की साइबर ठगी (इनवेस्टमेन्ट स्कैम, ऑनलाइन गेमिंग स्कैम, डिजिटल अरेस्ट आदि) में खाते का इस्तेमाल करके, उन खातों मे ट्रान्जेक्शन कराते है। इसके बाद यू0एस0डी0टी0 (क्रिप्टो करेन्सी) के माध्यम से भारत मे बैठे एजेन्टो को उनका कमीशन दे देते है।

1. पवन कुमार कासवाँ पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी म0सं0.-17 वार्ड नं0 02, मातानी (111), थाना सिवानी जनपद भिवानी



हरियाणा, उम्र करीब 22 वर्ष।

2. आकाश साँगवान पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम खेरी बूरा (144), थाना दादरी सदर जनपद चरखी दादरी हरियाणा, उम्र करीब 23 वर्ष।

बरामदगी का विवरण।

04 एप्पल/एन्ड्रायड मोबाइल फोन।

01 चेक बुक।

06 ए0टी0एम0 कार्ड।

05 सिम कार्ड।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्र0नि0 राजीव कुमार तिवारी, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।

का0 अतुल त्रिवेदी, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।

का0 रणवीर सिंह सेंगर, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।

का0 प्रदीप कुमार यादव, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।

का0 अनुराग यादव, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।

# नगर निगम में 1.44 करोड़ का हाउस टैक्स घोटाला, दो आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों पर एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रयागराजनगर निगम जोन-तीन और सात में 1.44 करोड़ के गृहकर वसूली में बड़ा घोटाला सामने आया है. दो आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटरों पर घोटाले का आरोप है. आरोप है कि हाउस टैक्स जमा करने वालों को रसीद तो दे दी गई, लेकिन धनराशि जमा नहीं की।

**मामले में कर्नलगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

475 रसीदों की धनराशि कोश में जमा ही नहीं कराई- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि पुलिस नगर निगम जोन-तीन में कार्यदायी संस्था के माध्यम से आकाश श्रीवास्तव को काम पर रखा गया था. इसी तरह जोन-सात में सत्यम शुक्ला को बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात किया गया था. वित्त विभाग को शिकायत मिली की कंप्यूटर ऑपरेटर रसीद काट कर उसकी धनराशि कोष में जमा नहीं कर रहे हैं।

**ऑडिट में पकड़ी गई गड़बड़ी।**

के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 में जोन तीन व सात में कार्यरत दोनों ऑपरेटरों की ओर से काटी गई गृहकर रसीदों का मुख्य नगर लेखा परीक्षक से ऑडिट कराया गया. ऑडिट से पता





चला कि आकाश की कंप्यूटर आईडी से 88 गृहकर रसीदें काटी गईं. जिनसे 18,08,661 रुपए मिले, लेकिन इन रुपयों को नगर निगम कोष में जमा नहीं कराया गया.।

जब जोन-सात में कार्यरत सत्यम की कंप्यूटर आईडी से गृहकर की रसीदों की जांच कराई गई तो पता चला कि कुल 387 रसीदें काटी गईं. इन रसीदों का कुल गृहकर धनराशि 1,26,05,368 वसूला गया था. लेकिन इल धनराशि को भी नगर निगम कोष में जमा नहीं कराया गया. जांच में पता चला कि दोनों ने रसीद तो काटी लेकिन गृहकर की राशि जमा नहीं की। डीसीपी, सिटी अभिषेक भारती ने बताया कि इस मामले की शिकायत पर कर्नलगंज थाने में केस दर्ज किया गया है. मामले की जांच की जा रही है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा शिवानी कुशवाहा कोकिया सम्मानित



**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव की तहसील की खजुरी गांव के निवासी संतोष कुशवाहा की पुत्री 12 वी की परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता, पिता और विद्यालय के साथ साथ प्रयागराज नाम रौशन किया है प्रयागराज के प्रतिभावान बिटिया को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शिवानी कुशवाहा को शाल सप्रेम भेंट किया और उज्जवल भविष्य और हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ में उपस्थित रहे पूर्व प्रधान सूर्यमणि कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राम कृपाल सिंह, अखिलेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# कानपुर में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, गला रेता, शव खंडहर में फेंका

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर** जिले में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पति ने अपनी पत्नी की रविवार रात गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी. सोमवार सुबह जब बच्चे सोकर उठे तो उन्हें मां घर पर कही भी नजर नहीं आई. इसके बाद बच्चों ने मां की खोजबीन शुरू की. साथ ही उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसकी सूचना दी. कुछ देर बाद शव मकान के पीछे एक खंडहर में पड़ा मिला. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए. साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है. पति को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, चौबेपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मनगर मोहल्ला निवासी संजय शर्मा परिवार से दूर कस्बे के पड़ियाना मोहल्ले में पत्नी और बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता है. संजय एक ढाबे में नौकरी करता है। संजय का विवाह भिखारीपुर गांव की रहने वाली बीनू शर्मा के साथ हुआ था. संजय के एक बेटा शुभ और दो बेटियां सारथी और सिया हैं. गांव के लोगों ने पुलिस को बताया है कि अक्सर पति-पत्नी के बीच वाद विवाद होता था. संजय पत्नी के साथ मारपीट करता था।

सोमवार सुबह संजय की पत्नी बीनू शर्मा (28) का शव रक्तरंजित अवस्था में खंडहर में पड़ा मिला. जैसे ही गांव के लोगों को इस बात की जानकारी हुई हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी. एडीसीपी वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी व एसीपी बिल्हौर अमरनाथ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

मृतका की मां लक्ष्मी ने पुलिस को बताया कि, दामाद संजय आए दिन नशे की हालत में उनकी बेटी बीनू के साथ मारपीट करता था. इसको लेकर बेटी ने कई बार शिकायत भी की. उन्होंने कई बार दामाद को समझाया, लेकिन संजय अपनी हरकत से बाज नही आया.



रविवार रात को संजय ने बेटी के साथ मारपीट की. इसके बाद उसकी गला रेत कर हत्या कर दी. शव को मकान के पीछे खंडार में फेंक दिया. सोमवार सुबह जब बच्चे सो कर उठे तो उन्हें मां कहीं नजर नहीं आई. काफी खोजबीन के बाद मां का शव मकान के पीछे एक खंडहर में पड़ा मिला। इस पूरे मामले में एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी. पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं. साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने भगवान तथागत बुद्ध की प्रतिमा का किया अनावरण

**● उपमुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध के उपदेशों का अनुसरण करने का किया आह्वाहन।**

**हमें अपनी सेना पर गर्व, हम सभी अपनी सेना का करते है अभिनंदन- उपमुख्यमंत्री**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को तपोवन पार्क, ऑकलैण्ड रोड़, प्रयागराज पहुंचकर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान तथागत बुद्ध की सबके साथ भगवान बुद्ध की वंदना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े मंच पर कहा था कि हमने संसार को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि जब भगवान बुद्ध धरती पर आये थे, तब बोलचाल की भाषा पाली थी और उनके जितने भी सम्बंधित ग्रंथ है, सब पाली भाषा में लिखे गये है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में स्कालर शोध करते रहते रहे है, लेकिन उनको सरकार की ओर से कोई सुविधा नहीं रहती थी, लेकिन पिछले दिनों पाली भाषा को क्लासिक भाषा का दर्जा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अब अन्य भाषा की तरह पाली भाषा में भी अध्ययन करने वाले को भी सभी सुविधाएं मिलेगी।

श्री मौर्य ने कहा कि आज देश में ही नहीं पूरे विश्व में जिसकी सबसे अधिक पूजा होती है तो वह भगवान तथागत बुद्ध ही हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कहीं भी जाये, तो वहां पर भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई निशानियां हमें मिलती है। कहा कि उस समय भाषा कोई रही हो, तरीका कोई रहा हो, सबका साथ, साथ विकास, सबका



विश्वास को आधार बनाया गया, वहीं आज भी हो रहा है। प्रधानमंत्री के द्वारा देश में सबका साथ, साथ विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर विकास के कार्य किए जा रहे है। आज भगवान बुद्ध की जयंती, उनके ज्ञान प्राप्ति एवं महानिर्वाण के अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और आह्वाहन करता हूं कि हम सब भगवान बुद्ध के उपदेशों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि हमारा देश शांति का पक्षधर है, हम किसी को छेड़ते नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसको छोड़ेंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है और हम अपनी सेना का अभिनंदन करते है। इस अवसर पर सांसद फूलपर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फाफाम गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक चायल पूजा पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, भास्कर पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रेलगाँव सूबेदारगंज में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पौधारोपण एवं थैला वितरण

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज में दिनांक 12 मई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पर्यावरण अनुभाग की तरफ से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेलगांव स्थित मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी के नेतृत्व में पर्यावरण अनुभाग एवं हॉर्टिकल्चर अनुभाग की तरफ से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई प्रजाति के पौधे लगाए गए। इनमें मुख्य रूप से पीपल, नीम, नींबू, कटहल, अमला इत्यादि थे। मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर ड्रिप इरीगेशन की सुविधा मौजूद है। सभी से निवेदन है कि आसपास के पेड़ो में प्रतिदिन एक पौधे को जरूर पानी दें जिससे चिलचिलाती गर्मी मे पौधे जिंदा रह सके। यह कार्यक्रम पर्यावरण अनुभाग एवं हॉर्टिकल्चर अनुभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सभी सफाई कर्मचारी पर्यावरण अनुभाग के



कर्मचारी, हॉर्टिकल्चर अनुभाग के कर्मचारी, सीएचआई इत्यादि शामिल हुए एवं पौधारोपण किया। इसके बाद सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु कपड़े के थैलो का वितरण किया गया। पौधारोपण हेतु गड्ढो के निर्माण हेतु पेट्रोल चालित हैंड ड्रिल मशीन का उपयोग किया गया। यह कार्यक्रम अनिमेष कुमार सिन्हा प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे के दिशा-निर्देशन में शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक के नेतृत्व मे अखिलेश सिंह वरिष्ठ खंड इंजीनियर सत्यम मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक,धीरज जूनियर इंजीनियर बागवानी द्वारा किया गया।


## संक्षिप्त खबरें

### हल्की वर्षा से भीषण गर्मी से राहत, पौधों में लौटी हरियाली



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया क्षेत्र में बीते कई दिनों से पड़ रही तीखी धूप और भीषण गर्मी से परेशान लोगों को सोमवार की संध्या हल्की वर्षा ने बड़ी राहत दी। तापमान में गिरावट और मौसम में ताजगी आने से आम जनजीवन में सुकून महसूस किया गया। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पाकुड़िया में तेज धूप और लू जैसे हालात बने हुए थे, जिससे बाजारों और साप्ताहिक हाटों में भी रौनक फीकी पड़ गई थी। लोग आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर जल्दबाजी में घर लौटते नजर आ रहे थे। वहीं दूसरी ओर, कड़ी धूप और गर्म हवा के कारण लताएं और पौधे मुरझा गए थे। लेकिन सोमवार की संध्या को हुई हल्की बारिश ने न केवल मौसम को राहत दी, बल्कि मुरझाई हरियाली में भी नई जान फूंक दी। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस बारिश से करैला, झिंगली, भिंडी, सतपुतिया, खीरा, ककड़ी जैसी मौसमी सब्जियों को लाभ मिलेगा, जिससे उपज में भी सुधार की संभावना है। इसके साथ ही आम की फसल में मिठास बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। हल्की वर्षा के बाद लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई और मौसम की नरमी ने गर्मी से जूझते जनजीवन को राहत प्रदान की।

### उपासना मरांडी पहुंची दुर्घटना मे मारी गयी महिला को देखने सामुदायिक स्वस्थ केंद्र



**पाकुड़, झारखंड-**देर शाम झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी पाकुड़िया सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुंच कर, दुर्घटना मे मारी गयी महिला के बारे मे जानकारी ली जानकारी के मुताबिक पाकुड़िया दुमका मुख्य पीडब्ल्यूडी सड़क पर सिद्धो कान्हू चौक के समीप रविवार शाम को अज्ञात वाहन की धक्के से लगभग 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई.जानकारी के अनुसार महिला लालून बीबी,55 साल पति रमजान मियां ग्राम मोगलाबांध की रहनेवाली है।महिला अपने घर से पशु को खोजने के लिए निकली थी तभी दुमका की ओर से काफी तेज रफ्तार में आ रहा अज्ञात बोलेरो वाहन पीछे से महिला को धक्का मार दिया जिससे महिला काफी दूर जा गिरी और बोलेरो वाहन काफी तेज रफ्तार से भाग गया।घायल महिला को ग्रामीणों द्वारा तुरंत पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया.जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भरत भूषण भगत ने बताया कि गंभीर अंदरुनी चोट के कारण महिला की मौत हो गयी है। उपासना मरांडी ने थाना प्रभारी अमित कुमार सिँह से बात कर फरार गाड़ी वाला को जल्द से जल्द पकड़ कर उचित करवाई करने की बात कही। तथा मृत महिला के आश्रित को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

### तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से प्रधानाध्यापक सुशील मरांडी जख्मी

**जामताड़ा, झारखंड-** जामताड़ा शहर के सबसे व्यस्त स्टेशन रोड पर जेबीसी स्कूल के समीप तेज रफ्तार बाइकर्स का कहर देखने को मिला। जेबीसी स्कूल के प्रधानाध्यापक सुशील मरांडी स्कूल के ही सामने सब्जी खरीद रहे थे, जब तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हेड मास्टर काफी दूर जाकर सड़क पर गिरे और बाइक सवार दोनों युवक भी इस दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हुए। गंभीर रूप से जख्मी हेड मास्टर और बाइक सवार एक युवक को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचा दिया गया। सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश मंडल मौके पर पहुंचे और गश्ती वाहन के माध्यम से तीसरे जख्मी युवक को अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना का शिकार हुए बाइक को थाना प्रभारी ने जब्त कर थाना भेजवा दिया। गौरतलब है कि जेबीसी स्कूल के सामने दोनों ओर सब्जी और मछली बाजार लगने के कारण यह इलाका भीड़-भाड़ वाला रहता है। इसके बावजूद युवा बाइकर्स तेज रफ्तार से गाड़ियों को दौड़ाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## प्रसिद्धि के अनुरूप गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बांट रहा व्यावहारिक ज्ञान : सांसद मनीष जायसवाल

● समारोह पूर्वक मना गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

● जयंती सह परिचर्चा पर याद किए गए भगवान बुद्ध, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बिखरी सतरंगी छटा



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग झारखंड-** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग का 18वां वार्षिकोत्सव सोमवार को विवेकानंद सभागार में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर भगवान बुद्ध की जयंती भी मनाई गई और उनकी जीवनी पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी प्रसिद्धि के अनुरूप गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रशिक्षुओं में शिष्टाचार, अनुशासन और व्यावहारिक ज्ञान बांट रहा है। यह देश का इकलौता कॉलेज है, जहां तमाम दबाव के बावजूद हर दिन प्रशिक्षुओं की उपस्थिति दूसरे ट्रेनिंग कॉलेजों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को यह अनुशासन संजोकर रखने की सलाह दी ताकि उनका भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सके। चूंकि देश के भविष्य कहे जानेवाले नौनिहालों का भावी जीवन इन्हीं शिक्षक प्रशिक्षुओं के हाथों में है। बतौर विशिष्ट अतिथि विनोबाभावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बुद्ध का अर्थ ज्ञान की ऊंचाइयों को प्राप्त करना है। वैश्विक विषमता बुद्ध के उपदेशों के चिंतन से ही दूर किया जा सकता है। विभावि के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ बंशीधर रूखैयार ने कहा कि बुद्ध ने जिस भारत में ज्ञान प्राप्त किया, वहां के लोग अभी क्रोध में हैं। अहिंसा का अर्थ यह नहीं कि किसी हिंसा को बर्दाश्त करें। बुद्ध ने सत्य और अहिंसा में ही शक्ति निहित होने का पाठ पढ़ाया है। सभाध्यक्ष सह विनोबाभावे विश्वविद्यालय के पूर्व अभिषद सदस्य सांवरमल अग्रवाल ने भी बुद्ध के दिए मध्यम मार्ग अपनाने की सलाह दी। इससे पहले अतिथियों का स्वागत व सम्मान करते हुए महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि बुद्ध ने पूरी दुनिया को ज्ञान से अलौकित किया। आज गौतम बुद्ध के विचार संपूर्ण विश्व के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने बुद्ध के संदेश मध्यम मार्ग अपनाने की सलाह की वकालत की। सचिव मिथिलेश मिश्र ने वर्ष 2007 में आरंभ हुए महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अब तक इस संस्थान में प्रशिक्षण पाकर हजारों प्रशिक्षु शिक्षक बन देश के कोने-कोने में शिक्षा की लौ बिखेर रहे हैं। वार्षिकोत्सव के दौरान बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सतरंगी छटा बिखेरी। लावणी नृत्य को सभी ने खूब पसंद किया। गणेश वंदना से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी, मराठी, नागपुरी लोकनृत्य से प्रशिक्षुओं ने समां बांध दिया। वहीं भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन और वर्तमान में उनके उपदेशों की प्रासंगिकता पर भी प्रशिक्षुओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं में अव्वल आए प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित व पुरस्कृत किया। मंच संचालन प्रशिक्षु कुमारी श्वेता, कुमारी कोमल और कपिल देव ने किया। प्राचार्या डॉ बसुंधरा कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर पूरा कॉलेज परिवार उपस्थित था।

## मूलनिवासी संघ ने बुद्ध जयंती पर आयोजित की संगोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात





**हजारीबाग, झारखंड-** मूलनिवासी संघ ने झारखंड राज्य के सभी जिलों में तथागत बुद्ध की जयंती आयोजित की और इसी क्रम में हजारीबाग के ज्ञान ज्योति बुद्धा पैलेस बैंक्वेट हॉल में यह संगोष्ठी आयोजित की जिसका विषय रहा - बुद्ध के सिद्धांत और भारत का संविधान। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता मूलनिवासी संघ की कार्यकारी जिलाध्यक्ष मू रजनी वर्मा अधिवक्ता ने किया एवं संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मू गणेश यादव ने किया। मुख्य वक्ता मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मू निशांत कु सिंहा अधिवक्ता ने विस्तार से बताया कि भारत का संविधान तथागत बुद्ध के दर्शन पर आधारित है एवं संविधान की प्रस्तावना में तथागत बुद्ध के समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता के दर्शन परिलक्षित होते हैं। बुद्ध ने मानव कल्याण का उपदेश दिया है। वे कहते हैं कि सदियों से चली आ रही परंपराओं या किसी बात को इसलिए भी नहीं मानते है कि उसे किसी महापुरुषों ने कहा है या किसी किताबों से लिया गया है। किसी बात को मानने से पहले उसे तर्क की कसौटी पर कसेंगे। लोक कल्याणकारी तथागत बुद्ध के सिद्धांत हैं और उनका पूरा दर्शन ही तर्कवाद, बुद्धिवाद एवं विज्ञानवाद पर आधारित है। तथागत बुद्ध भिक्षुओं से कहते हैं कि जाओ पूरे संसार में ऐसी विचारधारा का प्रयोग करो जो पूरे विश्व का कल्याण करें। अर्थात तथागत बुद्ध समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता पर आधारित समाज की रचना करना चाहते हैं और डॉ अम्बेडकर इस विचारधारा से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने बुद्ध को अपना पहला गुरु माना है। संविधान की मूल भावना बुद्ध के सिद्धांतों पर ही तो आधारित है। वक्ताओं में विद्यार्थी संघ के मू प्रवीण प्रियदर्शी, मक्कम के प्रदेश उपाध्यक्ष मू झम्मन महतो, मातृ संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मू वीणा प्रसाद, मूलनिवासी संघ के प्रदेश संगठन सचिव मू. प्रो भागवत अम्बेडकर एवं पावर विंग जिलाध्यक्ष मू अजीत देव ने बुद्ध के सिद्धांत यानि मध्यम मार्ग को भारत का संविधान में अंतर्निहित बताया कि किस तरह मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक तत्व में बुद्ध के सिद्धांत हैं। इस कार्यक्रम में विनय कुमार, प्रणव प्रियदर्शी , रीना सिंहा, किशना प्रकाश, गौरांगी प्रकाश, शीतल देव, नीना देव, सुषमा देवी, अमित भारती, धनेश्वर रजक, बलदेव दास, अशोक दास गौरांगी प्रकाश, रामेश्वर राम दांगी, इन्द्रनारायण जी, श्रीराम कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, अनिल कश्यप, पप्पू दास, सुरेश कुशवाहा, हीरालाल साव, शशिभूषण कुशवाहा, जीतेंद्र दास , रविकांत रवि, मुकेश राज, सावित्री देवी, राजवीर कुमार, विनोद साव, सीताराम प्रसाद, रविकिशोर प्रसाद वगैरह बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बेहोश युवती को सदर अस्पताल के गेट पर छोड़ भागे दो युवक, इलाज के दौरान मौत.

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर-** समस्तीपुर सदर अस्पताल में रविवार की शाम उस समय अफरा - तफरी मची गई, जब बाइक सवार दो युवक एक युवती को बेहोशी की स्थिति अस्पताल के गेट पर छोड़कर फरार हो गए। युवती के मुंह से झाग आ रहा था। इसके बाद वहां मौजूद अस्पताल कर्मियों ने लड़की को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे बचाने का काफी कोशिश की, लेकिन उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को जब्त कर पोस्मार्टम के लिये भेज दिया है। बताया गया है कि लड़की ने विषाक्त पदार्थ खाया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद कर्मी के अनुसार युवती ने मरने से पहले अपनी पहचान खुशबु कुमारी (18) विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी गंगा प्रसाद सिंह की पुत्री के रूप में बताया। उसके पास 2 मोबाइल फोन भी मिला है। अस्पताल कर्मियों ने लड़की के बताए पते पर संपर्क कर इसकी सुचना दी। जिसके बाद उसके जीजा कृष्ण कुमार सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बताया की खुशबु समस्तीपुर में ही डेरा लेकर पढ़ाई करती थी। वहां यहां कैसे आयी और उसकी मौत कैसे हुई इसकी कुछ भी जानकारी उन्हें नहीं है। इसके बाद सुचना पर युवती के पिता सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री समस्तीपुर में डेरा लेकर रहती थी। वह पढ़ाई के साथ - साथ किसी मॉल में भी काम करती थी। मृतका की मां की भी मौत करीब सात पूर्व हो चुकी है। इस संबंध में एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवती के मौत का कारण की स्पष्ट होगा। परिजनों ने अभी तक इस मामले में कोई आवेदन नहीं दिया है। आवेदन के मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वछता अभियान को ठेंगा दिखा ता गौरा चौकी बाजार मे सड़क पर दुर्गंध युक्त जलभराव।

स्वतंत्र प्रभात



**मनकापुर गोण्डा-** एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा स्वछता अभियान के तहत कस्बा और ग्रामीण अंचल मे साफ सफाई कराकर कस्बे को स्वछता पूर्ण बनाया जाता है ताकि हर जगह स्वछ वातावरण रहे और सभी लोग स्वस्थ्य और निरोग रहे वहीं गौरा चौकी बाजार मे चौराहे से बभनान रोड के सड़क पर नाली के जाम होने से दुर्गन्ध युक्त गंदे पानी का जलभराव हमेसा रहता है जिससे हमेशा सड़क से आने वाले राहगीरों को दुर्गन्ध युक्त वातावरण से गुजरना पड़ता है और आस पास दुकान दारों और ग्राहकों को भी उसी वाता वरण मे मजबूरी मे रहना पड़ता है इसी गंदे जलभराव मे मच्छर भी रहते है जो सेहत के लिए भी बहुत नुकसान दे है और स्वछता अभियान को ढेगा दिखाने का काम कर रही है।आस पास के लोगो का कहना है कि इस दुर्गन्ध युक्त जलभराव को संबंधित विभाग द्वारा जल्द से जल्द बंद कराकर समस्या का समाधान किया जाय।इस बावत खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत ओपी सिंह यादव से दूरभाष पर जानकारी लेने पर बताया गया कि सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर दोनो संवंधित प्रधान गण एवं कस्बा वासियो के बीच बैठक कर साफ सफाई पर चर्चा कर समस्या समाधान निकाला गया है जल्द ही समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

## जेपीएससी 11वीं एवं 13वीं परीक्षा परिणाम जारी करने की माँग को लेकर भूख हड़ताल जारी

● झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात



**गिरिडीह, झारखंड-** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा को लेकर छात्रों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला, महासचिव प्रकाश कुमार, संरक्षक राहुल कुमार समेत कई अभ्यर्थियों ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर अपनी माँगें रखीं। छात्र प्रतिनिधियों ने बताया कि दोनों परीक्षाओं के परिणाम पिछले लगभग 11 महीनों से तैयार हैं, बावजूद इसके जेपीएससी उन्हें जारी नहीं कर रहा है। आयोग के सदस्यों द्वारा परिणामों पर हस्ताक्षर न किए जाने के कारण हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। छात्रों ने आशंका जताई कि कहीं यह मामला भी भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। छात्र पिछले छह दिनों से रांची में भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन अब तक सरकार या आयोग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इस बीच बाबूलाल मरांडी ने छात्रों की मांग को जायज ठहराते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। छात्रों ने जानकारी दी कि कल, दिनांक 13 मई 2025 (मंगलवार) को राज्यभर के छात्र जेपीएससी कार्यालय का घेराव करेंगे। इस आंदोलन को प्रदेश के प्रमुख कोचिंग संस्थानों का भी समर्थन प्राप्त है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक परीक्षा परिणाम और आगामी परीक्षा का कैलेंडर जारी नहीं होता, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि अब उन्हें न सरकार पर भरोसा रह गया है और न ही जेपीएससी पर। उन्होंने राज्य सरकार से इस प्रकरण में अविलंब हस्तक्षेप करने और निष्पक्षता के साथ परीक्षा परिणाम जारी करने की माँग की है।

## आरोग्यम अस्पताल एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का भव्य आयोजन

● नर्सें केवल सेवा नहीं करतीं, वे हर जीवन में आशा और विश्वास का संचार करती हैं : हर्ष अजमेरा

● नर्स केवल रोगियों की नहीं, पूरे समाज की सेवा की प्रतीक होती हैं : जया सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-**आरोग्यम अस्पताल एवं आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को नर्सों के योगदान और सेवाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित किया गया, केक काटकर समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें सभी नर्सों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं और खुशियाँ साझा की। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे गुब्बारों, पुष्पों और उत्सवमयी सजावट से सुसज्जित किया गया था, जहां हर चेहरे पर मुस्कान और गौरव की झलक साफ दिखाई दे रही थी। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की नर्सें न केवल मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि वे संकट के समय आशा की किरण बनती हैं। उनकी सेवा, धैर्य, और ममता का कोई मोल नहीं। आज का दिन उन्हें उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देने का दिन है। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि नर्सें सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका योगदान अमूल्य है और इस दिन का आयोजन उनके सम्मान में एक छोटी-सी लेकिन महत्वपूर्ण पहल है। प्रशासक जया सिंह ने कहा की नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आत्मा होती हैं। उनकी करुणा, धैर्य और समर्पण के बिना चिकित्सा जगत की कल्पना अधूरी है। महामारी से लेकर सामान्य देखभाल तक, हर मोर्चे पर नर्सें मजबूती से खड़ी रही हैं। आज का दिन उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को सम्मान देने का दिन है। हम सभी को उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। आरोग्यम परिवार की ओर से मैं सभी नर्सों को इस विशेष दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

## समस्तीपुर में पैक्स अध्यक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग, जानलेवा हमले में बाल-बाल बचे.

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर-**समस्तीपुर में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। अपराधी एक के बाद एक अपराध की वारदातों को बेखौफ अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। इसी क्रम में रविवार देर रात अपराधियों ने हलई थाना क्षेत्र के दरबा में पैक्स अध्यक्ष के घर पर धावा बोलकर गोलीबारी की है। हालांकि इस फायरिंग में पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार राय बाल-बाल बच गए। दौरान बदमाशों ने करीब 10 राउंड फायरिंग की गयी है। घटना की सूचना पर पुलिस सुबह घटनास्थल पर पहुंची। मौके से 3 खोखा बरामद हुआ है।वहीं गांव में गोलीबारी की घटना से दहशत का माहौल है। इस घटना के बारे में पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने बताया कि गांव में एक लड़की की शादी थी। उस शादी समारोह में शामिल होने के बाद वे देर रात करीब 2 बजकर 20 मिनट पर घर पहुंचे। घर पहुंचते ही अचानक अपराधियों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि फायरिंग जमीन विवाद को लेकर हुई है। गांव के10 कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसको लेकर मुझे जान से मारने की नीयत से ही फायरिंग की गई है। इस मामले हलई थाना प्रभारी रोशन कुमार ने बताया, %जमीन विवाद से जुड़ा मामला लग रहा है। पीड़ित से लिखित आवेदन मांगा गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिया गया है। बता दें कि इससे पहले रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रहीमपुर रुदौली गांव में बाइक सवार बदमाशों ने एक किराना दुकानदार को अर्जुन राय के पुत्र जय राम सत्यम (37) सीने में गोली मारकर फरार हो गये। घटना के बाद जख्मी को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। लेकिन परिजनों ने उसे शहर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## बरही में बीएसएनएल की सेवा ठप, एक सप्ताह से वाई-फाई बंद, लोगों को कार्यों में भारी असुविधा

स्वतंत्र प्रभात





**बरही-**बरही में भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाएं पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह से बाधित हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से वाई-फाई सेवा के बंद हो जाने से लोगों को अपने दैनिक कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा में तकनीकी खराबी आने के कारण कई घरों और कार्यालयों में इंटरनेट पूरी तरह से बंद है। छात्र, व्यापारी, ऑनलाइन कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स और बैंकिंग सेवा उपयोगकर्ता सभी परेशान हैं। एक स्थानीय व्यापारी ने बताया कि ऑनलाइन लेनदेन और ऑर्डर की प्रोसेसिंग पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे व्यवसाय पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं छात्र भी ऑनलाइन क्लास और परीक्षाओं में भाग नहीं ले पा रहे हैं। लोगों ने बीएसएनएल प्रबंधन से जल्द से जल्द सेवा बहाल करने की मांग की है ताकि उन्हें इस असुविधा से राहत मिल सके।बीएसएनएल एसडीओ से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही किया।

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं - सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर खास स्थित पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वावधान में ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीडीओ जयेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन डॉ पवन मिश्रा ने क्षेत्र के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कुल तीस विद्यार्थियों को सम्मानित किया और नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। सही मार्गदर्शन और मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा। सीडीओ ने पंचायत भवन में नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं युवाओं को डिजिटल सेवाओं और शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगी। डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में असीम प्रतिभाएं हैं। सही मार्गदर्शन और पढ़ाई सुविधा मिलने पर वे आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान रमवापुर खास व ब्लॉक अध्यक्ष ज़फर आलम ने क्षेत्र के डा. मोहम्मद जाहिद और डा. अभिषेक कुमार सहित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य, निधि चौधरी, मनीता, उजमा खातून, कमलेश चौधरी, आकाश यादव,अमित पटेल, अजीमुल्लाह, आमिर खान, दिव्या गुप्ता, शमा परवीन और चंदा समेत 30 प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को सम्मान दिलाने में महती भूमिका निभाई। इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम, पूर्व प्रधान अब्दुर्रहमान, एडीओ पंचायत राम बेलास, फिरोज आलम, मुस्तन शेरुल्लाह, अनिल मिश्रा, चन्द्र मोहन चौधरी, चन्दन गिरी, राजेश यादव, अभिनेश कुमार, राजेश चौरसिया और विजय बहादुर, निजाम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।


## संक्षिप्त खबरें

### एआईएमआईएम की जिल कार्यकारिणी घोषित

**जौनपुर**- एआईएमआईएम जिला कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक में सर्वसम्मती से जिला महासचिव पद पर शाहनेयाज़ अहमद, दिलराज बाबू एडवोकेट, इरशाद अहमद को मनोनीत किया गया।सचिव पद के लिए एडवोकेट उमा नाथ गौतम, कामरान अहमद, सभासद अतीक अहमद, डॉक्टर मकसूद, के.डी अन्सारी, अमलेश राजभर, शाहंशाह खान, एहतेशाम खान को मनोनीत किया गया। संयुक्त सचिव पद पर मुरारी दुबे, जुल्फिकार अली, मोहम्मद अकरम, अमीरुद्दीन, मोहम्मद अज़ीम, मोहम्मद शमशाद, माज़ खान, शहजाद अली, साकिब खान, मोहम्मद तारिक को मनोनीत किया गया।

**संगठन मंत्री पद पर मोहम्मद मेराज, कोषाध्यक्ष पद के लिए कलीम हाशमी को मनोनीत किया गया।** डाक्टर इरशाद अन्सारी, फ़राज़ सिद्दीकी, मोहम्मद सादिक, शफीउद्दीन सिद्दीकी, नौशाद खान, अशहर खान युसुफ़ज़ई, मंजूर अहमद, यासिर खान, ज़ीशान हैदर, हुसैन अहमद, नौशाद आतिश, मोहम्मद तय्यब, एहसान खान को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। ज्ञात हो कि पिछले चार अप्रैल को हुई जिला कार्यकारिणी की बैठक में पदाधिकारियों की सर्वसम्मती से जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था।

### अवैध तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**खेतासराय(जौनपुर)।** पुलिस ने लेदरही पुलिया से एक युवक को अवैध देशी तमंचा सहित गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि उप निरीक्षक मोहम्मद तारिक अंसारी ने हमराह हेड कांस्टेबल अम्बिका यादव व कांस्टेबल शुभम त्यागी के साथ सोमवार को सुबह 8¬40 बजे लेदरही पुलिया के पास से फैय्याज पुत्र धनी निवासी नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 कोहरौटी को गिरफ्तार किया। जिसके पास 315 बोर का देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि फैय्याज को आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत न्यायालय भेजा गया है।

### पीयू की छात्रा श्रेया सिंह का यूपीसीएसटी समर इंटर्नशिप में चयन



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रतिभावान छात्रा श्रेया सिंह का चयन उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (.क्क ष्ट.स्ञ्ज.) द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत श्रेया को आईआईटी, आईआईएसईआर, सीएसआईआर अथवा देश के अन्य प्रतिष्ठित विज्ञान शोध संस्थानों में कार्य का अवसर प्राप्त होगा। यह चयन श्रेया की वैज्ञानिक प्रतिभा, परिश्रम और अकादमिक उत्कृष्टता का परिचायक है। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने श्रेया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों को भी अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगी। यह सफलता पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### धूमधाम से मनाया गया मेडिकल कॉलेज में वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे



**जौनपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज जौनपुर में बीते दिनो हो रहे धरना प्रदर्शन के उपरांत सफलता प्राप्त होने पर आज सोमवार को आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसमें गरिमा राय प्रियंका पटेल श्वेता राय पुष्पा देवी स्वाति अंजलि जागृति आदि उपस्थित रही। साथ ही अन्य उपस्थित मेल स्टाफ नर्स के पूरे सहयोग के द्वारा वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे धूम-धाम से मनाया गया।

# देश को भगवान बुद्ध के पंचशील मार्ग पर चलने की आवश्यकता- राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के दिशा निर्देशन में पूरे प्रदेश के क्रम में समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती समारोह पूर्वक जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य के अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों ने भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का पुनः संकल्प लिया। तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके आदर्शों एवं विचारों को याद किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि आज भी भगवान गौतम बुद्ध जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उनके विचारों पर चलकर जहां दुनिया के कई देश विकसित हो गए वहीं हमारे देश ने उनके विचारों को पूर्णता आत्मसात नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज देश उनके त्रिकाल और पंचशील विचार मुख्यत जीवों की हत्या से दूर रहना, चोरी से दूर रहना, यौन दुराचार से दूर रहना, मिथ्या भाषण से दूर रहना, और मन को अशांत करने वाले नशीले पदार्थों से दूर रहना, अपने जीवन में उतार ले तो सफल व्यक्ति, सफल समाज और सफल देश का निर्माण कर सकता है।**हमें आज भगवान बुद्ध जी की जयंती पर यही संकल्प लेना चाहिए।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने महापुरुषों की जन्म तिथि एवं पुण्यतिथि मनाने का निर्देश दिया जिससे हमें अपने महापुरुषों एवं आराध्य, भगवानों के विषय में पढ़ने एवं जानने का अवसर मिला। गोष्ठी को पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, ज़िला उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, नैपाल यादव, राहुल यादव, दीपक विश्वकर्मा, डॉ जंगबहादुर यादव, रजनीश मिश्रा, विवेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष गण वीरेंद्र यादव, रामू मौर्य, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्याम नारायण बिंद ने संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ज़िला सचिव गुलाब यादव, ऋषि यादव एडवोकेट, डॉ चंद्रशेखर यादव, भानु प्रताप मौर्य, प्रदीप कुमार पाल, वीरेंद्र यादव, रवि मौर्य, आजाद यादव, आकाश यादव, प्रदीप कुमार शर्मा, संदीप यदुवंशी, अरविंद यादव, ताज मोहम्मद, रंजीत गौतम, कमलेश यादव, शुभम यादव, अमजद अंसारी, श्याम कुमार मौर्य सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# संपर्क और वैचारिक माध्यम से ही कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जा सकता है- रमाशंकर

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** गंगा समग्र, काशी प्रांत की प्रांतीय बैठक अशोका वर्ल्ड स्कूल जमालपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर गंगा समग्र के राष्ट्रीय मंत्री और वरिष्ठ प्रचारक रमाशंकर रहे। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री संजय और प्रांत संयोजक राकेश मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक कुल तीन सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमे उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्जवलन के उपरान्त बैठक को संबोधित करते हुए गंगा समग्र के राष्ट्रीय मंत्री रामाशंकर जी कहा कि संपर्क और वैचारिक माध्यम से ही कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न परिस्थितियों में सराहनीय कार्य किया। श्रीमान रमाशंकर जी ने कहा कि हमारे सामने गंगा की निर्मलता बहुत बड़ा प्रमाण है, यह है की प्रदूषण मुक्त गंगा का जल लंबे समय तक लोगों के लिए निश्चित मन से उपयोगी बना रहता है। चाहे वह प्रवाहित जल हो या घर में रखा हुआ हो। उन्होंने कहा कि गंगा की निर्मलता की तरह ही देश की अन्य प्रमुख नदियों की निर्मलता और जल संस्थाओं के स्वच्छता का प्रयास हो रहा है। कहा कि गंगा समग्र राष्ट्रीय स्तर पर छोटी बड़ी नदियों तालाबों कुओं आदि के पुनर्जीवन के लिए काम कर रहा है। बैठक के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ प्रचारक श्रीमान संजय जी ने काशी प्रान्त से आये सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की काशी प्रान्त अपने सभी जिले अपने क्षेत्र में प्रवाहित नदियों की अविरलता और निर्मलता बनाये रखने को संकल्पित गंगा समग्र सभी जिलो को पहले सम्पर्क-युक्त फिर कार्ययुक्त और उसके बाद विकसित जिला बनाये। बैठक में कार्यकर्ताओं को वर्षभर के कार्यो के बारे में समझाते हुए एक संकल्प-पत्र (जिला वार्षिक कार्य-योजना) के बारे में उल्लेख किया, जिसमे सभी जिलों में खण्ड/वार्ड समितियां बनाना, नदियों के तट से 3 से 5 किलोमीटर के गाँव को गंगा ग्राम एवं बस्तियों को गंगा बस्ती बनाना, वार्षिक योजना बनाकर नदियों एवं तालाबों पर कार्य करना, गंगा-आश्रित परिवारों से सम्पर्क करना, वृक्षारोपण के स्थान एवं उसको संख्या निर्धारित करना, 04 मई से 05 जून के तक जन-जागरण मास (वैशाख शुक्ल सप्तमी से ज्येष्ठ शुक्ल दशमी) में आयोजित कार्यक्रमों की सूचि एवं योजना बनाना, इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की। समापन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी ने काशी प्रान्त के संरक्षक के लिए श्रीपति सिंह जी के नाम की घोषणा किया तदोपरान्त प्रान्त संयोजक राकेश मिश्रा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जोर देते हुए नए कार्यकर्ताओं के नाम की घोषणा किया जिसमे संजय सिंह जिला संयोजक एवं अयोध्या प्रसाद मिश्रा सह संयोजक सुल्तानपुर, अनुराग द्विवेदी सह संयोजक भदोही, राम रसद सिंह सह संयोजक चुनार, राजेश जी पालक



प्रयाग विभाग एवं अजय पाल को सदस्य प्रान्त शैक्षणिक आयाम बनाया गया। बैठक में स्कूल के प्रबंधक और जिला संयोजक डा संजीव मौर्या, दिवाकर द्विवेदी, नीलम, राज नारायण, रणदीप, स्वामी आत्मानंद, अवध नारायण, जीतेन्द्र, साहब लाल, उमेश, रश्मि सिंह, भृगु नारायण पाठक, अजय सिंह, चन्द्र प्रकाश, अम्बरीष विभाग संगठन मंत्री, डॉ प्रवीण, अशोक कुमार सिंह, डा श्रवण कुमार मिश्रा,अतुल सिंह, मोती मनीष द्विवेदी, दीपक श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद् सह प्रांत संयोजक डा अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। उक्त आशय की जानकारी संचार आयाम प्रमुख दीपक श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# घोसियाना मुहल्ले में जलभराव से दो दर्जन घर प्रभावित,नालिया लबालब

● बीमारियों का बढता जा रहा खतरा

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत के घोसियाना मुहल्ले में जलनिकासी की समस्या गंभीर हो गई है। मोहल्ले के दो दर्जन से अधिक घरों के सामने गंदा व प्रदूषित पानी जमा है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलभराव से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वार्ड के सभासद ने नगर पंचायत प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अभी तो बरसात ठीक तरीके से शुरू भी नहीं हुई। रविवार को हुई मामूली बरसात में ही गलियों में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि मोहल्ला स्थित तालाबी जमीन को पाट दिया गया है। जिससे जलनिकासी अवरुद्ध हो गई है। वार्ड में यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार पत्र देकर व मौखिक रूप से अधिशासी अधिकारी से इसकी शिकायत की लेकिन अधिकारी जनसमस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया जाएगा। श्री सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि शासन के निर्देशानुसार बरसात से पहले नगर के नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था के लिए एक मई तक कार्ययोजना बनानी थी, लेकिन अब तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। न ही इस विषय में बोर्ड के सदस्यों को ही कोई जानकारी दी गई है। बाबूलाल सैनी, रसीद अहमद, मो. हलीम, प्यार मोहम्मद, मो. रियासत, बिट्टन, मो. शरीफ, जमीला, रजिया, मो. अनवर, वली मोहम्मद, नूर मोहम्मद ने प्रशासन से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। ईओ राजभान शुक्ला ने बताया कि नगर में नालियों की सफाई का कार्य शुरू कराया गया है। जिस वार्ड में ऐसी कोई ऐसी दिक्कत है तो उसे भी बरसात से पहले सुधारा जाएगा।

# बर्तन बदलने वाली शातिर महिलाएं निकली जालसाज, लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज /रायबरेली।**बर्तन बदलने वाली शातिर महिलाएं निकली जालसाज, लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार शातिर महिलाओं के एक गैंग ने झांसा देकर दर्जन भर महिलाओं के लाखों की कीमत के जेवरात ठगने का मामला सामने आया है। चंदापुर थाना क्षेत्र में एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। नयापुरवा मजरे चंदापुर गांव में दो महिलाओं ने दर्जनों महिलाओं से करीब 20 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए। शातिर महिलाओं ने पहले गांव में पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन देने का काम शुरू किया। इस तरह उन्होंने स्थानीय महिलाओं का विश्वास जीत लिया। कुछ दिनों बाद उन्होंने एक स्कीम की जानकारी दी। इसमें बताया कि सोने-चांदी के जेवरात देने पर चार घंटे में प्रति जेवर 6 हजार रुपए और एक बर्तन मिलेगा।

**महिलाओं ने चंदापुर थाने में कराई शिकायत दर्ज**

इस लालच में आकर एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने अपने जेवरात उन्हें सौंप दिए। कई घंटे बीतने के बाद जब ठगी करने वाली महिलाओं के फोन बंद मिले, तब पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। यह खबर पूरे गांव में तेजी से आग की तरह फ़ैल गई। स्थानीय पुलिस और गांव के लोग अब इन ठगी करने वाली महिलाओं की तलाश कर रहे हैं। एक वीडियो में इन ठग महिलाओं में से एक को कुर्सी पर बैठे देखा गया है। पीड़ित महिलाएं अपने परिजनों के साथ चंदापुर थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई। चंदापुर थाना के प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि मामले का संज्ञान ले लिया गया है। फोटो और वीडियो के आधार पर महिला ठगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही इन महिलाओं के गैंग को पकड़ा जाएगा। गौरतलब है कि इसी महीने की 2 तारीख को रायबरेली पुलिस ने ऐसे गैंग का खुलासा किया था जो ज़ेवर चमकाने के नाम पर टप्पेबाज़ी कर उसे लेकर फरार हो जाते थे। पिछले दिनों लालगंज और ऊंचाहार थाना इलाके में ऐसे ही दो मामले सामने आये थे। दोनों ही घटनाओं में इस गैंग के सदस्य दोपहर का समय देखकर जब पुरुष घर में नहीं होते थे तब ज़ेवर साफ करा लो की हाँक लगाते थे। इस गैंग के झांसे में फंसी महिलाओं ने पहले एक दो ज़ेवर दिया जिसे बहुत अच्छा



साफ कर दिया गया। जब महिलाओं को विश्वास हो गया कि यह लोग पेशेवर सफाई करने वाले हैं तो वो घर के अंदर दूसरे ज़ेवर लेने गयीं और इधर गैंग के सदस्य पहले वाले आभूषण लेकर फरार हो गया।मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है टीमें गठित कर दी गई है जल्द ही ठगी करने वाली महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसी प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम हेतु वृहद बैठक का आयोजन

● संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रतिमा का अनावरण

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा स्थापना के संदर्भ में सोमवार को जनपद एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयन्ती के अवसर पर तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें संत मोरारी बापू एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार की दृष्टि से जनपद के सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र देते हुए सहयोग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने प्रतिमा स्थापना कार्य में अब तक हुई प्रगति के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। जिला संघ चालक रामाधार ने बैठक में सुझाव दिया कि कार्यक्रम में जन सहभागिता महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें प्रत्येक ग्रामवासी को अपना सहयोग देना चाहिए। साथ ही अन्य सदस्यों ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में विद्यालय, सामाजिक संगठनों तथा प्रशासन का सहयोग लेना चाहिए। साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में सह जिला कार्यवाह अतुल सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख श्यामसुंदर मिश्र, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, ग्राम बसिला के राम प्रताप सिंह, नकेहली के सुशील द्विवेदी, लोढवारा के रेवतीरमण त्रिपाठी, सरधुआ के हरबक्स सिंह, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह, वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ल, विजय गौतम, समाज शिल्पी दम्पति प्रभारी डॉ अशोक पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, हरीराम सोनी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई महात्मा बुद्ध की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जनपद में सोमवार को महात्मा बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों का अयोजन करते हुए महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। जिला मुख्यालय में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल के आवास पर महात्मा बुद्ध की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने 29 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग कर ज्ञान की खोज पर निकल गए थे और घोर तपस्या और ध्यान के माध्यम से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। कहा कि भगवान बुद्ध ने सांसारिक मोह माया को छोड़कर त्याग और तपस्या के माध्यम से जीवन जीने के महत्व को समझाते हुए अहिंसा अपनाने की सीख दी। साथ ही लोगों को सभी प्राणियों के प्रति करुणा और प्रेम का भाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने सांसारिक दुःखों से छुटकारा पाने के लिए अष्टांगिक मार्ग की शिक्षा अपने अनुयायियों को दी। जिसमें सही विचार, सही संकल्प, सही वाणी, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही स्मृति व सही ध्यान शामिल हैं। साथ ही चार आर्य सत्य भी बताएं। इस दौरान पूर्व सांसद ने उनके बताई सीखों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, इंजीनियर राजेश सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, मनोज पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, होरीलाल आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार विद्यानगर कर्वी माफी में त्रिविध पावन वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुद्ध पूर्णिमा की शुरुआत त्रिशरण/पंचशील/बुंद्ध वंदना के साथ हुई। इसके बाद बुद्ध चरित्र चंद्रोदय पाठ का आयोजन किया गया। इस



दौरान बुद्ध विचार गोष्ठी और सांस्कृति कार्यक्रम के बाद शोभा यात्रा भी निकाली गई। डॉ अम्बेडकर जयंती समिति एवं भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध, भीम आर्मी के जिला संयोजक एसके गौतम, महासचिव अधिवक्ता श्रीपाल प्रजापति, प्रवक्ता विनोद वर्मा, रामनाथ वर्मा, शनि कुमार, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य रामसागर ने सुनाई श्रीकृष्ण जन्म की कथा

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** श्रीमद्भागवत भूगोल खगोल-विज्ञान से भरा हुआ ग्रंथ है, जिसे हर प्राणी को एक बार जरूर सुनना चाहिए। कथा व्यास ने चौथे दिन श्रीमद्भागवत कथा के महत्व का वर्णन किया। राजापुर तहसील क्षेत्र के पटना गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचर्य रामसागर महराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हर प्राणी को अपने जीवन में एक बार जरूर सुननी चाहिए। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भूगोल, खगोल-विज्ञान से भरा हुआ ग्रंथ है। उन्होंने भगवान कृष्ण की जन्म की कथा सुनाते हुए उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीला में केवल माखन चोरी ही नहीं की, अपितु जीवन जीने की कला भी बताई है। कहा कि जब भगवान का जन्म धरती पर हुआ तब केवल माता यशोदा के आंगन में ही नहीं बल्कि पूरे ब्रज में आनंद की लहर थी। उन्होंने चित्रकूट की महिमा बताते हुए कहा कि चित्रकूट ब्रह्मांड का सबसे बड़ा तीर्थ है। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद गौतम, राजाभाई गौतम, भोला प्रसाद गौतम, जगदीश गौतम, शिवानंद, रामानंद, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जेपी मिश्र, रामेश्वर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र गौतम, बालकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीतकर मिनाक्षी भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व

● धर्मनगरी पहुंचने पर क्षत्रिय समाज एवं स्वजनों ने किया जोरदार स्वागत

● कई पुरस्कारों से हो चुकी हैं सम्मानित


स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिले के सरधुवा गांव की मूल निवासी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीता है। मीनाक्षी वर्तमान में अपने पिता सत्यभान सिंह के ननिहाल चित्रकूट मध्य प्रदेश के बिरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नयागांव में निवासरत हैं। वह प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गई और जीत गई। खिताब जीतने के बाद पहली बार सोमवार को दिल्ली से धर्मनगरी चित्रकूट स्टेशन पहुंचने पर उनके स्वजन, शुभचिंतक एवं क्षत्रिय समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया। मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और अपने टैलेंट के दम पर जीत हासिल की है। वह अब मिस एशिया यूनिवर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मीनाक्षी का चित्रकूट जिले के राजापुर तहसील क्षेत्र के सरधुवा गांव से भी पुराना रिश्ता है। उनके परिजन मूल रूप से सरधुवा गांव के रहने वाले हैं। जो वर्तमान समय में बिरसिंहपुर तहसील क्षेत्र के नयागांव में रह रहे हैं। उनकी मां कीर्ति सिंह जनपद पंचायत मझगवां के वार्ड क्रमांक 25 से जिला सदस्य हैं। साथ ही संचार संकर्म समिति में सभापति भी हैं। उनकी चाची भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविमाला सिंह एमपी क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ से सभासद हैं। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। धर्मनगरी पहुंचने पर मीनाक्षी ने बताया कि वे पिछले डेढ़ साल से इस खिलाब के लिए तैयारी कर रही थीं, हालांकि उन्हें डांसिंग और माडलिंग का बचपन से ही शौक था। शुरूआत में माता-पिता ने ये सब करने से रोका पर उन्होंने ठान लिया था कि इसे करना है तो करना है। इसके बाद उन्होंने मिस टीन ऐज प्रतियोगिता के लिए अप्लाई किया और इसके बारे में माता-पिता से चर्चा की और उन्हें सारी जानकारी दी। इसके बाद वे इसके लिए राजी हो गए।

**प्रतियोगिता के लिए गई थी दिल्ली-** प्रतियोगिता के लिए दिल्ली गई और जीत गई। मीनाक्षी ने बताया कि उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और अपने टैलेंट के दम पर जीत हासिल की है, लेकिन ये चुनौती नई और अलग है, इसके लिए वे काफी एक्साइटेड और प्रिपेयर्ड है। जानकारी के लिए बता दें कि यूएसए (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले इसके सिलेक्शन का अंतिम चरण मई के महीने में दिल्ली में होना है। प्रतियोगिता संभवतः चार माह बाद होगी।

**इन पुरस्कारों से किया जा चुका है सम्मानित-** मीनाक्षी सिंह को अब तक मिस टीन ऐज (क्वीन आफ दा हट्स), मिस टीन इंडिया व मिस टीन एमपी जैसे कई बड़े अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है।

**अनुपमा स्कूल की छात्रा हैं मीनाक्षी-** ग्रामीण परिवेश में जन्मी मीनाक्षी की प्राथमिक शिक्षा सतना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। इसके बाद वो हाई व हायर सेकंडरी की पढ़ाई अनुपम हायर सेकंडरी स्कूल भरहुतनगर सतना से कर रही हैं। इस वर्ष वे कला विषय से कक्षा 11वीं पास कर 12वीं में प्रवेश किया है।



**सोमवार को पहुंची धर्मनगरी-** क्वीन बनने के बाद पहली बार मीनाक्षी सोमवार को चित्रकूट पहुंची, जहां उनके स्वजन रविमाला सिंह, विनोद कुमार सिंह, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, समर्थन सिंह, प्रमोद सिंह, किरण सिंह, भारती सिंह, ओंकार प्रताप सिंह, साधना सिंह, अंकिता सिंह, शालिनी सिंह, हर्ष सिंह, विजय किशोर, दिव्यश्री सिंह, अदिति सिंह, गौरव सिंह आदि ने फूल, माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका जोरदार स्वागत किया।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर में एक और महिला की ईंट से कुचल कर हत्या, हिरासत में शराबी पति

**कानपुर।** अवैध संबंध बनाम प्रेम प्रसंग समेत और भी कई कारणों से इस महानगर में जारी हत्याओं के क्रम में एक और महिला को मौत के घाट उतार दिया गया। ईंट से कुचलकर की गई उसकी हत्या के मामले में पुलिस उसके शराबी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यह घटना चौबेपुर कस्बे में हुई जहां आज सोमवार सुबह 36 वर्षीय बीनू शर्मा का रक्तरंजित शव घर के बाहर मिला। महिला के चेहरे पर चोट के निशान है। गले पर भी धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं। छत पर खून के धब्बे पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला कि पहले ईंट से कुचलकर हत्या की गई। फिर शव को छत से नीचे फेंक दिया गया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतका के पति संजय शर्मा एक ढाबे में काम करते हैं। उसके तीन बच्चे 10 वर्षीय बेटा शुभ और दो बेटियां 8 वर्षीय सारथी व 5 वर्षीय सिया हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को जो जानकारी दी गई है उसके मुताबिक संजय शराब का आदी है और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। पुलिस ने बताया कि बीते रविवार की देर रात संजय घर लौटा था। फिलहाल मृतका की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## एक देश एक चुनाव पर परिचर्चा आज


**कानपुर।** आज दिनांक 13 मई 2025 मंगलवार को ज्ञान भारती एम. एस. इन्टर कालेज बिरहाना रोड में प्रातः 11.30 बजे विधायक सलिल विश्नोई द्वारा राष्ट्रहित में 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है। जिसमें अन्य वक्ताओं के अलावा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष (उत्तरी क्षेत्र) अनिल दीक्षित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## सुजुकी मोटर्स ने बीएन आईटीआई कालेज के ग्यारह छात्रों का किया चयन



**प्रतापगढ़।** घुइसरनाथ क्षेत्र के बीएन आईटीआई कालेज पहाड़पुर में आनलाइन इंटरव्यू के जरिए सुजुकी मोटर्स कम्पनी गुजरात ने ग्यारह होनहार छात्रों का चयन अपनी कम्पनी के लिए किया है। बीते माह भी नोयडा की एक कम्पनी द्वारा कैम्पस सेलेक्सन के तहत दर्जन भर से अधिक छात्रों का चयन किया गया था।सोमवार को गुजरात की सुजुकी मोटर्स कम्पनी ने आनलाइन इंटरव्यू के जरिए छात्रों की दक्षता की परख कर ग्यारह छात्रों का चयन किया।कम्पनी की तरफ से अधिकृत अनिल कुमार व सतीश कुमार द्वारा आनलाइन चयन प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी। कालेज के प्रबंधक इं. भूपेश त्रिपाठी के अनुसार छात्रों को चौबीस हजार पांच सौ रुपए प्रतिमाह के वेतन पर चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिभाशाली छात्र मो. इसरार, प्रमोद कुमार गुप्ता,विजय कुमार वर्मा, सत्यम गुप्ता, उत्कर्ष जायसवाल, गौरव मौर्य, अनमोल तिवारी, आशीष पांडेय, सुमित सिंह, विजय कुमार तिवारी व शुभम वर्मा का चयन हुआ है। प्रबंधक ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम के बल पर निश्चित ही सभी छात्र कालेज का नाम रोशन करेंगे। प्रबंधक का कहना है कि उनकी संस्था शिक्षा व रोजगार मुहैया कराने के लिए संकल्पित है।बीते पांच वर्ष में विभिन्न कम्पनियों ने सैकड़ों छात्रों को रोजगार देकर कालेज की तकनीकी और गुणवत्तापरक शिक्षा का मान बढ़ाया है। वहीं चयनित छात्रों ने कालेज स्टाफ के साथ जश्न मनाकर खुशियों का इजहार किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य आनंद गिरि,अनुज मिश्र व एकाउंटेंट शिवम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया मेडिकल कॉलेज में वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे



**जौनपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज जौनपुर में बीते दिनों हो रहे धरना प्रदर्शन के उपरांत सफलता प्राप्त होने पर आज सोमवार को आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसमें गरिमा राय प्रियंका पटेल श्वेता राय पुष्पा देवी स्वाति अंजलि जागृति आदि उपस्थित रही। साथ ही अन्य उपस्थित मेल स्टाफ नर्स के पूरे सहयोग के द्वारा वर्ल्ड स्टाफ नर्स डे धूम-धाम से मनाया गया।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के पदाधिकारी का होगा हिंदी पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के प्रादेशिक कार्यालय काकादेव कानपुर में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में संगठन द्वारा संचालित की गई निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ कार्ड योजना के विषय में विस्तार से चर्चा की गई यह कार्ड नेशनल मीडिया प्रेस क्लब से जुड़े सभी सदस्यों व पदाधिकारी के लिए बिल्कुल निशुल्क बनाया जा रहा है जो संपूर्ण भारतवर्ष में लागू है।

इसके माध्यम से समस्त कार्ड धारकों को मिलेगा जांचों व इलाज सुविधा में सहायता और प्रत्येक लैब जांचों में मिलेगी 20% से लेकर 50% तक की छूट अथवा अनुदान। वहीं दूसरी ओर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा ने अवगत कराया कि नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस 30 मई 2025 के शुभ अवसर पर अपने समस्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करेगा इसके साथ-साथ हिंदी में पत्रकारिता के विषय पर एक प्रतिस्पर्धा भी की जाएगी। इसमें प्रतिस्पर्धा को बेहतर रूप से हिंदी लेखनी के माध्यम से लिखने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति बड़ा ही भव्य रहेगा जिसमें कई वरिष्ठ व सच्चे कलम के सिपाहियों को सम्मानित किया जाएगा।

आज की बैठक में प्रमुख रूप से नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ बलबीर कपाड़िया, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, लखनऊ मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह तोमर, मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद जुनेद, कानपुर जिला उपाध्यक्ष हामिद हुसैन, जिला प्रचार मंत्री बबीता वर्मा, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शादाब रईस, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, पूर्व जिला कार्यकारिणी मोहम्मद जुबेर खान, जिला सूचना मंत्री सुहैल मंसूरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य नितिन कुमार, कानपुर देहात जिला अध्यक्ष शिवकरण शर्मा, दुर्गेश तोमर, नीतू चौरसिया, सुहानी गुप्ता, अमन अहमद इत्यादि लोग रहे उपस्थित।

# खजनी- 6 वर्षीय मासूम के साथ हैवानियत की कोशिश, 16 वर्षीय किशोर की शर्मनाक करतूत

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी।** गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी अंतर्गत एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। एक 16 वर्षीय किशोर ने अपनी हवस की भूख मिटाने के लिए महज 6 साल की मासूम बच्ची को निशाना बनाने की कोशिश की। हालांकि, मासूम की चीख और परिजनों की त्वरित हरकत ने किशोर के घिनौने मंसूबों पर पानी फेर दिया। घटना के अनुसार, किशोर ने सुनसान मौके का फायदा उठाकर मासूम के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। बच्ची की चीख सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और किशोर को भागते हुए देखा। गुस्से और सदमे में डूबे परिजनों ने तत्काल स्थानीय खजनी थाने में नामजद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि ऐसी घृणित हरकत करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई और मासूम ऐसी हैवानियत का शिकार न बने।

**खजनी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, कार्रवाई शुरू**

खजनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी किशोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। खजनी पुलिस के आधिकारिक बयान के अनुसार, सभी संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है, और मामले की गहन जांच की जा रही है

मासूम की मां का बयान घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। मासूम की मां ने रोते हुए कहा, "हमारी बच्ची के साथ ऐसा घिनौना काम करने की हिम्मत कैसे हुई? हमारी बेटी अब डर के साए में जी रही है। हम चाहते हैं कि इस किशोर को ऐसी सजा मिले कि कोई और ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।" ग्रामीणों ने भी प्रशासन से त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है।सवालों के घेरे में सामाजिक मूल्ययह घटना न केवल एक अपराध है, बल्कि समाज में बढ़ती नैतिक गिरावट का भी दुखद उदाहरण है। आखिर क्या वजह है कि एक 16 साल का किशोर इतने घृणित कृत्य की ओर प्रवृत्त हुआ? विशेषज्ञों का मानना है कि मोबाइल और इंटरनेट पर आसानी




से उपलब्ध अश्लील सामग्री, माता-पिता की निगरानी में कमी और नैतिक शिक्षा का अभाव ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं।

**पुलिस की अपील-** गोरखपुर पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या उनवल चौकी से संपर्क करे। साथ ही, माता-पिता से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें सही-गलत का फर्क समझाएं। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि हमें अपने बच्चों को बेहतर संस्कार और शिक्षा देकर ही एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। मासूम के साथ हुई इस शर्मनाक हरकत ने न केवल एक परिवार को दर्द दिया, बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# चौबेपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हत्या





● परिवार जनों ने महिला के पति पर लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कमिश्नरेट के पश्चिमी जोन स्थित चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्धावस्था में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की मां ने मृतका के पति पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना चौबेपुर क्षेत्र अंतर्गत महिला की हत्या व अन्य पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि मृतिका के परिवार जनों ने बताया है कि पति-पत्नी में आपस में काफी झगड़ा होता था जिसमें कई बार पति ने पत्नी की पिटाई लगाई थी। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटा लिए हैं पूछताछ की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

इस बीच पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना चौबेपुर क्षेत्रान्तर्गत महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या के सम्बन्ध में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। चौबेपुर कस्बे में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हत्या के मामले में पुलिस उपायुक्त पश्चिम, दिनेश त्रिपाठी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिवारजनों को सांत्वना दी। साथ ही टीम गठित कर शीघ्र घटना के अनावरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने परिवारजनों को आश्वस्त किया है कि पुलिस इस मामले में कड़ी कार्यवाही करेगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष जांच कर रही है और जल्द ही घटना का अनावरण करेगी। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादिनी द्वारा थाना कुण्डा पर तहरीर दी गई थी कि 09 मई को उसके बेटे सूरज कुमार को गांव के ही मेवालाल पुत्र महंगूराम व बब्लू सरोज पुत्र अमृतलाल पुरानी रंजिश को लेकर बहला फुसला कर मछली मारने के बहाने तालाब में मछली पकड़ने को कहा।जिसमे उक्त विपक्षीगणो के साथ मायाराम सुत नाटा निवासी सिलावटपुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा जान से मार डालने की नियति से तालाब में बिजली का करंट लगाकर भाग गये। जिससे वादिनी के बेटे की मृत्यु हो गई।जिसके संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना कुण्डा में 03 नामजद के अभियोग दर्ज किया गया था।थाना कुण्डा प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उ0नि0 गोविन्द सिंह चौहान मय हमराह को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-122/25 धारा 105 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त बब्लू सरोज पुत्र स्व0 अमृत लाल निवासी भोनी का पुरवा मजरा रैयापुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कुण्डा के चौरा तिराहा बिहार रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कानपुर शहर में दो जगह संचालित हुक्काबार पर पुलिस रेड

● महिला की शिकायतों पर हुई रेड, सस्पेक्टेड ड्रग्स भी हुई बरामद

स्वतंत्र प्रभात







**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर के दो स्थानों पर दो अवैध हुक्काबार पकड़े गए हैं जिसमें बड़ी मात्र में अवैध शराब, हुक्का, सस्पेक्टेड ड्रग्स व कैश बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों जगहों पर रेड की है और इनके संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इस तरह की शिकायतें काफी पहले से आ रही हैं कि शहर में हुक्काबार संचालित हो रहे हैं लेकिन पुलिस ने जब छापा मारा जब वहां एक महिला के साथ बदतमीजी हुई और उसकी उस महिला ने तहरीर दी। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि थाना ग्वालटोली क्षेत्रान्तर्गत स्थित एक क्लब के सम्बन्ध में एक युवती ने छेड़खानी, अतिरिक्त पैसे वसूलने, शराब और नशे के पदार्थ परोसे जाने की शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने हुक्का बार में रेड कर काफी मात्रा में शराब बरामद की और ड्रग्स की संभावना पर जांच शुरू की। अब तक 2-3 लोगों को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की जा रही है और इसी से संबंधित साउथ जोन की ब्रांच पर भी छापा मारा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इसी की ब्रांच साउथ जोन में भी पकड़ी गई है डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि दिनांक 12.05.2025 को किदवई नगर क्षेत्रान्तर्गत को दीप टॉकीज के नीचे संचालित "कॉस्मोजिन" में अवैध हुक्काबार और शराब परोसने की सूचना पर आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। तलाशी के दौरान 14 हुक्के, संदिग्ध नशीला पदार्थ, 7 पेटी अवैध शराब और ₹60,000 नकद बरामद हुए। प्रतिष्ठान के संचालक व उनके अन्य सहयोगियों के खिलाफ थाना किदवई नगर में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि इसके संचालक सूर्याश खरबंदा, कार्तिक गुलाटी,रवि मिश्रा,व अमित मिश्रा तथा इसमें संलिप्त 4-5 अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# गोला बाजार क्षेर लकुड़ी निस्फी राय में दो भाइयों की आत्महत्या ने बिखेरा परिवार, शादी की खुशियां मातम में बदली

स्वतंत्र प्रभात

**गोला बाजार/गोरखपुर,** गोला थाना क्षेत्र के लकुड़ी निस्फी राय गांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। दो सगे भाइयों, 18 वर्षीय सत्यम और 25 वर्षीय संदीप, ने 12 घंटे के भीतर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जिस घर में तीन दिन बाद छोटी बहन रिया की शादी की शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब मातम और करुण क्रंदन का आलम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर सत्यम, पुत्र रामगोविंद, ने घर के एक कमरे में कुंडी से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिवार अभी छोटे बेटे की मौत के सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार रात सत्यम का बड़ा भाई संदीप भी उसी कमरे और उसी कुंडी पर साड़ी का फंदा लगाकर अपनी जान दे बैठा। सुबह जब परिजनों की नजर संदीप के शव पर पड़ी, तो घर में कोहराम मच गया। मां और दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता रोजी-रोटी की तलाश में बाहर हैं।सूचना पर डायल 112 की टीम, गोला थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी, सीओ गोला मनोज कुमार पांडेय और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की गहन पड़ताल शुरू कर दी। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि सत्यम का पड़ोस के टोले की एक लड़की से प्रेम संबंध था, जिसके चलते उसने यह कठोर कदम उठाया।

वहीं, संदीप के बारे में कहा जा रहा है कि वह मानसिक रूप से कमजोर था और छोटे भाई की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाया। हालांकि, ये मात्र अनुमान हैं और पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई स्पष्ट होगी। घर में अब भी, बड़ी बहन और छोटी बहन रिया ही बचे हैं, जो इस दुख की घड़ी में टूट चुके हैं। रिया की शादी



की तैयारियां जोरों पर थीं, लेकिन भाइयों की असमय मृत्यु ने सारी खुशियां छीन लीं। गांव में मातम का माहौल है, और लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।गोला थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिवार और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है। आत्महत्या जैसी घटनाएं मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं की गहराई को दर्शाती हैं।

# चोरी की भैंस बेचने पर 70000 रूपये के साथ चोर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पतरा से 27 अप्रैल को वादी की 02 भैंसो को नसीम पुत्र मिश्री, सिराजुल पुत्र पुट्टुल निवासी गण ग्राम लमहन थाना महराजगंज जनपद जौनपुर,रविश पुत्र राजेश निवासी ग्राम रमगढ़ा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा पिकअप में ले जाकर चोरी कर लिये थे, जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना आसपुर देवसरा पर 03 नामजद व 01 अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी आसपुर देवसरा धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय कुमार अचल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 125/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना आसपुर देवसरा से संबंधित एक अभियुक्त नसीम पुत्र मिश्री निवासी ग्राम लमहन थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 35 वर्ष को चोरी की भैंस को बेचने पर बचे हुए 70000 रुपये के साथ थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत तेलियानी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

# अरमापुर पुलिस द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण- 3 गिरफ्तार

● अभियुक्तों को मय लूट के माल के साथ किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक अरमापुर के कुशल मार्गदर्शन में थाना अरमापुर पर पंजीकृत मुकदमा धारा 309 (6) बीएनएस के सफल अनावरण, लूटे गये माल की बरामदगी व अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी थी। गठित टीम द्वारा त्रिनेत्र कैमरों की मदद से 12 मई को रात्रि चैकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कालपी रोड पर पीजी कालेज वाले कट से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त आकाश सिंह पुत्र मुकेश सिंह निवासी कलकपुरवा भीमसेन थाना सचेंडी कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष, विशाल पुत्र सुभाष निवासी कच्ची मढैया एम0 ब्लाक जयप्रकाश नगर थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष, वसीम खान पुत्र स्वर्गीय मोहर्रम अली निवासी कुम्हार मंडी राहुल स्वीट्स हाउस के पीछे थाना काकादेव कानपुर नगर उम्र करीब 20 वर्ष, को मुकदमे से संबंधित माल समेत गिरफ्तार किया है। मुकदमा में एक अन्य अभियुक्त अश्वनी उर्फ कल्लू पुत्र मनीष निवासी जय प्रकाश नगर कच्ची मढैया थाना रावतपुर कानपुर नगर का नाम भी प्रकाश में आया है जिसकी तलाश, गिरफ्तारी हेतु गठित टीम को पुनः रवाना किया गया है। अभियुक्तों से बड़ी संख्या में मोबाइल, मोबाइल चार्जर, मोबाइल बैटरी बरामद हुई है।

# नाबालिक ट्रैक्टर चालकों, तेज ध्वनि वाले स्पीकर हटवाए, एस यच ओ अर्चना सिंह

● खजनी पुलिस की इस कार्रवाई से नाबालिक चालकों में हड़कंप खबर का असर

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी (गोरखपुर)** खजनी थाना क्षेत्र मे नाबालिक टैक्टर चालक वेरोकटोक संडक पर चलते है जिसके खीलाफ समाचार पत्र में प्रकाशित होते ही खजनी पुलिस सा ज्ञान लेटे हु? नकेल कसना कर दिया शुरू इसी क्रम में आज बीती रात को नाबालिक और अनट्रेंड ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ खजनी थाने की एसएचओ अर्चना सिंह ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। रविवार देर रात गश्त के दौरान एसएचओ ने तेज ध्वनि में स्पीकर बजाकर ट्रैक्टर दौड़ाने वाले चालकों पर नकेल कसी। उन्होंने कई ट्रैक्टरों को रुकवाकर बड़े स्पीकर और म्यूजिक सिस्टम उतरवाए। एसएचओ ने चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, "नाबालिकों द्वारा ट्रैक्टर चलाना अपराध है। दोबारा ऐसी हरकत पकड़े जाने पर चालक और ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।"स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की है। क्षेत्र में तेज आवाज वाले ट्रैक्टरों से हो रही परेशानी और हादसों के खतरे को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से नाबालिक चालकों में हड़कंप मच गया है।खजनी पुलिस की अपील- नियमों का पालन करें, नाबालिकों को वाहन न चलाने दें, वरना कानूनी कार्रवाई तय है।

# सरकारी कार्य में बाधा करने व लोक सेवक पर हमला करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी लेखपाल, स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच हेतु दहिलामऊ में गया था।आरोपीगणं द्वारा कार्य सरकार के दौरान वादी को गाली गलौज, मारपीट, धमकी देने व सरकारी कार्य को बाधित करने व लोक सेवक पर हमला करने के प्रकरण में थाना कोतवाली नगर में 04 नामजद अभियुक्तों पर अभियोग दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जयचन्द्र भारती के नेतृत्व में उप निरीक्षक अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग से संबंधित एक वांछित अभियुक्त राजीव उर्फ राजू पाण्डेय पुत्र रामदयाल निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बुढ़िया देवी मंदिर दहिलामऊ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# गोरखपुर में चोरी की बड़ी वारदात का पर्दाफाश, 4 अभियुक्त गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

**गोरखपुर-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर के निर्देश पर चोरी की घटनाओं पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में गोरखपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना एम्स की पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले में 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के आभूषण, नकदी और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

**क्या है पूरा मामला?**

**दरअसल-** 3 मई 2025 को तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने वादी के घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर कीमती आभूषण (2 हार, 2 मंगलसूत्र, 2 लेडीज चेन, 5 गोल्ड रिंग, 3 डायमंड रिंग, 3 अंगूठी, 1 ब्रेसलेट) और नकदी चुरा ली थी। इस मामले में थाना एम्स में मुकदमा संख्या 140/2025 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अभियुक्त दीपक वर्मा चोरी के आभूषणों की खरीद-फरोख्त में शामिल था।पुलिस की कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के निर्देशन में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार अभियुक्तों - अनुराग राय, राज राय, विश्वबन्धु और दीपक कुमार वर्मा को धर दबोचा। इनके पास से 1 चेन, 1 ब्रेसलेट, 74.170 ग्राम गलाया हुआ सोना, 4 छोटे-छोटे हीरें, 3,42,200 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तअनुराग राय, डीहघाट, थाना झंगहा, गोरखपुरराज राय, डीहघाट, थाना झंगहा, गोरखपुर विश्वबन्धु, महादेवा बाजार, थाना सिकरीगंज, गोरखपुरदीपक कुमार वर्मा, महादेवा बाजार, थाना सिकरीगंज, गोरखपुर कानूनी कार्रवाई कर मामले में धारा 331(4), 305(ए), 317(2), 3(5), 61 भा.द.सं. के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मुकदमे में




अतिरिक्त धाराएं जोड़ी हैं और अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस टीम की सराहना इस ऑपरेशन में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा के साथ उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, अजय कुमार यादव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नितेश कुमार राय, प्रभात कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर ने टीम के प्रयासों की सराहना की है।गोरखपुर पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में दहशत है, और जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# अनावश्यक अराजकता फैलाने वाले 2 अभियुक्त अनपरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार, किया गया चालान



**अनपरा, सोनभद्र।** अनपरा पुलिस ने अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने की मुहिम जारी रखी है। इसी क्रम में आज दिनांक 12 मई, 2025, सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक अनपरा शिव प्रताप वर्मा ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान अनावश्यक अराजकता फैला रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान विकास कुमार यादव पुत्र लाल कुंवर यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी बिरथा, थाना अनपरा, सोनभद्र और रंजीत यादव पुत्र केशव यादव, 24 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 2, डिबुलगंज, थाना अनपरा, सोनभद्र के रूप में हुई है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को धारा 170/126/135 भारतीय न्याय संहिता (BNSS) के तहत शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के पश्चात दोनों अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर शांति अहिंसा के महत्व पर हुई परिचर्चा



**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शारदा संगीत महाविद्यालय में शांति अहिंसा के महत्व पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बुद्ध के चित्र पर पुष्पार्पण हुआ। बुद्धवंदना, त्रिशरण व पंचशील का सामूहिक पाठ हुआ। अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि वर्तमान विश्व अकारण हिंसा से पीड़ित है।हिंसा से हिंसा बढ़ती है। अहिंसा ही विश्व शांति का विकल्प है। मुख्य अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि धार्मिक कट्टरवाद हिंसा का मूल कारण है। मानवता की भावना ही इसका समाधान है। एंजिल्स इंटर कालेज की प्रबंधक व शायरा डॉ. शाहिदा ने कहा कि बुद्ध के विचार आज और भी प्रासंगिक है। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि बुद्ध के विचार तार्किक है। तर्क से दृष्टिकोण व्यापक बनता है। दूसरों का हित ही धर्म है। संचालन साहित्यकार अनिल कुमार निलय ने किया। बोलने वालों में बीना श्रीवास्तव, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, सुनील कुमार सिंह, प्रताप नारायण सिंह, रोहित कुमार, राम प्रकाश तिवारी प्रमुख रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एटीएम बदल कर पैसे निकलाने वाला शातिर पकडा

**हरियाणा में पूर्व में एक दर्जन अपराधिक मामले हुए हैं दर्ज**

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने एटीएम बदलकर रुपये निकालने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बरसाना चौराहा अन्डर पास से एटीएम बदलकर रूपये निकालने वाले अभियुक्त कृष्ण पुत्र गंगालाल निवासी वडराम थाना चांदहट जनपद पलवल राज्य हरियाणा उम्र करीब 34 वर्ष को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त थाना छाता पर पंजीकृत अभियोग में वाछिंत था। थाना छाता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर 10 मई को कस्बा छाता में कैनरा बैंक के एटीएम से सीधे साधे लोगों का एटीएम बदलकर रुपये निकालने की घटना कारित की गयी। पीडित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ थ्हा। घटना कारित करने के बाद अभियुक्त अपने साथियो के साथ भाग गया था। प्रभारी निरीक्ष थाना छाता विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में हरियाणा में एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित के आपराधिक मामले खंगाले जा रहे हैं।

### दो लोगों को गोली मारने का आरोपी पकडा



पुलिस हिरासत में गोली मारने का आरोपित।

**मथुरा।** थाना हाईवे के महेन्द्र नगर में रविवार को हुए गोली कांड में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दूध के पैसों के लेनदेन को इस घटना के पीछे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले में कार्यवाही कर रही है। घटना में एक छात्र सहित दो लोग गोली लगने से घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलने की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये थे। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने भी घटना पर संज्ञान लिया था। इस घटना में पीड़ित की ओर से नामजद तहरीर दी गई थी। इकसे बाद पुलिस ने आरोपितों की धरपकड शुरू कर दी थी। दो मोटरसाइकिलों को भी बिरामद किया गया था। अभियुक्त सुभाष पुत्र गुलाब सिंह निवासी बृजधाम कालौनी गिरधरपुर थाना हाईवे जनपद मथुरा उम्र करीब 42 वर्ष को आज सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा थाना हाईवे जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गर्मी में भी बांकेबिहारी दर्शन को उमड़ी भारी भीड़

**हर तरफ बहती रही भक्ति रस की धारा**



बांके बिहारी मंदिर में बुध पूर्णिमा को उमड़ी भक्तों की भीड़।

**मथुरा।** सोमवार को बुध पूर्णिमा पर सोमवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी में भक्तों की भीड़ में श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी। लेकिन, भक्तों की आस्था कम होती नजर नहीं आई। मंदिर की गलियों और प्रांगण में भीड़ का दबाव बना रहा। मंदिर में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बना रहा। जिसे संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षागार्डों को दिनभर पसीना बहाना पड़ा। भक्तों ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन करने के साथ राधावल्लभ, राधादामोदर, राधारमण समेत अनेक मंदिरों में दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पट खुलने से पहले ही आसपास के इलाके में पहुंच गई। भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने बैरीकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया। जैसे ही मंदिर के पट खुले मंदिर के आसपास मौजूद श्रद्धालु मंदिर के अंदर दर्शन के लिए पहुंच गए और बाहर बैरियर पर खड़े श्रद्धालु इंतजार में खड़े थे। जैसे ही बैरियर खोली गई भीड़ के रूप में श्रद्धालु मंदिर की ओर दौड़ पड़े।पुलिस ने श्रद्धालुओं को बमुश्किल रोककर एकबार फिर बैरियर लगा दिए और मंदिर के अंदर भीड़ कम होने पर लगातार बैरियर को खोलने के साथ श्रद्धालुओं को अंदर प्रवेश दिया गया। मंदिर के अंदर दिव्य फूलबंगला में विराजित आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रफुल्लित हो रहे थे। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर से बाहर निकलने को तैयार न थे। लेकिन, मंदिर में तैनात सुरक्षागार्डों ने श्रद्धालुओं को बाहर निकालकर पीछे से आ रहे श्रद्धालुओं को मंदिर में एंट्री दी। बांकेबिहारी मंदिर के अलावा राधावल्लभ मंदिर, सेवाकुंज, निधिवन राज मंदिर, रंगजी और कात्यायनी मंदिर में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही।

# गोवर्धन तहसील में भृष्टाचार चरम पर, बुजुर्ग दंपति न्याय के लिए भटक रहे हैं

**● राजस्व निरीक्षक के रौब और रूतबे के आगे दम तोड़ता न्याय**

**जिलाधिकारी से लेकर उप जिला अधिकारी न्याय दिलाने में असमर्थ**



भाजपाई बुजुर्ग रामलाल

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** गोवर्धन योगी सरकार में जीरो टॉलरेंस की नीति अधिकारियों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही है क्योंकि इस नीति का भय दिखाकर भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार हो रही है बुजुर्ग दम्पति सरकार के दरवाजे खटखटाते हुए न्याय की गुहार लगाने को मजबूर हैं। मामला मथुरा के मगोर्रा थाना क्षेत्र के गांव नैनु पट्टी का है। पीड़ित बुजुर्ग अपने खेत की नापतौल कराने के गोवर्धन तहसील के चक्कर लगाते हुए परेशान हैं। लेकिन उसकी सुनवाई न तो तहसीलदार कर रहे हैं और न ही लेखपाल। उल्टे उसे कानूनगो व लेखपाल ने रौब दिखाते हुए उसको हड़काकर भगा दिया। मगोर्रा थाने के गांव नैलुकला भाग नैनुपट्टी के रहने वाले पीड़ित बुजुर्ग रामलाल पुत्र दुलीराम का आरोप है कि गांव में उनकी खेती की जमीन पर कुछ अन्य लोगों से विवाद चल रहा है। जिसमें उनके द्वारा जमीन की नापतोल पैमाईश के लिए कई बार तहसील गोवर्धन में प्रार्थना पत्र दिया गया है और कई बार इसकी पैमाईश भी हुई। जिसमें 2024 तक हर बार उनकी जितनी जमीन खसरा खतौनी में बोल रही थी उतनी ही निकली। लेकिन 2025 में दूसरे पक्ष ने नैनूपट्टी निवासी बुजुर्ग भाजपाई रामलाल एवं उसकी पत्नी।

कानूनगो लेखपाल आदि अधिकारियों से मिली भगत करके उक्त जमीन की दोबारा नापतोल करवाकर उनकी जमीन को कम दिखा कर रिपोर्ट लगवा दी गई है। पीड़ित ने बताया कि उनके कोई पुत्र नहीं है केवल बेटी है जिसकी वजह से पैरवी करने वाला कोई नहीं है जिसका लाभ उठाकर विरोधी उनकी जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में उन्होंने गोवर्धन तहसील में उप जिलाधिकारी से लेकर मथुरा में जिलाधिकारी तक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। अप्रैल 2025 में प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेकर जिलाधिकारी मथुरा ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश भी दिए हैं लेकिन बावजूद इसके अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। बुजुर्ग की पुत्री का बेटा जो कि फौज में है वह 15 दिन की छुट्टी लेकर अपने नाना की देखरेख के लिए गांव आया हुआ है उसको भी अधिकारियों ने गुमराह कर वापस भेज दिया और पीछे से गलत रिपोर्ट लगा दी। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि कानूनगो सतीश यादव उनको न्याय दिलाने की बजाय बार-बार धमकाता रहता है और धमकी भी देता है कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते और मैं चाहूं वो ही होगा। पीड़ित ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा है कि जितनी जमीन उसकी कागजों में और नक्शे में है उतनी जमीन उसको प्रदान कर न्याय दिलाया जाए। बुजुर्ग दंपति भाजपाई होने के बावजूद भी अपनी सरकार में जमीन पैमाइश के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है जनपद की तहसील में अगर आपके पास अधिकारियों की देने के लिए मोटी रकम है तो आप अपनी जमीन संबंधी समस्याओं को हल करा सकते हैं।

# थाना अंबेडकर नगर, दक्षिण जिला स्टाफ द्वारा कुख्यात लुटेरों-चोरों के गैंग का भंडाफोड़

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली:** थाना अंबेडकर नगर, दक्षिण जिला की पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए 04 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है - उस्मान उर्फ और साहिल उर्फ दानिश उर्फ़ टैनी (बीसी, पीएस अंबेडकर नगर), गौरव उर्फ कौवा, संदीप उर्फ गोलू (बीसी, पीएस अंबेडकर नगर) और आशिफ उर्फ अनीस उर्फ आशिक को 12.05.2025 को धारा 303(2) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से कुल 23 मोबाइल फोन बरामद किए गए और 10 मामलों का सफल समाधान किया गया।अपराध पर लगाम लगाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर जाल बिछाया गया और अपराधियों की कार्यशैली के बारे में स्टाफ को जानकारी दी गई। लोकल मुखबिरों को सक्रिय किया गया और मानवीय खुफिया जानकारी एकत्र की गई। जमानत/पैरोल पर छूटे अपराधियों पर निगरानी बढ़ाई गई। गश्त के लिए कई टीमें बनाई गई और गश्त को तेज करने के निर्देश दिए। दिनांक 11.05.2025 को प्रधान सिपाही नरेश को गुप्त सूचना मिली कि कुछ कुख्यात स्नैचर्स/चोर चोरी किए गए मोबाइल बेचने के लिए जहापानाह फॉरेस्ट के रास्ते ग्रेटर कैलाश जाएंगे। इस सूचना पर एएसआई पंकज रजौरा, प्रधान सिपाही योगेन्द्र, प्रधान सिपाही नरेश, प्रधान सिपाही राहुल मलिक, सिपाही विकास और सिपाही ओमप्रकाश की टीम बनाई गई, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर मनीष कुमार, एसएचओ थाना अंबेडकर नगर कर रहे थे और संपूर्ण दिशा-निर्देश एसीपी सीआर पार्क दिनेश शर्मा द्वारा दिए गए।

सूचना की पुष्टि के बाद जहापानाह फॉरेस्ट के पास जाल बिछाया गया। चार संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखा गया, एक के पास बैग था। पुलिस को देख वे भागने लगे लेकिन पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। बैग की तलाशी में 23 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सत्यापन में अब तक 10 मोबाइल चोरी के मामलों से जुड़े पाए गए हैं। इन्हें 12.05.2025 को धारा 303(2) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया पूछताछ में पता चला कि ये नशे के आदी हैं और अपने नशे की जरूरत पूरी करने के लिए बसों, बस स्टॉप और बाजारों में मोबाइल चोरी/स्नैचिंग करते थे। चोरी के मोबाइल को इकट्ठा कर उन्हें बेचते थे। आगे की जांच जारी है और शेष 13 मोबाइल की पुष्टि की जा रही है।

## बौद्ध मूल्य शिक्षा प्रणाली का अनिवार्य अंग बनने चाहिए- प्रोफेसर कविता शाह

स्वतंत्र प्रभात





**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के प्रेक्षागृह में राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ तथा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के संयुक्त तत्वावधान में "वैश्विक बौद्ध चिंतन की ऐतिहासिकता एवं समकालीन प्रासंगिकता "विषय पर द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिवस का सफल आयोजन गया। उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका अब केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, चरित्र निर्माण एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में एक सक्रिय भागीदार बन गई है। उन्होंने कहा कि बौद्ध चिंतन को पर्यावरण, तकनीक, नीति निर्माण एवं सामाजिक समरसता से जोड़ने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अहिंसा, करुणा, सहिष्णुता और सम्यक दृष्टि जैसे बौद्ध मूल्य शिक्षा प्रणाली का अनिवार्य अंग बनने चाहिए।

बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. हरीशंकर प्रसाद ने बुद्ध के "टेस्ट ऑफ सॉरो" की व्याख्या करते हुए चार आर्य सत्यों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि बौद्ध दर्शन केवल आस्था नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन के मार्गदर्शन का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर की कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि बौद्ध दर्शन की शिक्षाएँ आज के वैश्विक संघर्षों के समाधान का मार्ग प्रदान कर सकती हैं। उन्होंने करुणा, अहिंसा, मध्यमार्ग और सम्यक विचार जैसे सिद्धांतों की वर्तमान प्रासंगिकता पर बल दिया। विशिष्ट वक्ताओं में डॉ. यशवंत सिंह राठौर, उपनिदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर ने बौद्ध चिंतन को भारतीय ज्ञान परंपरा का अमूल्य हिस्सा बताया। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के माननीय सदस्य श्री तुगेष कुमार ने बुद्ध के "स्वयं को जानो" जैसे विचारों को समकालीन समस्याओं से जोड़ा। राजकीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने पंचशील सिद्धांत एवं अष्टांगिक मार्ग की आधुनिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संस्कृत कॉलेज एवं विश्वविद्यालय, कोलकाता के पूर्व कुलपति प्रो. दिलीप कुमार मोहंता ने कहा कि बुद्ध का मध्यमार्ग एवं सम्यक दृष्टि वर्तमान समय में मानसिक संतुलन एवं स्थायित्व की दिशा प्रदान करते हैं।

संगोष्ठी के संयोजक एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध केंद्र के विशेष कार्याधिकारी प्रो. सुशील कुमार तिवारी ने विषय प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में बौद्ध चिंतन नैतिक दिशा, मानवता एवं सह-अस्तित्व का पथ दर्शाता है। स्वागत उद्बोधन कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. नीता यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सौरभ ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवम शुक्ल द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में भारत, नेपाल एवं श्रीलंका सहित विभिन्न देशों से आए लगभग 100 विद्वानों एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकएवं छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं- सीडीओ



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर खास स्थित पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वावधान में ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीडीओ जयेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन डॉ पवन मिश्रा ने क्षेत्र के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा मेडिकल और इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कुल तीस विद्यार्थियों को सम्मानित किया और नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ ने मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। सही मार्गदर्शन और मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा। सीडीओ ने पंचायत भवन में नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं युवाओं को डिजिटल सेवाओं और शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में असीम प्रतिभाएं हैं। सही मार्गदर्शन और पढ़ाई सुविधा मिलने पर वे आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान रमवापुर खास व ब्लॉक अध्यक्ष ज़फर आलम ने क्षेत्र के डा. मोहम्मद जाहिद और डा. अभिषेक कुमार सहित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले आदित्य, निधि चौधरी, मनीता, उजमा खातून, कमलेश चौधरी, आकाश यादव,अमित पटेल, अजीमुल्लाह, आमिर खान, दिव्या गुप्ता, शमा परवीन और चंदा समेत 30 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मान दिलाने में महती भूमिका निभाई। इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम, पूर्व प्रधान अब्दुर्रहमान, एडीओ पंचायत राम बेलास, फिरोज आलम, मुस्तन शेरुल्लाह, अनिल मिश्रा, चन्द्र मोहन चौधरी, चन्दन गिरी, राजेश यादव, अभिनेश कुमार, राजेश चौरसिया और विजय बहादुर, निजाम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी पीछे रह गए साथियों को मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाएं-कलेक्टर

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल** सफलता के लिए समय का उपयोग स्वअनुशासन, व्यक्तित्व विकास तथा कर्मशीलता आवश्यक है-पुलिस अधीक्षक बोर्ड परीक्षा में जिले की मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का जिला प्रशासन द्वारा किया गया सम्मान माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री स्कूल परीक्षा में कक्षा 10 एवं कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले भर के विभिन्न विद्यालयों के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों का जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर डॉ केदार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूलसिंह मारपाची, एपीसी श्री अरविंद कुमार पाण्डेय, संजय पाण्डेय द्वारा सम्मान किया गया। मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थी पीछे रह गए साथियों को मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाएं। आपने कहा कि जिस निष्ठा और ईमानदारी से मेहनत करके आप लोगों ने सफलता पाई है उसे आगे भी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होनें शिक्षकों से आग्रह किया कि वे सदैव बच्चों के सम्पर्क में रहे तथा उनका मार्गदर्शन करते रहें। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करें, साथ ही उनकी कठिनाईयों का भी निराकरण करें। विद्यार्थी एवं शिक्षक सदैव अगले दिन पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की तैयारी करके जाएं सफलता अवश्य मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि कक्षा 12वीं तक बच्चें अभिभावकों के संरक्षण में रहते हैं। उच्च शिक्षा बाहर रहकर प्राप्त करनी होती हैं। तब अभिभावकों का संरक्षण नहीं मिल पाता है। ऐसी परिस्थिति में लक्ष्य बनाकर समय का सदुपयोग करने के लिए टाईम टेबिल बनाएं, स्वमूल्यांकन करें तथा समय का बेहतर उपयोग करना सीखें। आपने कहा कि यह समय चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण तथा स्वअनुशासन का होता है। अपनी रूचि के अनुसार विषय का चयन करें तथा पढ़ाई के बाद ज्ञान का विश्लेषण अवश्य करें। इस अवसर पर जिले की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सम्रद्धि पाण्डेय विवेकानन्द पब्लिक स्कूल शहडोल, कमलेश गुप्ता एवं आशीष सोनी ज्ञानोदय हायर सेकेन्ड्री स्कूल शहडोल, मोहित सोनी सरस्वती स्कूल बुढ़ार, सौम्या गुप्ता, पुष्पेन्द्र अहिरवार संदीपनी स्कूल जयसिंहनगर, ज्ञानू कुशवाहा एवं अनामिका नायक संदीपनी स्कूल छतवई, माधुरी टांडिया सेन्ट्रल अकादमी शहडोल, अंशिका गुप्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर, अब्दुल कादिर उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल, भारती कुशवाहा सरस्वती विद्यालय ब्यौहारी, रोहित कुमार बारबा सरस्वती स्कूल ब्यौहारी, आस्था केशरी टाईम पब्लिक स्कूल शहडोल, राशि परचानी एवं ओम गुप्ता भारत माता स्कूल शहडोल, दुर्गा सिंह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलई सहित अन्य मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, अशासकीय विद्यालयों के संचालक, सीएम राईज स्कूल की प्राचार्य अर्चना खरे, गोपाल निगम सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# आईजीएनटीयू, आरटीआई को अड़चन मान रही है

**● ( छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका मांगना पड़ा मंहगा )**

**( झूठी शिकायत करने पर आमादा विश्वविद्यालय प्रबंधन )**



स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल, अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) अमरकंटक में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 और आवेदकों को मनगढ़ंत जवाब दिए जाने का गंभीर उल्लंघन सामने आया है, धारा 4 जिसके तहत प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण को अपने कार्यों, निर्णय प्रक्रियाओं, बजट और व्यय से जुड़ी जानकारियां स्वेच्छा से सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराना अनिवार्य है। किंतु विश्वविद्यालय द्वारा न तो अपनी वेबसाइट पर अद्यतन सूचनाएं अपलोड की जा रही हैं और न ही समितियों के गठन, भर्ती प्रक्रिया, पर्चेज कमेटी के निर्णयों, या अन्य प्रशासनिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी पूर्ण पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, छात्र और शोधार्थियों द्वारा मांगी गई आरटीआई सूचनाएं या तो गोपनीय बताकर रोकी जा रही हैं या जानबूझकर लंबित रखी जा रही हैं, जिससे विश्वविद्यालय की जवाबदेही और पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं, वर्तमान में प्रभारी कुलपति और उनके दो खासमखास प्रोफेसर एग्जीक्यूटिव काउंसिल की अनुमति के लिए दिल्ली दौड़ लगाने में व्यस्त हैं ताकि अनुमति मिलते ही मनमानी का दायरा बढ़ा के विश्वविद्यालय की अमानत में खयानत की जा सके, सीसी टीव्ही कैमरे की खरीद आदि में भी गड़बड़ियों की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है।

**(भ्रष्टाचार छुपाने आधिकारिक चुप्पियों का सहारा)**

विश्वविद्यालय के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी को भेजे गए कुछ आरटीआई आवेदनों में वर्ष 2020 से 2025 के बीच विश्वविद्यालय की पर्चेज कमेटी की बैठकों, खर्चों के ब्योरे, डॉ. अम्बेडकर चेयर के वित्तीय उपयोग, तथा आरईटी- 2024--25 परीक्षा की कार्यप्रणाली से जुड़ी कई सूचनाएं मांगी गई थीं। साथ ही आरईटी 2016 से 18 तक के बीच गोवा पड़जी मे बनाए गए परीक्षा केंद्र और परीक्षक की जानकारी चाही गई। परंतु नियमानुसार 30 दिन के भीतर सूचना देने के बजाय विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी जानकारियों को गोपनीय बता के सूचना देने से मना कर दिया जो कि आरटीआई अधिनियमों के पूरी तरह विपरीत है।

**(आनन-फानन में गठित की गई कमेटी)**

सूत्रों की मानें तो पूर्व छात्र रवि त्रिपाठी, सहित तमाम छात्रों के आरटीआई आवेदन, प्रधानमंत्री कार्यालय मे की गई शिकायतों आदि से विश्वविद्यालय प्रशासन का वह तबका जिसकी स्पष्ट संलिप्तता आरईटी 2024-25 के फर्जीवाड़े, पर्चेज कमेटी के संदिग्ध खरीद-फरोख्त, अंबेडकर चेयर आदि जैसे मामले के निष्पक्ष जांच से लगभग तय है कि फंस जाएंगे! ऐसे सभी संलिप्त लोगों ने आनन-फानन मे एक कमेटी बना के मामले से अंजान एक महिला डीन से जबरदस्ती शिकायत दिलाए हैं कि विश्वविद्यालय की छवि धूमिल की जा रही है, जबकि शिकायत में छात्रों का साफ कहना है कि निष्पक्ष जांच करी जाए, जिस पर विश्वविद्यालय प्रबंधन आनाकानी कर रहा है, निष्पक्ष पारदर्शी जांच के नाम से प्रभारी कुलपति, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, आरईटी समन्वयक सहित सभी का गला सूख जाता है।

छात्रों ने एक-एक कर के सभी काग़ज़ पब्लिक डोमेन में सभी के लिए उपलब्ध करा दिएं, तब आरईटी समन्वयक और छात्र कल्याण अधिष्ठाता के अप्रत्यक्ष संरक्षण में अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के पास फर्जी शिकायत कराने की योजना बनाई गई है। लेकिन छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ऐसी हरकतों के संबंध में साक्ष्य सहित पहले पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश और पुलिस कमिश्नर शहडोल को सूचनार्थ पत्र प्रेषित कर दिया था, बीते दिनों पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को भी साक्ष्य सहित पत्र प्रेषित कर दिए गए थें। आरईटी 2024-25 के संबंध मे छात्रों के पास करीब 20-25 ऐसे नामों की सूची है जो आरईटी समन्वयक और छात्र कल्याण अधिष्ठाता के करीबी हैं वहीं कुछ प्रोफेसर्स के नजदीकी रिश्तेदार हैं! इन्ही सब की जांच से बचने के लिए फर्जी स्तरहीन शिकायत का प्रपंच किया जा रहा है।

**(आरटीआई की धारा 4 का भी उल्लंघन)**

ऐसा आज से नहीं वर्षों से चल रहा है, हाल यह हैं की विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट जो की आरटीआई की धारा 4 के अंतर्गत विश्वविद्यालय प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में आती है, उसमे भी भ्रमित, झूठी, अप्रमाणित और पूरानी जानकारी अपलोड कर के रखी जाती है। ताकि छात्रों और अभिभावकों के ज्यादा से ज्यादा भ्रम की स्थिति बनी रहे, वें परेशान होते रहें।आवेदनों पर प्रतिक्रिया शून्य और आरटीआई की धारा 8जे आदि का दुरुपयोग कर के आवेदन को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जाती है (सूचना की जगह सिफारिशें और दबाव) सूत्रों की मानें तो आरटीआई आवेदकों को अक्सर विभागीय कर्मचारियों या 'मध्यस्थों' के माध्यम से यह सुझाव दिया जाता है कि वे अपना आवेदन वापस लें या मामले को 'शांत' कर लें। आवेदक पर व्यक्तिगत स्तर पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाने और कथित तौर पर सेटलमेंट के सुझाव तक दिए जाते हैं, जो न केवल आरटीआई अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि संगठित प्रशासनिक भ्रष्टाचार का संकेत भी है।

**(10 वर्षो से पदस्थ अधिकारी और बढ़ती संपत्ति)**

विश्वविद्यालय में कुछ अधिकारी एवं विभाग प्रमुख ऐसे हैं जो एक ही जगह पर वर्षों से जमे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, इन पदस्थ अधिकारियों की व्यक्तिगत संपत्ति में अचानक और असामान्य वृद्धि देखी गई है। जमीन, मकान, वाहन और अन्य चल-अचल संपत्ति की स्थिति अब करोड़ों रुपये के पार पहुंचने का अनुमान है, यह स्थिति संदेह उत्पन्न करती है और एक स्वतंत्र जांच का आधार बनती है।

**(जवाबदेही तय हो, निष्पक्ष जांच की मांग)**

यह स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय के कुछ विभाग आरटीआई से बचने के लिए या तो रिकॉर्ड छिपा रहे हैं या फिर जवाब देने की स्थिति में ही नहीं हैं। ऐसे में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और सूचना आयोग को जल्द से जल्द संज्ञान मे लेकर मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। साथ ही, वर्षों से जमे अधिकारियों के कार्यकाल, पदस्थापन और संपत्ति की उच्चस्तरीय जांच भी आवश्यकता है, क्योंकि विश्वविद्यालय की समितियों में करोड़ों रुपए का फंड आता है इनकी निकासी मनमाने तौर पर चलती रहती है, यहां कोई सुध लेने वाला नहीं होता, जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और कुल संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक किया जा सकता है तो आईजीएनटीयू के मलाईदार कमेटियों के चेयरमैन, एवं सभी प्रोफेसर्स का क्यों नहीं किया जा सकता है।

**(सभी आवेदन छात्रहित-जनहित के रहते हैं)**

वहीं छात्र रवि त्रिपाठी सहित सभी छात्रों का कहना है कि आईजीएनटीयू के लोक सूचना विभाग में लगभग सभी आवेदन छात्रहित और जनहित के रहते हैं, लेकिन यहां लोक सूचना अधिकारी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता की कार्यशैली छात्र विरोधी ज्ञात होती है। आवेदनों पर प्रतिक्रिया शून्य और आरटीआई की धारा 8जे वन आदि का दुरुपयोग कर के आवेदन को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जाती है। ऐसे में संबंधित लोक सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की जिम्मेदारी बनती है कि आवेदक के हितार्थ आरटीआई कानून के दायरे में रहते हुए चाही गई सूचना संस्थान से उपलब्ध कराएं। यहां सब मिले हुए हैं और जो मिला नहीं है वो डरा हुआ है। नियम-कानून ताक पर हैं।

**(इनका कहना है)** छात्रों से आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित विभागों से सूचना मंगाया गया है, वें समय पर या नियमानुसार सूचना नहीं देते इसमें मै कुछ नहीं कर सकता, आवेदक आगे अपीलीय प्रकिया करे। प्रो. आलोक पण्डया (प्रथम अपीलीय प्राधिकारी आईजीएनटीयू अमरकंटक)

# बिहार के राज्यपाल के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** तथागत गौतम बुद्ध के आविर्भाव दिवस, बौद्धोत्सव, महापरिनिर्वाण (त्रिविध) दिवस पर समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति मथुरा के तत्वावधान में अजय सनवाल के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि बोधगया महाविहार पर बौद्धों का स्थाई रूप से अधिकार तय किया जाए। सात सूत्रीय खुला मांग पत्र राज्यपाल बिहार एवं मुख्यमंत्री बिहार के नाम उपजिलाधिकारी डा. कंचन गुप्ता को सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान हाथों में बोधगया मुक्ति बोधगया बचाओ अनुच्छेद 25 का पालन करने की मांग के स्लोगन लिखी तख्ती लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर रमेश सैनी एवं महासचिव नरेश चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार सरकार बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त करें और महाबोधि विहार को अन्य धर्म के अनुयायी की बात अनुच्छेद 25 का पालन करते हुए बौद्धों को महाबोधि विहार का अधिकार सौंपा जाए। लुकेश कुमार राही ने कहा देश कि राज्य एवं केंद्र सरकार धार्मिक आजादी का उल्लंघन करवा रही है और सांप्रदायिक ताकतों को संरक्षण कर रही है। आंदोलन जारी रहेगा देश विदेश में महाबोध बिहार की मुक्ति के लिए आंदोलन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान धनीराम बाबा प्रधान, बृजलाल कामरेड, नरेश चौधरी,हरेंद्र कुमार बंटी, उमेश पाल बौद्ध, एसएन भारती, नरेश, बैजू वाल्मीकि, आकाश बाबू, राजू, पुष्पेंद्र शुक्ला, इंजी गौरव कुमार, एड विवेक कुमार, राज गब्बर, विजय कुमार, गोलू, हीरा चक्रवर्ती, राहुल सैनी, मुकेश सैनी अन्य लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।